नई दिल्ली
शनिवार, 16 मार्च 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 27, अंक : 341
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 13

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 दीपिका के पांच गोल, हरियाणा ने असम को 15-0 से दी शिकस्त

## मप्र टूरिज्म उक्त गंतव्यों के डॉजियर पर करेगा काम, स्थायी सूची में शामिल कराने के होंगे प्रयास

# मध्य प्रदेश की 'छह ऐतिहासिक' धरोहरें यूनेस्को अस्थायी सूची में शामिल, इनमें भोजपुर मंदिर भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


अच्छी खबर

संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने मध्य प्रदेश के छह दर्शनीय स्थलों को अपनी अस्थायी सूची में शामिल किया है। ये दर्शनीय स्थल ग्वालियर किला, धमनार का ऐतिहासिक समूह, भोजेश्वर महादेव मंदिर-भोजपुर, चंबल घाटी के रॉक कला स्थल, कुंडी भंडारा, बुरहानपुर एवं रामनगर और मंडला का गोंड स्मारक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की महान संस्कृति एवं सभ्यता विश्व पटल पर भी प्रतिष्ठित हो रही है। यूनेस्को के विश्व हेरिटेज सेंटर ▶▶ शेष पेज 5 पर

**1** प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी पहचान पर्यटन भी बढ़ेगा


**2** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की महान संस्कृति एवं सभ्यता विश्व पटल पर भी प्रतिष्ठित हो रही है। इस गौरव के क्षण के लिए प्रदेशवासियों को बधाई





### अब इन गंतव्यों को लेकर जागरूकता बढ़ेगी : शुक्ला

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के लिए यह गौरव विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों एवं संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रयास किए जा रहे हैं। सूची में नाम आने से गंतव्यों ▶▶ शेष पेज 5 पर




Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## आई चुनावी बेला : दिल्ली में चुनाव आयोग करेगा प्रेस कॉन्फ्रेंस

# आज दोपहर 3 बजे चुनाव तारीखों का ऐलान... आचार संहिता भी लागू होगी

**वर्तमान में निर्वाचन आयोग का नेतृत्व राजीव कुमार कर रहे हैं। इनके अलावा दो नए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने भी अपना कार्यभार संभाल लिया है।**

संभावना जताई जा रही है कि इस बार लोकसभा चुनाव का आयोजन 6 से 7 चरण में कराया जा सकता है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव का आगाज अब जल्द ही होने जा रहा है। चुनाव आयोग की ओर से शनिवार 16 मार्च की तारीख को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन होने जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, आम चुनाव 2024 और कुछ राज्य विधानसभाओं के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस शनिवार को दोपहर 3 बजे आयोजित की जाएगी। इसे चुनाव आयोग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइवस्ट्रीम किया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि इस बार लोकसभा चुनाव का आयोजन 6 से 7 चरण में कराया जा सकता है। बता दें कि चुनाव तारीखों की घोषणा होने के साथ ही पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी।

आम चुनाव 2024 और कुछ राज्य विधानसभाओं के कार्यक्रम की घोषणा होगी

चुनाव आयोग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइवस्ट्रीम किया जाएगा



नए चुनाव आयुक्तों ने संभाला कार्यभार

वर्तमान में निर्वाचन आयोग का नेतृत्व राजीव कुमार कर रहे हैं। इनके अलावा दो नए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने भी अपना कार्यभार संभाल लिया है। देशभर में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। इस बीच निर्वाचन आयोग के आयुक्तों के पद के खाली होने के बाद केंद्र सरकार पर विपक्ष लगातार हमले कर रहा था।

### 2019 में कब-कब हुई थी वोटिंग?

2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो चुनाव आयोग ने 10 मार्च, 2019 को चुनाव की तारीखों की घोषणा की थी। चुनाव आयोग द्वारा 7 चरणों में 2019 के चुनाव कराए जाने की घोषणा की गई थी। ये चुनाव 11 अप्रैल से 19 मई तक चले थे। सभी चरणों की वोटों की गिनती एक साथ 23 मई को हुई थी।

### आचार संहिता की शुरुआत कब हुई?

आदर्श आचार संहिता की शुरुआत सबसे पहले 1960 में केरल विधानसभा चुनाव में हुई थी, जिसमें बताया गया कि उम्मीदवार क्या कर सकता है और क्या नहीं? चुनाव आयोग ने 1962 के लोकसभा चुनाव में पहली बार इसके बारे में सभी राजनीतिक दलों को अवगत कराया था। 1967 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों से आचार संहिता की व्यवस्था लागू हुई। तब से अब तक नियमित इसका पालन हो रहा है। हालांकि, समय-समय पर इसके दिशा-निर्देशों में बदलाव होता रहा है।

### इन कार्यों पर नहीं रहती पाबंदी?

आचार संहिता लगने से पहले जिस सरकारी योजना पर काम शुरू हो गया है। वो आचार संहिता लागू होने के बावजूद जारी रहती हैं। जिन योजनाओं में आचार संहिता लागू होने से पहले किसे लाभ मिलेगा, इसकी पहचान हो गई हो, वो योजनाएं चालू रहेंगी। वहीं पहले से चल रही मनरेगा जैसी योजनाएं जारी रहती हैं। जिन नई योजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है और उसके लिए राशि भी स्वीकृत हो चुकी हो तो वो चलती रहेंगी। ड्राइविंग लाइसेंस, जाति-निवास प्रमाण पत्र, जमीन की रजिस्ट्री जैसे काम आचार संहित के दौरान भी जारी रहते हैं।

## इलेक्टोरल बॉन्ड के नंबर्स से दानदाता और राजनीतिक पार्टियों के बीच का 'लिंक' पता चल सकेगा

# इलेक्टोरल बॉन्ड नंबर जारी न करने पर सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से मांगा जवाब, 18 मार्च तक का समय

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर शीर्ष अदालत को सौंपे गए चुनावी बॉन्ड पर सीलबंद लिफाफे वापस करने की मांग की

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि डेटा को स्कैन और डिजिटलीकरण किया जा रहा है, इसमें एक दिन का समय लग सकता है। जैसे ही पूरा डेटा स्कैन हो जाएगा, तो मूल डेटा को चुनाव आयोग को वापस कर दिया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर शीर्ष अदालत को सौंपे गए चुनावी बॉन्ड पर सीलबंद लिफाफे वापस करने की मांग की थी।

याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से पूछा कि उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड के नंबर्स क्यों जारी नहीं किए, जिनसे दानदाता और राजनीतिक पार्टियों के बीच का लिंक पता चल सके। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च तक एसबीआई से इस मामले पर जवाब मांगा है। चुनाव आयोग के सीलबंद लिफाफे वापस करने की मांग पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि डेटा को स्कैन और डिजिटलीकरण किया जा रहा है, इसमें एक दिन का समय लग सकता है। जैसे ही पूरा डेटा स्कैन हो जाएगा, तो मूल डेटा को चुनाव ▶▶ शेष पेज 5 पर



### स्टेट बैंक ने पूरी जानकारी नहीं दी

चीफ जस्टिस ने कहा कि संविधान पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि एसबीआई को चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी, उन्हें कैश करने वाले राजनीतिक दल की जानकारी, चुनावी बॉन्ड खरीद की तारीख, चुनावी बॉन्ड खरीदने वाले यानी दानदाता की जानकारी और चुनावी बॉन्ड खरीद की तारीख और उन्हें कैश करने की तारीख की पूरी जानकारी देनी थी, लेकिन एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड के यूनिक अल्फा न्यूमेरिक नंबर की जानकारी नहीं दी है।

## खबर संक्षेप

### आईआईएससी बैंगलोर गेट का आज रिजल्ट

**नई दिल्ली।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलोर ने गेट 2024 का आज रिजल्ट आएगा। रिजल्ट से पहले गेट परीक्षा का फाइन आंसर-की 2024 जारी कर दी गई है। भाग लेने वाले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट से आंसर-की चेक और डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड के लिए लॉगिन नामांकन आईडी और पासवर्ड की आवश्यकता होगी। इस साल फरवरी में गेट की परीक्षा हुई थी। इस बार परीक्षा कुल 30 पेपरों के लिए हुई थी। रिजल्ट जारी होने का समय नहीं बताया गया है।




### पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आज से बंदिशें लागू

**नई दिल्ली।** पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की ओर से की गई 15 मार्च तक की मोहलत खत्म हो गई है। अब कार्रवाई के तहत लगी बंदिशें आज से लागू हो जाएंगी। यूपीआई भुगतान की सेवाएं जैसे रिचार्च, बिलों का भुगतान कर सकेंगे। लेकिन फास्टैग कार्ड का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। इसके रिचार्ज कराने पर पूर्व में ही रोक लग चुकी है। बचे हुए बैलेंस को 15 मार्च तक इस्तेमाल कर लेने की छूट दी गई थी।




## शुक्रवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ी

# अमिताभ की एंजियोप्लास्टी, 4 घंटे में कोकिलाबेन से छुट्टी भी

ये एंजियोप्लास्टी किसी दिल के मर्ज के कारण नहीं बल्कि पैर में हुए ब्लड क्लॉट की वजह से हुई



एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता अमिताभ बच्चन को शुक्रवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि इसके बाद उनकी एंजियोप्लास्टी की गई है। 4 घंटे बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई। अस्पताल के हवाले से बताया जा रहा है कि बिग बी की ये एंजियोप्लास्टी किसी दिल के मर्ज के कारण नहीं बल्कि पैर में हुए ब्लड क्लॉट की वजह से हुई है। बीती शाम ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 18 मार्च को होगी सीईसी की बैठक

# खरगे ने मप्र कांग्रेस से मांगे 18 सीटों पर 'सिंगल' नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



दिल्ली में शुक्रवार को होने वाली कांग्रेस की सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की मीटिंग टल गई है। अब यह मीटिंग 18 मार्च को आयोजित होगी।

बैठक से पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मप्र की बाकी 18 लोकसभा सीटों के लिए सिंगल नाम मांगे हैं। प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी मंथन कर सिंगल नाम भेजेगी। मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रही है। अब तक कांग्रेस ने प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, जबकि 18 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान होना बाकी है। कांग्रेस ने प्रदेश की ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पानी के अंदर भा रहा मेट्रो का 'सफर'



### पीएम मोदी ने किया था उद्घाटन

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में पानी के अंदर चलने वाली भारत की पहली मेट्रो ट्रेन का संचालन जनता के लिए शुरू हो गया है। लोगों ने क्यूआर कोड वाले टिकट लेकर यात्रा करना प्रारंभ कर दिया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 मार्च को कोलकाता मेट्रो के पूर्व-पश्चिम कॉरीडोर के हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड सेक्शन का उद्घाटन किया था।

## लापता हुई मृतक की बेटी ने दादा को वॉइस मैसेज भेजा तब खुलासा हुआ

# रेलवेकर्मी और 8 साल के बेटे को मारकर फ्रिज में डाला, 14 साल की बेटी भी लापता

### शव पर धारदार हथियार के निशान मिले

बताया गया है कि सितंबर 2023 में मुकुल के खिलाफ छेड़खानी की शिकायत की गई थी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कुछ दिन पहले ही वह जमानत पर बाहर आया है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

यहां रेलवे कर्मचारी और उनके बेटे का शव लहूलुहान हालत में रेलवे क्वार्टर में मिला है। आरोपियों ने बेटे को मारकर शव फ्रिज में डाल दिया। उनकी 14 साल की बेटी लापता है। दोनों के शव पर धारदार हथियार के निशान हैं।

मौके पर एसपी आदित्य प्रताप सिंह, एएसपी प्रियंका शुक्ला पहुंचे। वारदात शुक्रवार शाम की है। राजकुमार विश्वकर्मा (52) मूलतः पिपरिया के रहने वाले हैं। वह जबलपुर में रेलवे कॉलोनी में रहते थे। वह यहां बेटी आर्या (14) और बेटे तनिष्क (8) के साथ मिलेनियम कॉलोनी स्थित रेलवे क्वार्टर में फर्स्ट फ्लोर ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सरकार ने नई ईवी नीति को दी मंजूरी, आयातित इलेक्ट्रिक कारों पर टैक्स में की कटौती

### यह नीति भारतीय उपभोक्ताओं को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी तक पहुंच प्रदान करेगी, 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देगी

# इच्छुक कंपनियों को प्लांट लगाना होगा, कार में 35 फीसदी स्थानीय कंपोनेंट लगाने ही होंगे

**यह नीति ईवी निर्माताओं को एक वर्ष में अधिकतम 8,000 इलेक्ट्रिक कारों को भारत लाने की अनुमति देती है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने देश को इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में बढ़ावा देने के लिए एक ई-वाहन नीति को मंजूरी दी है। इस नीति के तहत, इच्छुक कंपनियों को भारत में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट (विनिर्माण सुविधा) स्थापित करनी होगी। जिसके लिए न्यूनतम निवेश 4150 करोड़ ▶▶ शेष पेज 5 पर



### ये है टैक्स से जुड़ी जरूरी बातें

1. **इन कार निर्माताओं** द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों पर आयात शुल्क घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया जाएगा। बशर्ते उनकी कीमत 35,000 डॉलर (लगभग 29 लाख रुपए) से ज्यादा न हो।
2. **इस समय, केंद्र सरकार** भारत में लाई जाने वाली इलेक्ट्रिक कारों पर 70 से 100 प्रतिशत तक का इंपोर्ट टैक्स (आयात कर) लगाती है। मंत्रालय के अनुसार, यह नीति भारतीय उपभोक्ताओं को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी तक पहुंच प्रदान करेगी, मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देगी, ईवी निर्माताओं के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर ईवी ईकोसिस्टम को मजबूत करेगी। जिसकी वजह से उच्च उत्पादन मात्रा, पैमाने की अर्थव्यवस्थाएं, उत्पादन लागत में कमी, कच्चे तेल के आयात में कमी, व्यापार घाटे में कमी, खासकर शहरों में वायु प्रदूषण में कमी होगी और स्वास्थ्य और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# 'राजधानी में यातायात अव्यवस्था, रोजाना लगभग 80 पुरानी बसें होती हैं खराब'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सड़कों पर यह एक बेहद सामान्य दृश्य है : दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की एक जर्जर बस राजधानी में बने कई फ्लाईओवर में से एक पर चढ़ने के लिए संघर्ष करती दिखाई देती है।

फ्लाईओवर के ऊपर पहुंचने से पहले, बस आखिरी बार पूरी ताकत लगाती है और फिर रुक जाती है। रुकी हुई बस के कारण सड़क की एक लेन - कभी-कभी डेढ़ लेन - अवरुद्ध हो जाती है और यातायात जाम हो जाता है। इस समस्या का लोगों को दिल्ली में लगभग प्रतिदिन सामना करना पड़ता है। दिल्ली की यातायात पुलिस से प्राप्त आंकड़ों से पता चला है कि जुलाई 2022 से जून 2023 के बीच दिल्ली में हर दिन डीटीसी या क्लस्टर सेवा की औसतन 79 बस खराब हुईं तथा इस समस्या का समाधान करने में करीब 40 मिनट का समय भी लगा।

## लोगों ने बताई परेशानी

इंद्रप्रस्थ एक्सटेंशन में रहने वाले राजेश विश्वकर्मा रोजाना कनॉट प्लेस स्थित अपने कार्यालय आते-जाते हैं। इस स्थिति से तंग आकर वह कहते हैं कि वह अक्सर विकास मार्ग पर बसों में खराबी का सामना करते हैं, जो यमुना ब्रिज से होते हुए आईटीओ तक जाती हैं। राजेश विश्वकर्मा ने कहा कि स्थिति तब और बदतर हो जाती है जब सुबह या शाम के व्यस्त समय में कोई बस खराब हो जाती है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि सीएनजी से चलने वाली इन बस की समय-सीमा समाप्त होने वाली है और इन्हें चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा तथा जल्द ही इनकी जगह नई इलेक्ट्रिक बस के बेड़ों को सड़कों पर उतारा जाएगा, जिससे उम्मीद है कि शहर में यातायात जाम कम हो जाएगा। बीच रास्ते में बस खराब होने की समस्या से दिल्ली की यातायात पुलिस के अधिकारी भी खासे परेशान हैं, जो नियमित रूप से बस के खराब होने के कारण प्रभावित यातायात के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं। इस समस्या से परेशान अमिति दवे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर दिल्ली की यातायात पुलिस के एक पोस्ट का जवाब देते हुए कहा कि हाल ही में आईआईटी और नई दिल्ली के बीच बाहरी रिंग रोड पर एक बस रुकने के बाद वह डेढ़ घंटे तक आईआईटी फ्लाईओवर के पास यातायात जाम में फंसी रहीं। बस के बीच सड़क पर खराब होने के कारण लोगों को कई घंटों तक असुविधा होती है, क्योंकि दिल्ली में अधिकांश फ्लाईओवर और सड़कें दो लेन की हैं।

### यातायात पुलिस ने जारी किए आंकड़े



सड़क पर खराब बस। फाइल फोटो : पीटीआई

## वाहनों की कतार से सड़क अवरुद्ध हो जाती

एक लेन अवरुद्ध होने से, हॉर्न बजाने वाली कारों, टेम्पो, ऑटोरिक्शा, मोटरसाइकिलों और अन्य सभी प्रकार के वाहनों की कतार से सड़क अवरुद्ध हो जाती है। इस परेशानी से अधीर होकर कई वाहन चालक एक-दूसरे का रास्ता काटकर आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, जिससे जाम की स्थिति और भी बुरी हो जाती है। अक्सर बस चलते समय खराब हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप यातायात लगभग पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है और अधिक अव्यवस्था होती है। पुलिस उपायुक्त (यातायात) एस के सिंह ने बताया कि किसी बस के खराब होने के दौरान पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके कारण लगने वाला भारी यातायात जाम है। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि चूंकि, इन बस को क्रेन से नहीं खींचा जा सकता, इसलिए हमें परिवहन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई ब्रेकडाउन वैन पर निर्भर रहना पड़ता है। उसी मार्ग पर यातायात जाम के कारण इन वैन को घटनास्थल तक पहुंचने में भी चुनौती का सामना करना पड़ता है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि जब कोई बस खराब हो जाती है, तो उसे तुरंत हटाया नहीं जा सकता या किनारे पर नहीं लगाया जा सकता, जब तक कि मैकेनिक उपलब्ध न हों। अधिकारी बस के बार-बार खराब होने के लिए उनकी समय-सीमा को जिम्मेदार मानते हैं।

## अपनी सेवानिवृत्ति से काफी आगे निकल चुकी हैं कई बसें

दिल्ली परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि ये बसें 10 से 12 साल पुरानी हैं। मानवीय दृष्टि से, वे अपनी सेवानिवृत्ति से काफी आगे निकल चुकी हैं। ये युद्ध के हमारे बूढ़े हो चुके घोड़े हैं जिन्होंने टूट-फूट से संघर्ष किया है। वे अक्सर अपनी क्षमता से अधिक यात्रियों को लेकर ऊबड़-खाबड़ सड़कों पर यात्रा करती हैं। दिल्ली परिवहन निगम के पास 7,582 बस का बेड़ा है। इनमें से 2,644 बस को 2007 और 2010 के बीच राज्य के स्वामित्व वाले सार्वजनिक ट्रांसपोर्टर द्वारा खरीदा गया था। डीटीसी और क्लस्टर बसों में हर दिन 41 लाख से अधिक लोग यात्रा करते हैं, जिससे वे एनसीआर के कई निवासियों के लिए आवागमन का सबसे महत्वपूर्ण साधन बन जाती हैं। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि दिल्ली सरकार उन बसों को चरणबद्ध तरीके से हटा रही है और अगले साल तक 80 प्रतिशत बस इलेक्ट्रिक होंगी। कैलाश गहलोत ने कहा कि डीटीसी बसों का बेड़ा पुराना है और हम इलेक्ट्रिक बसें शुरू करके पुरानी बसों को हटाने की दिशा में काम कर रहे हैं। हमने अब तक 1650 इलेक्ट्रिक बस को बेड़े में शामिल किया है,और अगले साल तक 80 प्रतिशत बस इलेक्ट्रिक होंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम परिवहन में स्थिरता की ओर बढ़ रहे हैं। मैंने बार-बार डीटीसी को बस खराब होने से संबंधित शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर हल करने के निर्देश जारी किए हैं।

### अशोक विहार: पेपर ट्रेडर के घर में दिया था वारदात को अंजाम

# दो करोड़ की डकैती : बांग्लादेशी सहित दो बदमाश मुठभेड़ में धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अशोक विहार में एक पेपर ट्रेडर के घर में घुसकर हथियारों के बल पर दो करोड़ रुपये नकदी व करीब एक करोड़ कीमत की जूलरी लूट के मामले में शामिल दो बदमाशों को क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इनमें एक बदमाश बांग्लादेशी है। उसके पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ में दोनों तरफ से कुल छह राउंड गोलियां चली। इनसे एक पिस्टल और एक कट्टा बरामद हुआ।

एडिशनल सीपी संजय भाटिया के मुताबिक, हवलदार विनोद कुमार की सूचना पर इंस्पेक्टर अक्षय कुमार की टीम ने गुरुवार देर रात धुलसिरस गांव, द्वारका के पास मिराज व उसके साथी को रुकने का इशारा किया। दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। मिराज की पिस्टल से दो गोलियां चली। एक गोली इंस्पेक्टर की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगी। जबकि पुलिस की गोली बांग्लादेशी बदमाश मिराज उर्फ मेहराज के पैर में लगी। फायरिंग में एक हवलदार भी बाल बाल बचा। दूसरे बदमाश का नाम साहिद है। मिराज लूटपाट, डकैती और आर्म्स एक्ट के पांच मामलों में शामिल रहा है। सात मई 2023 की तड़के करीब पांच बजे दोनों बदमाश अपने तीन अन्य साथियों के साथ अशोक विहार में रहने वाले कारोबारी के घर में घुस गए थे। कारोबारी, उनके माता-पिता, पत्नी, बहन और बच्चे उस समय गहरी नींद में सो रहे थे। तीन बदमाशों के पास हथियार थे जबकि दो चाकू से लैस थे। भूतल पर खिड़की की ग्रिल काटकर बदमाश इमारत में घुस थे। परिवार को गन प्वाइंट पर लेकर उन्होंने जमकर लूटपाट की थी। भागने से पहले बदमाश कारोबारी के पूरे परिवार को एक कमरे में बंद कर बाहर से ताला जड़ गये थे। बदमाश सभी के मोबाइल फोन व कैमरे की डीवीआर अपने साथ लेकर भागे थे। करीब तीन माह तक स्थानीय पुलिस को कोई सुराग नहीं मिलने पर केस को क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर किया गया था। इसके साथ ही पुलिस आयुक्त ने सभी बदमाशों पर दो-दो लाख का इनाम घोषित किया था। उसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने पिछले साल अगस्त में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया था। दो फरार चल रहे थे।



## काला जठेड़ी गिरोह के तीन शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले की एंटी आर्गेनाइज्ड क्राइम टीम ने रिठाला इलाके से काला जठेड़ी गिरोह के तीन शार्प शूटरों को पकड़ा है। इनके पास से दो पिस्टल, सात कारतूस व एक स्कूटी बरामद हुई है। बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के मकसद से रिठाला गांव के एक मकान में छिपे हुये थे।डीसीपी गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि 13 मार्च को जानकारी मिली थी कि काला जठेड़ी गिरोह के तीन बदमाश किसी अपराध को अंजाम देने के लिए रिठाला गांव में छिपे है। इसके बाद एंटी आर्गेनाइज्ड क्राइम सेल व बुध विहार पुलिस ने संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई शुरू की और छापा मारकर तीनों बदमाशों को दबोच लिया। इस दौरान एक बदमाश ने भागने की कोशिश भी की थी। पुलिस टीम ने उसका पीछाकर दबोच लिया। इनके पास से दो पिस्टल, सात कारतूस बरामद हुए। बदमाशों के नाम मनदीप उर्फ मोनू, हरदीप और सुनील उर्फ राज बताया गया है। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया है।

## मैदानगढ़ी: हत्या के बाद मृतक के जूते पहन घूम रहा था, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मैदानगढ़ी इलाके में नौ मार्च को हुई हत्या के केस को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में गिरफ्तार शख्स एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में काम कर चुका है। पुलिस ने उसके पास से मृतक के जूते, मोबाइल और घटना के समय पहने कपड़े बरामद किए हैं। पुलिस से बचने के लिए आजकल आरोपी फल बेच रहा था। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि नौ मार्च को अजय निवासी हर गोविंद एन्क्लेव, राजपुर खुर्द के लापता होने की सूचना मिली थी। जांच के दौरान पुलिस को लापता युवक की लोकेशन डीडीए पार्क की ओर जाते हुए मिली। पुलिस ने वहां पहुंचकर एक शव बरामद किया। वह शव अजय का था। इस बाबत पुलिस ने मैदानगढ़ी थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया। जांच में पता चला कि मृतक एक व्यक्ति के साथ डीडीए पार्क, राजपुर खुर्द एक्सटेंशन में जाते देखा गया था। मृतक के मोबाइल की सीडीआर का विश्लेषण किया गया, जिससे पता चला कि फोन पर आखिरी इनकमिंग कॉल फरीदाबाद निवासी उसके रिश्तेदार ने की थी। रिश्तेदार ने पुलिस को बताया कि उस दिन एक अजनबी ने फोन रिसीव किया था जिसने अपना नाम असलम बताया था। उसने कहा कि अजय ने उससे तीन हजार रुपए उधार लिए थे। उनके बदले में अपना मोबाइल दिया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी रविन्द्र के बारे में जानकारी जुटा उसे द्वारका इलाके से रेहड़ी पर संतरे बेचते हुए पकड़ा। उसने बताया कि 24 फरवरी को उसने एवेंट मैनेजमेंट कंपनी छोड़ दी थी। वह डीडीए पार्क में ही रह रहा था। वहां सुरक्षा गार्ड उसे खाना देता था। नौ मार्च को एक व्यक्ति शराब के नशे में सुरक्षा गार्ड को गाली दे रहा था। यह देख उससे बर्दाश्त नहीं हुआ और वह उससे भिड़ गया। वह उसे जंगल में ले गया जहां उसे पीटा और गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी रविन्द्र एटा यूपी का रहने वाला है।

# जेएनयू छात्रसंघ चुनाव 22 को, आदर्श आचार संहिता लागू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में 22 मार्च को छात्र संघ चुनाव होंगे जिसके मद्देनजर आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू की गई है। इसमें चुनाव प्रचार के नियम-कायदों का उल्लेख है। आचार संहिता के तहत, प्रचार के दौरान भड़काऊ टिप्पणी करने, समुदाय, जाति या धर्म के आधार पर मतदाताओं को लुभाने या गलत सूचना फैलाने पर रोक होगी। आचार संहिता बृहस्पतिवार रात से प्रभावी हुआ। इसे चुनाव की घोषणा से एक दिन पहले 10 मार्च से जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के परिसर में प्रभावी आंशिक आचार संहिता की निरंतरता में लागू किया गया है। चुनाव कार्यक्रम के तहत मतों की गिनती 24 मार्च को होगी, जिसके बाद परिणाम घोषित किया जाएगा। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) चुनाव समिति द्वारा जारी नियमों में कहा गया कि सभी उम्मीदवारों को उन गतिविधियों में शामिल होने से प्रतिबंधित किया जाएगा जिन्हें भ्रष्ट आचरण माना जाता है जैसे कि मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को डराना, फर्जी मतदाता बनाना, दुष्प्रचार, या मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में प्रचार करना। नियमों के मुताबिक कोई भी संगठन प्रति उम्मीदवार अधिकतम पांच हजार रुपये की राशि ही व्यय कर सकता है। कोविड-19 महामारी के कारण चार साल के अंतराल के बाद जेएनयूएसयू का चुनाव हो रहा है। आखिरी बार 2019 में विश्वविद्यालय के छात्रसंघ का चुनाव कराया गया था।



## समन को नजरअंदाज करने के लिए केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक सत्र अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी का समन नजरअंदाज करने के लिए मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष जारी कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश सयाल ने केजरीवाल को मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट से गुहार लगाने का निर्देश दिया। केजरीवाल ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा द्वारा पारित उस आदेश के खिलाफ सत्र अदालत का रुख किया था, जिसमें उन्हें 16 मार्च को मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था। प्रवर्तन निदेशालय ने मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष दो शिकायतें दायर की हैं, जिसमें मामले में केजरीवाल को जारी किए गए कई समन को नजरअंदाज करने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध किया गया है।

## विपक्षी नेताओं के बयानों के विरोध में शरणार्थियों का कांग्रेस कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदू और सिख शरणार्थियों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) को लेकर विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के नेताओं के द्वारा दिए गए बयानों के खिलाफ शुक्रवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शनकारियों में से पंजूराम ने कहा कि जब भाजपा-नीत सरकार हमें नागरिकता देने के लिए सीएए लागू कर रही है तो अन्य विपक्षी पार्टियां इसका विरोध क्यों कर रही हैं?


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरजिन्दर पाल पुत्र अमर चन्द निवासी ई-22ए, पीरागढ़ी कैंप, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **111/2020, अन्तर्गत धारा 354ए/506/509/34 आईपीसी, थाना दरिया गंज, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरजिन्दर पाल** मिल नही रहा हैं, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरजिन्दर पाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **111/2020, अन्तर्गत धारा 354ए/506/509/34 आईपीसी, थाना दरिया गंज, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हरजिन्दर पाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.04.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**डॉ. नेहा खेरिया**
महानगर दंडाधिकारी
महिला न्यायालय-01 (केंद्रीय जिला)
कमरा नंबर 343, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/3091/CD/2024**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राजेश @ राजू, पुत्रः लाल मोहन, पताः झुग्गी नं. 53, प्लेटफार्म नं. 1, गोरखपुर, उ.प्र. और वेगाबॉन्ड डीबीजी रोड, करोल बाग, नई दिल्ली** ने **FIR No. 65/2020, U/s 356/379/411 IPC, पुलिस थाना करोल बाग, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजेश @ राजू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजेश @ राजू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 65/2020, U/s 356/379/411 IPC, पुलिस थाना करोल बाग, नई दिल्ली** के अभियुक्त **राजेश @ राजू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.05.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री शिप्रा धनखड़**
**महानगर दण्डाधिकारी–01**
**कमरा नं. 180**
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/2973/CD/2024**


# सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की सुधारात्मक याचिकाओं को खारिज किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की उन सुधारात्मक याचिकाओं को खारिज कर दिया है जिसमें उन्हें जमानत देने से इनकार करने के न्यायालय के पिछले साल 30 अक्टूबर को दिए फैसले को चुनौती दी गई है। अपने कक्ष में सुधारात्मक याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने सिसोदिया की याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई करने की अर्जी भी खारिज कर दी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी भी शामिल हैं। सुधारात्मक याचिका सुप्रीम कोर्ट में अंतिम कानूनी उपाय है और आम तौर पर इस पर कक्ष में ही सुनवाई की जाती है जब तक कि



फैसले पर पुनर्विचार के लिए प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है। पीठ ने 13 मार्च को दिए अपने फैसले में कहा कि सुधारात्मक याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई करने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज की जाती है। हमने सुधारात्मक याचिकाओं और संबंधित दस्तावेजों पर सुनवाई की है। हमारी राय में रूपा अशोक हुर्रा बनाम अशोक हुर्रा मामले में इस अदालत के फैसले में बताए मानदंडों के भीतर कोई मामला नहीं बनता है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 13 दिसबंर को सिसोदिया की जमानत याचिकाओं को खारिज करने वाले 30 अक्टूबर 2023 के उसके फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिकाएं खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 30 अक्टूबर को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में सिसोदिया को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि जांच एजेंसियों द्वारा दाखिल सबूत 338 करोड़ रुपये के 'अप्रत्याशित लाभ' की बात का समर्थन करते प्रतीत होते हैं। सिसोदिया को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 26 फरवरी, 2023 को 'घोटाले' में उनकी कथित भूमिका के मामले में गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीबीआई की प्राथमिकी से जुड़े धनशोधन के मामले में तिहाड़ जेल में पूछताछ के बाद सिसोदिया को नौ मार्च, 2023 को गिरफ्तार किया था। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर 2021 को नई आबकारी नीति लागू की थी लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच इसे सितंबर 2022 के आखिर में रद्द कर दिया था।

### चारों आरोपी अलग-अलग अस्पताल में करते थे काम, अब तक 12 गिरफ्तार

# नकली कैंसर दवा: मेडिकल लाइन से जुड़े चार और दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कैंसर की नकली दवा केस में क्राइम ब्रांच ने चार और लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मामले में पकड़े जा चुके लोगों की संख्या कुल 12 हो गई है। चारों आरोपी अलग अलग अस्पताल में काम करते थे। इनके नाम रोहित सिंह बिष्ट, जितेन्द्र, माजिद खान व साजिद बताये गये हैं। इनके 14 खातों को फ्रीज करवाया गया है, जिनमें 92.81 लाख रुपए जमा थे।

पुलिस के अनुसार रोहित बिष्ट (36) एक प्रतिष्ठित अस्पताल की कीमोथेरेपी यूनिट में डे केयर इंचार्ज के रूप में काम कर रहा था। वह पहले पकड़े जा चुके नीरज चौहान को कीट्रूडा/ऑपडायटा की शीशियां सप्लाई कर रहा था। वह मरीज की खुराक से दवा बचाता था। उसे कीट्रूडा के लिए 65 हजार और ऑपडायटा के लिए 35 हजार रुपए मिलते थे। इसके पास जनरल नर्सिंग में डिप्लोमा है। वह पिछले 10 वर्षों से अस्पताल में काम कर रहा है। इसे 13 मार्च को द्वारका इलाके से पकड़ा गया। जितेंद्र (33) वजीराबाद का रहने वाला है। वह गुरुग्राम के एक बड़े अस्पताल में ऑन्कोलॉजी विभाग की बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट में कार्यरत था। वह नीरज को कीट्रूडा और ओपीडीप्टा की तीन भरी हुई शीशियां देने आया था, तभी उसे रंगे हाथों पकड़ लिया गया। वह भी मरीज की खुराक से शीशियां बचा नीरज को बेचता था। उसे कीट्रूडा के लिए 60 हजार और ओपीडीप्टा के लिए 30 हजार दिये जाते थे। इसने करनाल से डी. फार्मा किया है। इसे भी 13 मार्च को गुरुग्राम से अरेस्ट किया गया। माजिद खान (34) सितंबर 2023 तक गुरुग्राम के सेक्टर 55 में एक नामी अस्पताल की कीमो डे केयर यूनिट में वरिष्ठ स्टाफ नर्स के रूप में काम कर रहा था। हाल ही में वह पटना के एक अस्पताल से जुड़ा था। इसे गुरुवार को जयपुर से गिरफ्तार किया गया। इसके घर से तीन भरी हुई कीट्रूडा की शीशियां बरामद हुईं। इसने खुलासा किया कि वह साजिद नामक व्यक्ति से खाली और भरी हुई शीशी लेता था। इसके पास जनरल नर्सिंग में डिप्लोमा है और नीरज खाली शीशी और पैकेजिंग के लिए उसके पास जाता था। साजिद (33) भी गुरुग्राम के ही एक अन्य अस्पताल में ऑन्कोलॉजी विभाग में नर्सिंग स्टाफ के रूप में कार्यरत था। वह माजिद को कीट्रूडा और ओपीडीप्टा की आपूर्ति करता था। उसे 14 मार्च को उसके घर से पकड़ा गया और तलाशी लेने पर तीन खाली शीशियां और दो ओपीडीप्टा पैकेजिंग बरामद की गई। उसे भी मोटी रकम मिलती थी। इसके पास जनरल नर्सिंग में डिप्लोमा है और वह पिछले पांच सालों से अस्पताल में काम कर रहा है। इस केस में अभी पुलिस की जांच जारी है। आने वाले दिनों में कुछ और लोग भी गिरफ्तार किये जा सकते हैं।




**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडी डिवीजन फतेहाबाद | आउटलेट आरडी 6000-टी न्यू भट्टू माइनर पर वाटरकोर्स की रिमॉडलिंग (भूमिगत पाइप लाइन) + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.03.2024 | 5.68 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9215041185 xenfatehabadcad1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/25957/1/88/7 दि. 15.03.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | आईई बहादुरगढ़ में सेक्टर-4बी में मैटल्ड रोड की स्वीपिंग और ठोस कचरे का निपटान। | 21.03.2024 28.03.2024 | 13.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416767348 ia.bahadurgarh@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | औद्योगिक विकास केन्द्र, साहा, जिला अम्बाला में कार्य की पूर्णता के पश्चात 36 माह की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित स्टॉर्म वाटर और ट्रीटेड वेस्ट वाटर के निपटान हेतु राइजिंग मेन का प्रावधान व बिछाना। | 15.03.2024 08.04.2024 | 928.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416782243 ia.saha@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/60/25977/1/88/7 दि. 15.03.24

# सक्सेना ने 461 अनुबंधित शिक्षकों का कॉन्ट्रेक्ट बढ़ाया, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए मान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सैंकड़ों कॉन्ट्रेक्ट टीचरों (अनुबंधित शिक्षकों) को बड़ी राहत देते हुए शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए राजधानी के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 461 अंशकालिक शिक्षकों (पीटीवीटी) के कॉन्ट्रैक्ट को आगे बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। एलजी के इस कदम के बाद शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए करीब 461 अंशकालिक शिक्षकों पर सेवा मुक्त की लटक रही तलवार फिलहाल हट गई है। यानी एलजी की मंजूरी के बाद इन अनुबंधित शिक्षकों को सेवा विस्तार मिल गया है। राजनिवास सूत्रों के अनुसार एलजी ने शिक्षा और इन अनुबंधित शिक्षकों की वर्तमान स्थिति का आकलन करेंगे नियमानुसार सेवा विस्तार को मंजूरी दी है। इस कदम से जहां इन



शिक्षकों को राहत मिलेगी वहीं शिक्षकों की कमी झेल रहे स्कूलों को भी फिलहाल राहत मिली है। सीबीएसई द्वारा नेशनल स्किल क्वालिटी फ्रेमवर्क के तहत शामिल किए गए विषयों के लिए शिक्षकों की कमी नहीं होगी। इसमें दिल्ली सरकार के स्कूलों में 449 शिक्षकों को सेवा विस्तार दिया गया है। जानकारी अनुसार इसमें 437 क्वालिफाइड और 12 नन-क्वालिफाइड शिक्षक शामिल हैं। वहीं तीन स्कूलों में फूड प्रोडक्शन सिखाने के लिए तीन शिक्षकों के अनुबंध को भी बढ़ाया है। एलजी ने सरकारी सहायता प्राप्त चार स्कूलों में 9 शिक्षकों की सेवा में विस्तार किया गया है। सनद रहे कि पार्ट टाइम वोकेशनल टीचर्स फैशन स्टडी, स्टेनोग्राफी (अंग्रेजी और हिंदी), अकाउंटेंसी और ऑडिटिंग, शॉर्टहैंड, ब्यूटी एवं वैलनेस, वेब एप्लिकेशन, सूचना और प्रौद्योगिकी, पुस्तकालय, सूचना विज्ञान, टाइपोग्राफी और कंप्यूटर एप्लीकेशन, बीमा, प्रशीतन, इलेक्ट्रॉनिक्स प्रौद्योगिकी, मोटर वाहन, कपड़ा डिजाइन, बैंकिंग, बागवानी, एयर कंडीशनिंग आदि की पढ़ाई करने में लगे हुए हैं।




## खबर संक्षेप

### एनडीएमसी का दो दिवसीय फ्लावर फूड फेस्टिवल आज से शुरू

नई दिल्ली। वसंत ऋतु उत्सवों की श्रृंखला के समापन के साथ, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के दो दिवसीय एनडीएमसी फ्लावर फ़ूड फेस्टिवल की शुरुआत आज, शनिवार को होगी और यह रविवार यानी 16 से 17 मार्च, 2024 को चाणक्यपुरी स्थित पालिका सेवा अधिकारी संस्थान (पीएसओआई क्लब) में चलेगा। एनडीएमसी प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बातया कि वसंत ऋतु के महोत्सव में पालिका परिषद ने विभिन्न उत्सवों का आयोजन किया, जिसमें ट्यूलिप फेस्टिवल, म्यूजिक इन द पार्क, रोज़ फेस्टिवल और फ्लावर फेस्टिवल शामिल हैं, जिन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों से प्रशंसा एवं व्यापक लोकप्रियता हासिल की। इसी श्रृंखला के अंतिम चरण में एनडीएमसी अपना आखिरी उत्सव फ्लावर फूड फेस्टिवल की शुरुआत अब शनिवार को करने जा रही है। इसमें विभिन्न फूलों पर आधारित व्यंजनों के साथ वसंत ऋतु उत्सव श्रृंखला का आखिरी कार्यक्रम होगा।

### दिल्ली ईवी नीति जून 2024 तक बढ़ी

**नई दिल्ली**। दिल्ली मंत्रिमंडल ने मौजूदा दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति को 30 जून 2024 तक या नीति 2.0 की अधिसूचना तक, जो भी पहले हो, तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। मौजूदा नीति के तहत सब्सिडी सहित सभी प्रोत्साहन इस विस्तार अवधि में भी जारी रहेंगे। 1 जनवरी 2024 के बाद खरीदा गया कोई भी वाहन इस विस्तार के तहत लाभ के लिए पात्र होगा। फिलहाल, दिल्ली सरकार नई इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2.0 पर काम कर रही है और विभिन्न हितधारकों की टिप्पणियों और सुझावों पर वर्तमान में विचार किया जा रहा है। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा दिल्ली ईवी नीति को जून 2024 तक विस्तारित कर हम दिल्ली में पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों को मजबूती दे रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम दिल्ली को वैश्विक स्तर पर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति 7 अगस्त 2020 को तीन साल की अवधि के लिए अधिसूचित की गई थी, जिसे बाद में 31 दिसंबर 2023 तक बढ़ा दिया गया था।

## सीवर और पानी की समस्याओं को लेकर सदन में रखा गया संकल्प पत्र ध्वनिमत से पास

# विधानसभा में पेश हुए मुख्य सचिव, सौंपी एक सप्ताह की कार्रवाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में पानी और सीवर की समस्या को लेकर बुलाए गए विधानसभा के विशेष सत्र में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार अधिकारियों समेत पेश हुए और उन्होंने सदन में पानी और सीवर की समस्या पर दीर्घकालिक समाधान रिपोर्ट जल मंत्री आतिशी को सौंपी। वहीं विधानसभा में सीवर ओवर फ्लो, दूषित जल और पाइपलाइन लीकेज संबंधित समस्याओं के तात्कालिक और दीर्घकालीन समाधान को लेकर रखा गया संकल्प पत्र ध्वनि मत से पास हो गया। जल मंत्री आतिशी ने विधानसभा को बताया कि पानी और सीवर की समस्या पर अधिकारियों ने काम शुरू कर दिया है। पिछले एक साल से इस समस्या के बनने के कारणों की जांच के भी आदेश हुए। पानी और सीवरेज पर



चर्चा को लेकर शुक्रवार को आयोजित विशेष सत्र के दौरान मुख्य सचिव ने बीते एक सप्ताह के दौरान की गई कार्रवाई की रिपोर्ट सौंपी।

इसमें कहा गया है कि काफी शिकायतों का समाधान कर दिया गया है, जबकि कुछ का जल्द कर दिया जाएगा। इस गंभीर मुद्दे पर चर्चा के दौरान सत्ता और विपक्ष के विधायकों ने अपने-अपने इलाके की समस्याओं को रखा और जल मंत्री आतिशी ने उसका जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर एक सप्ताह में जलापूर्ति और सीवरेज को लेकर इतने काम हो सकते हैं तो पिछले 6 महीने से बंद क्यों थे? पिछले 1 साल से जल बोर्ड, शहरी विकास विभाग और वित्त विभाग के बीच तालमेल न होने का खामियाजा दिल्ली की जनता भुगत रही है। इसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि 9 मार्च को विधानसभा में सीवरेज और पानी की बढ़ती समस्याओं के समाधान को लेकर संकल्प पत्र पेश किया गया था। विधानसभा ने मुख्य सचिव को एक सप्ताह में पानी की आपूर्ति और सिवरेज की समस्या ठीक करने का निर्देश दिया था। विधानसभा के निर्देश पर मुख्य सचिव द्वारा सप्ताह भर में शहर में सीवरेज और पानी से जुड़ी समस्याओं के लिए कुछ काम कराए हैं और कुछ का आश्वासन दिया है। जिसकी जानकारी आज जल मंत्री आतिशी द्वारा सदन के समक्ष रखी गई। हालांकि कई शिकायतें अभी भी बनी हुई हैं और इन शिकायतों को अगले एक सप्ताह के भीतर हल करने की आवश्यकता है। यहां तक कि जिन शिकायतों का समाधान हो चुका है, उन समस्याओं के दीर्घकालिक समाधान पर काम करने की जरूरत है। विधानसभा में शुक्रवार को पास सकंल्प में कहा गया है कि मुख्य सचिव पूरी दिल्ली में पानी और सीवर समस्याओं के अल्पकालिक और दीर्घकालिक समाधान की निगरानी और पर्यवेक्षण करना जारी रखेंगे। भूजल से जल संसाधनें की वृद्धि के लिए एक विस्तृत योजना बनाई जाएगी। दिल्ली के लोगों को इस गर्मी से राहत सुनिश्चित करने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जाए। पानी के टैंकरों को बहाल किया जाए। सीवर ओवरफ्लो की समस्या के समाधान के लिए मुख्य सचिव एमसीडी के साथ समन्वय करेंगे। वहीं सीवर की सफाई के लिए पर्याप्त संख्या में मशीनें उपलब्ध कराई जाएं। वहीं संकल्प में पिछले पांच दिनों से युद्ध स्तर पर काम करने पर जल बोर्ड की प्रशंसा भी गई। मुख्य सचिव उपरोक्त सभी मुद्दों के साथ-साथ लंबित शिकायतों पर कार्रवाई के लिए जिम्मेदार होंगे। 22 मार्च 2024 को सदन की बैठक बुलाई जाएगी, जहां मुख्य सचिव इस पर एक रिपोर्ट देंगे।

### दोषियों पर होनी चाहिए सख्त कार्रवाई : आतिशी

इस मौके पर जल मंत्री आतिशी ने कहा कि जल बोर्ड से जुड़े जो भी मुद्दे विधानसभा में उठाए गए पिछले एक सप्ताह के दौरान उनपर काम हुआ। लेकिन अगर ये सभी काम सिर्फ एक सप्ताह में हो सकते हैं तो ऐसा क्या था कि ये पिछले 6 महीने से बंद थे। पिछले 1 साल में जल बोर्ड, शहरी विकास विभाग और फाइनेंस विभाग के बीच तालमेल न होने से इसका खामियाजा दिल्ली की जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की, हम जन प्रतिनिधियों की तनख्वाह तक दिल्ली के लोगों के टैक्स के पैसे से आती है। ऐसे में हम सभी की दिल्ली की जनता के प्रति जवाबदेही है और पिछले 1 साल में दिल्ली की जनता के साथ दिल्ली जल बोर्ड की समस्या न सुलझाने के कारण जो अतिवाद और अत्याचार हुआ है, इसपर जांच की आवश्यकता है और इस जांच में जिसकी गलती सामने आती है उसपर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### पानी की कमी को दूर करने के लिए हिमाचल से बात कर रही है दिल्ली सरकार

आतिशी ने सदन में कहा कि दिल्ली में पानी की कमी को दूर करने के लिए सरकार हिमाचल प्रदेश से बात कर रही है और अपर यमुना बोर्ड में भी दिल्ली द्वारा इस मुद्दे को उठाया गया है। उन्होंने कहा कि, दिल्ली दिल्ली में बहुत से इलाके ख़ास तौर पर यमुना नदी के आसपास के इलाके और उत्तरी दिल्ली में ग्राउंड वाटर का स्तर अच्छा है और पानी की क्वालिटी भी ठीक हैं। ऐसे में सरकार द्वारा ग्राउंड वाटर ऑग्यूमेंटेशन का प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसकी मुख्य सचिव द्वारा व्यक्तिगत जिम्मेदारी ली गई है।

### सीएम डीजेबी के भ्रष्टाचार और गैर-प्रदर्शन के लिए हैं जिम्मेदार : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि सरकारी खजाने के पैसे की लूट का केंद्र बन चुके दिल्ली जल बोर्ड पर जल मंत्री आतिशी द्वारा दिल्ली विधानसभा और दिल्लीवासियों को गुमराह करते हुए देखना दुखद है। केजरीवाल सरकार ने पिछले 9 वर्षों से डीजेबी के खराब प्रदर्शन को नजरअंदाज करके खुद दिल्ली जल बोर्ड में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। केजरीवाल सरकार ने जल बिल निपटान योजना का बहुत प्रचार किया, लेकिन अचानक इस पर चुप हो गई क्योंकि यह उजागर हो गया कि केजरीवाल सरकार इस पर कभी गंभीर नहीं थी, उन्होंने सार्वजनिक रूप से प्रचार किया लेकिन वास्तव में फाइल दबाए बैठे रहे।

## विधानसभा में गूंजा अस्पतालों में दवाओं की कमी का मामला, मुख्य सचिव एक सप्ताह में करें हल

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में शुक्रवार को सरकारी अस्पतालों, मोहल्ला क्लीनिकों और डिस्पेंसरी में दवाइयों की कमी और लैब जांच न होने का मुद्दा उठा। सदस्यों ने सदन को बताया कि दवाइयों और लैब जांच न होने की वजह से दिल्ली की गरीब जनता को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे का तत्काल समाधान निकालने को लेकर एक संकल्प पत्र पेश किया गया। विधानसभा ने इसे ध्वनि मत से पास कर मुख्य सचिव को एक सप्ताह के अंदर दवाइयों की कमी और लैब जांच न होने की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही इस दौरान उठाए गए कदमों की रिपोर्ट स्वास्थ्य मंत्री को सौंपने को कहा है। इस मुद्दे पर 22 मार्च को सदन में चर्चा की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है कि एक टेंडर खत्म होने से पहले ही दूसरा टेंडर हो जाना चाहिए, लेकिन अफसर ऐसा नहीं कर रहे हैं। मौजूदा टेंडर भी मार्च में खत्म हो जाएगा, लेकिन अभी तक दवाइयों की आपूर्ति नहीं हुई है। इसके बाद भी केंद्र सरकार दोषी अफसरों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। संकल्प पत्र पर चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि गरीब तबके के लोगों को इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों की दवाईंया ही इकलौता माध्यम हैं। आज दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक, अस्पतालों और डिस्पेंसरी में दवाईयों की कमी और लेबोरेटरी टेस्ट न होने से यह गरीब तबका काफी परेशान है। दवाईयों की आपूर्ति के लिए साधारण प्रक्रिया है। दिल्ली सरकार के लिए सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी (सीपीए) दवाईयों की खरीद और वितरण करता है। इसके लिए बकायदा हर साल टेंडर निकाले जाते हैं। लोगों के लिए दवाईयों की कमी न हो, इसके लिए एक टेंडर के खत्म होने से पहले ही दूसरा टेंडर निकाला जाता है। यह प्रक्रिया लगातार इसी तरह चलते रहती है। उन्होंने कहा कि दवाईयों के लिए 21 दिसंबर 2022 को टेंडर निकाला गया। लेकिन अफसर पूरे साल उस टेंडर का टेक्निकल इवेल्यूशन करते रहे। एक साल बीतने पर वह टेंडर एक्सपायर हो गया। वहीं, वर्तमान का टेंडर भी इसी साल मार्च में एक्सपायर हो रहा है।

### वेस्ट पटेल नगर में महापौर ने किया नए स्कूल भवन का शिलान्यास

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय, एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने शुक्रवार को 22 ब्लॉक वेस्ट पटेल नगर में नए विद्यालय भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में इस विद्यालय का शिलान्यास किया जा रहा है। इस कार्य का श्रेय दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों और मुख्यतः आयुक्त ज्ञानेश भारती को जाता है, ताकि नागरिकों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। इस दौरान दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री राजकुमार आनंद, मालवीय नगर के विधायक सोमनाथ भारती, पार्षद कविता चौहान सहित निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। महापौर ने बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार जब से दिल्ली नगर निगम में आयी है तब से सफ़ाई व्यवस्था के साथ हमारी प्राथमिकता शिक्षा व नागरिकों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम कक्षा एक से पांचवीं तक यानी प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने का कार्य करती है। जो बच्चों की नींव को मज़बूत करने का कार्य करती है। इसलिए बच्चों को अच्छी शिक्षा देना बहुत जरूरी है।

### शिलान्यास के बाद उसका उद्घाटन भी करती है मोदी सरकार : तिवारी

**नई दिल्ली**। मोदी सरकार जिस कार्य का शिलान्यास करती है उसका उद्घाटन भी करती है और यह सरकार की पहचान है और हम एक साल में विश्वविद्यालय में इस महिला हॉस्टल पूरा कर उद्घाटन करेंगे। दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी एवं नई दिल्ली से सांसद प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने वर्किंग वुमन और छात्राओं के लिए कई सारे काम किए हैं। एक ऐसा ही काम उन्होंने तिमारपुर में 1000 बिस्तर वाला एक हॉस्टल बनाने का प्रस्ताव लाकर दिल्ली में रह कर पढ़ने वाली छात्राओं को एक सुन्दर तोहफा दिया है। प्रेसवार्ता में मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर के साथ मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल मौजूद रहे और उन्होने कहा मोदी सरकार महिला सशक्तिकरण एवं शिक्षा उत्थान को समर्पित सरकार है। मनोज तिवारी ने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में एक ऐसी सरकार है जो पिछले 10 सालों से सरकार में है लेकिन उन्होंने कभी छात्राओं और महिलाओं के शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए कुछ नहीं किया है।

## हिंदू और सिख प्रवासियों का अपमान कर रहे हैं केजरीवाल : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यह चौंकाने वाली बात है कि दिल्ली की सीएम अरविंद केजरीवाल बार-बार सताए गए हिंदू और सिख प्रवासियों का अपमान कर रहे हैं, लेकिन दिल्ली और उत्तराखंड सहित कई स्थानों पर बसे रोहिंग्या और अन्य मुस्लिम घुसपैठियों पर पूरी तरह से चुप हैं। ऐसा लगता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के कार्यान्वयन से राजनीतिक रूप से निराश हैं और अपना राजनीतिक आपा खो चुके हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को एक



प्रेसवार्ता में सीएम केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उक्त आरोप लगाए।

प्रेस वार्ता का संचालन मीडिया विभाग प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने मंत्री हरीश खुराना एवं मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल की उपस्थिति में किया और कहा कि सीएम केजरीवाल को हिन्दू सिख शरणार्थियों को अपमानित करते देख कर हर दिल्ली वाले का सिर शर्म से झुक रहा है।

सचेदवा ने कहा है कि एक दिन सीएम केजरीवाल पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए प्रताड़ित शरणार्थियों को संरक्षण देने के लिए केंद्र को चुनौती देते हैं, दूसरे दिन केजरीवाल बार-बार व्यंग्य करते हुए हिंदू शरणार्थियों को पाकिस्तानी कहकर संबोधित करते हैं और ऐसा व्यवहार करते हैं मानो पाकिस्तानी कहना उन्हें बदनाम करने के लिए एक गाली है।

- हिंदू शरणार्थियों को पाकिस्तानी कहकर संबोधित करते हैं सीएम

सचदेवा ने कहा कि शुक्रवार को सीएम केजरीवाल ने बेशर्मी से एक बार फिर सोशल मीडिया एक्स पोस्ट कर शरणार्थियों पर कटाक्ष करते हुए उन्हें पाकिस्तानी बताया है और धमकी देते हुए कहा है कि इन पाकिस्तानी घुसपैठियों की प्रदर्शन करने की हिम्मत कैसे हुई।

## 'फुटपाथ को रिपेयर कर बनाया जाएगा यूजर फ्रेंडली साथ ही सर्विस रोड को भी मिलेगा नया स्वरूप'

# मंत्री आतिशी ने गुरु रविदास मार्ग के सौंदर्यीकरण के काम का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र कालकाजी में गुरु रविदास मार्ग के सौंदर्यीकरण के काम का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत गुरु रविदास मार्ग के सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि गुरु रविदास मार्ग के सौंदर्यीकरण के अन्तर्गत फुटपाथ को रिपेयर कर यूजर फ्रेंडली बनाया जाएगा साथ ही सर्विस रोड को भी नया स्वरूप मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां शानदार पौधों के जरिए सड़क की खूबसूरती बढ़ाई जाएगी। आतिशी ने कहा कि गुरु रविदास मार्ग कालकाजी विधानसभा के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त सड़कों में से एक है और रोजाना लाखों लोग आवागमन के लिए इसका इस्तेमाल करते है। ऐसे में सड़क को नया स्वरूप मिलने से लाखों लोगों को फायदा हिगा। गुरु रविदास मार्ग के सुदृढ़ीकरण-सौंदर्यीकरण के बाद कालकाजी विधानसभा की कई कॉलोनियों की मुख्य सड़क से इंटर-कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी और ये ख़ूबसूरत सड़क हमारे विधानसभा की पहचान बनेगी।

आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली की सड़कों को को बेहतर बनाने के लिए सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। कालकाजी से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बहुत प्यार और सम्मान मिला है, इसकी बदौलत अब गुरु



रविदास मार्ग वर्ल्ड क्लास बनने जा रहा है। आतिशी ने कहा कि गुरु रविदास मार्ग कालकाजी विधानसभा की सबसे महत्वपूर्ण सड़कों में से एक है। तकरीबन 4 किलोमीटर लंबी ये सड़क मां आनंदमई मार्ग और महरौली-बदरपुर रोड को भी जोड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास मार्ग के सौंदर्यीकरण के बाद कालकाजी का हर निवासी अपनी इस सड़क पर गर्व कर सकेगा। और ये सड़क कालकाजी की पहचान बनेगी।

सड़क की मजबूती और खूबसूरती बढ़ाने के लिए रिकॉरपेटिंग की जाएगी। वहीं वर्ल्ड क्लास स्टैंडर्ड की रोड मार्किंग की जाएगी। इसके साथ ही फुटपाथ की रीडिजाइनिंग और रिपेयरिंग कर उसे यूजर फ्रेंडली बनाया जाएगा। वहीं सेंट्रल वर्ज में हरियाली बढ़ाने के लिए शानदार पौधे लगाए जाएंगे और सर्विस लेन का भी नवीनीकरण किया जाएगा।

## पिताजी की तरह करता रहूंगा सेवा : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉ. साहिब सिंह के 81वें जयंती पर स्वाभिमान स्थल घेवरा मोड़ पर हवन और प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। हर साल की भांति दिल्ली के देहात और अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आए लोगों ने स्वर्गीय डॉ. साहिब सिंह के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां आए हुए सभी लोगों को सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने अपना परिवार बताया और सभी का आभार प्रकट कर प्रसाद वितरण किया। साथ ही सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि जैसे उनके पिता ने अपना पूरा जीवन भारतीय जनता पार्टी में रहकर लोगों की सेवा की वैसे ही मैं भी पूरा जीवन भारतीय जनता पार्टी में रहकर लोगों की सेवा करता रहूंगा। साथ ही दक्षिण दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधुड़ी और उत्तर पश्चिमी से



लोकसभा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोंलिया ने आकर डॉ साहिब सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, प्रदेश भाजपा ने की तरफ से दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया गया।

सांसद प्रवेश ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि परम पूजनीय स्व. डॉ. साहिब सिंह की जन्म जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक प्रणाम एवं कोटि - कोटि नमन। आपके उच्च विचार, ईमानदारी, आदर्श और सिद्धांतवादी जीवन मुझे सदैव जनहित के लिए कार्य करने और प्रतिबद्ध रहने की शक्ति व प्रेरणा देते हैं।

- पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉ. साहिब सिंह के 81वीं जयंती पर हवन और प्रार्थना सभा का किया आयोजन

**खबर संक्षेप**

### चुनावी उत्सव के लिए भाजपा पूरी तरह से तैयार



**गुरुग्राम।** भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि चुनाव भाजपा के लिए उत्सव की तरह है। इसके लिए भाजपा पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा जनता के सहयोग से बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी और तीसरी बार पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मोर्चों और कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर अपनी-अपनी मजबूत टीम बनाने के निर्देश दे दिए हैं।

### 4 इंस्पेक्टर पदोन्नति प्राप्त कर बने डीएसपी



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस के 4 इंस्पेक्टर पदोन्नत होकर डीएसपी बने हैं। पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने पदोन्नत हुए पुलिस अधिकारियों को सितारा लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।पदोन्नति पाने वालो में इंस्पेक्टर भारतेंद्र कुमार, मदन सिंह, सुदीप सिंह और शैलेंद्र सिंह का नाम शामिल है।

### तिगांव में खेत मार्गों के निर्माण कार्य शुरू




**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने तिगांव विधानसभा के करीब आधा दर्जन गांवों के खेत खलियान मार्गों के निर्माण का कार्य शुरू कराया। उन्होंने बुजुर्गों के हाथों से नारियल फुड़वाया। इन पर करीब दो करोड़ 14 लाख रुपए की लागत आएगी। देश के विकास का रास्ता पक्के सडक़ों से होकर गुजरता है। इसीलिए मोदी सरकार सड़कों पर विशेष ध्यान दे रही है।

### जालसाज ने डेबिट कार्ड बदल 2.57 लाख निकाले



**गुरुग्राम।** शहर थाना एरिया के एटीएम बूथ पर जालसाज ने एक व्यक्ति का डेबिट कार्ड बदलकर उसके अकाउंट से 2 लाख 57 हजार रुपए निकाल लिए। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। शिकायत में अजित कुमार ने कहा कि वह सदर बाजार स्थित एसबीआई के एटीएम बूथ पर रुपए निकालने गए थे। वहां पहले से एक अन्य व्यक्ति पैसा निकाल रहा था।

### केस वापस नहीं लेने पर कंपनी निदेशक से मारपीट



**गुरुग्राम।** सिविल लाइन थाना एरिया में केस वापिस नहीं लेने पर कंपनी निदेशक से मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। मनी वर्षनेय ने कहा कि वह एक कंपनी में निदेशक है। वह 32 माइल स्टोन के केड बार में पार्टी के लिए गया। वहां मुकेश कुमार नाम का युवक उसके पास आया और उससे केस वापिस लेने के लिए धमकी दी।

### टैंकर ने पैदल जा रहे अधेड़ को कुचला, मौत



**गुरुग्राम।** सोहना एरिया में थाना के सामने तेज रफ्तार टैंकर से कुचले जाने पर अधेड़ की मौत हो गई। चालक टैंकर को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक हाईवे पर वह सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कैंटर ने उसे कुचल दिया। पुलिस राहगीरों की मदद से जानू को अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई।

---

## कैबिनेट मंत्री ने दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को बांटी डिग्री

# दीक्षांत समारोह में बोले मंत्री-बल्लभगढ़ में शीघ्र एक नए कॉलेज के निर्माण का काम होगा शुरू

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने स्थानीय नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आयोजित 45वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने स्थानीय नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आयोजित 45वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उन्हें बेहद खुशी हो रही है। जिस कॉलेज में उन्होंने शिक्षा ग्रहण की उसी कॉलेज में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे हैं। मूलचंद शर्मा ने कहा कि इस कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर शहर के बच्चे देश और दुनिया में विभिन्न क्षेत्रों में नाम ऊंचा कर रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र में इस कॉलेज से पढ़कर बच्चे बड़ी-बड़ी कंपनियां बना कर उद्योग चला रहे हैं। वहीं राजनीति में भी विधायक और मंत्री भी बने हैं।



**एनसीसी के बच्चों ने किया स्वागत**

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद में भी नए कॉलेज बनाए गए हैं। जिनमें बल्लभगढ़ का सुषमा स्वराज कन्या महाविद्यालय मुख्य रूप से शामिल है। फरीदाबाद के बल्लभगढ़ सेक्टर 23 में जल्द ही एक नए कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। जिसकी प्रक्रिया चली हुई है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज के प्रिंसिपल रुचिका खुल्लर, एसडीम बल्लबगढ़ त्रिलोक चंद सहित समस्त स्टाफ ने स्वागत किया। वहीं एनसीसी के बच्चों ने कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का स्वागत किया।

### जीवन में शिक्षा को प्रथम स्थान पर रखें विद्यार्थी

उन्होंने कहा कि बच्चे अपने जीवन में शिक्षा को प्रथम स्थान पर रखते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा ग्रहण करने के बाद रोजगार लेने नहीं बल्कि देने वाले बनेंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे देश में रोजगार परक शिक्षा को लागू कर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने का जो सपना देखा है वह निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में उच्च शिक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा कई नवाचार किए गए हैं। प्रदेश में हर 20 किलोमीटर पर कॉलेज खोले किए गए हैं। डबल इंजन की सरकार में यह सब संभव हो पाया है।

---

## केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर ने पार्षदों के साथ की बैठक

# मोदी-मनोहर ने दी देश-प्रदेश को पारदर्शी और ईमानदार सरकार

मोदी की गारंटी और विकसित भारत का संकल्प के साथ देश प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। देश की जनता ने संकल्प कर लिया है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

2014 के बाद 10 वर्षों में मोदी-मनोहर ने जिस तरह की पारदर्शी और ईमानदार सरकार देश-प्रदेश में दी है, इसकी मिसाल नहीं मिलती। मोदी की गारंटी और विकसित भारत का संकल्प के साथ देश प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। देश की जनता ने संकल्प कर लिया है कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है उसी तरह फरीदाबाद लोकसभा के जन जन ने भी तय कर लिया है कि फरीदाबाद की सीट को पहले से ज्यादा मतों से जिताना है।

**लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा**

कृष्णपाल गुर्जर ने सभी पार्षदों के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति को लेकर चर्चा की। गुर्जर को फरीदाबाद लोकसभा की टिकट मिलने पर फरीदाबाद की महापौर सुमन बाला, वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी, उप महापौर मनमोहन गर्ग, फार्मेसी काउन्सिल के चेयरमैन और पार्षद धनेश अदलक्खा और उपस्थित सभी पार्षदों ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को पहले से ज्यादा मतों से जिताकर तीसरी बार संसद में भेजेंगे। कृष्णपाल गुर्जर ने टिकट मिलने पर भाजपा केन्द्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरेंगे और फरीदाबाद लोकसभा की सीट को पहले से ज्यादा मतों से जीतकर मोदी जी के भाजपा 370 पार और एनडीए 400 पार के नारे को चरितार्थ करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

---

# प्राधिकरण को नीलामी में हुई 10.40 करोड़ की आय

तीन में से एक औद्योगिक भूखंड की हुई बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जिले में औद्योगिक इकाइयां लगाने के लिए उद्यमी आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में हिंदी भवन में बोलीदारों ने एक औद्योगिक भूखंड पर बोली लगाकर उसे खरीद लिया। इस भूखंड के बिकने से प्राधिकरण को 10.40 करोड़ रुपए की आय हुई है।

हिंदी भवन में में जीडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी की अध्यक्षता में नीलामी का आयोजन किया गया। उक्त नीलामी में करीब 10 आवेदकों ने सुबह दस से 12 बजे तक टोकन कटवाएं। इसके बाद सीलबंद निविदाएं प्राप्त की गईं। उक्त नीलामी करीब 12.30 बजे शुरू की गई, जिसमें बोलीदारों ने मधुबन बापूधाम आवासीय योजना के एक औद्योगिक भूखंड पर बोली लगाकर उसे खरीद लिया। इस भूखंड के बिकने से प्राधिकरण को 10.40 करोड़ रुपए की आय हुई है।

### दो भूखंड सिंगल बोली लगने से नहीं बेचे जा सके

दो भूखंडों पर सिंगल बोली लगने के कारण उन्हें नहीं बेचा जा सका। अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि जीडीए की संपत्ति खरीदारों को पसंद आ रही है। इसी कारण प्राधिकरण के रिक्त पड़े भूखंड इच्छुक खरीदार खरीद रहे हैं। 30 से अधिक संपत्तियों की नीलामी में ही बिक्री हो चुकी है। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य अभियंता मानवेद्र सिंह,सहायक अभियन्ता सुरजीत, विनय कुमार



वर्मा सहायक अभियन्ता, लेखाकार योगेन्द्र कुमार , वरिष्ठ सहायक प्रभात कुमार मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में 250 से अधिक संपत्ति रिक्त पड़ी है, जिन्हें नीलामी के जरिए प्राधिकरण बेच रहा है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19245007 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ IGBT बेस्ड कम्पोजिट कनवर्टर | 30 सेट | 08-04-24 |
| 02 | 19232383B | एनहान्स कैपेसिटी (HT) स्क्रू कपलिंग 60 टन | 463 नग | 10-04-24 |
| 03 | 08245076 | सप्लाई एंड इंस्टालेशन ऑफ़ सील्ड मेंटेनेंस फ्री 48V/200AH VRLA बैटरी | 43 नग | 10-04-24 |
| 04 | 08245082 | सप्लाई ऑफ़ ऑप्टिकल फाइबर स्प्लिसिंग मशीन | 07 नग | 10-04-24 |
| 05 | 02241299 | मेअसुरिंग मॉनिटरिंग रिले (HT MMR), वोल्टेज | 3748 नग | 22-04-24 |
| 06 | 01241767 | गैरलेस हैंड ऑपरेटेड पुल्लिंग एंड लिफटिंग मशीन | 237 नग | 22-04-24 |
| 07 | 02242054 | लीड एसिड बैटरी 210AH कैपेसिटी | 407 नग | 29-04-24 |
| 08 | 19240552 | गियर बॉक्स केस (मशीनड) फॉर डब्लू ए पी –5 लोको | 35 नग | 29-04-24 |
| 09 | 09242507 | आउटर स्प्रिंग | 4910 नग | 30-04-24 |
| 10 | 09242551 | पोली रिंग | 13669 नग | 01-05-24 |
| 11 | 09242068 | बोगी सेंटर पिवट टॉप | 1000 नग | 13-05-24 |
| 12 | 19242276 | पी ओ एच मेंटेनेंस स्टूल किट | 24 सेट | 01-07-24 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं 102/2023–2024 दिनांक 15.03.2024 835/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


---

## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा-डबल इंजन की सरकार में युवाओं के सपने हो रहे साकार



**गाजियाबाद।** लोनी में सामाजिक युवा संवाद पिछड़ा वर्ग का कार्यक्रम किया गया। जिसमें पिछड़ा वर्ग और ओबीसी मोर्चे के पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि डबल इंजन की सरकार युवाओं के सपने साकार कर रही है। इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए जो योजनाएं और कार्यक्रम चलाए हैं। वह सफल हो रहे हैं। कश्यप ने कहा कि युवाओं के लिए मोदी-योगी की सरकार ने बेहतर विकल्प दिए हैं ।


**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत)**

**सूचना**

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक साल 2006 से अब तक की उन छात्राओं को एक चांस/मर्सी चांस (Mercy Chance) देने का निर्णय लिया गया है जो अपनी डिग्री/डिप्लोमा किसी कारणवश निर्धारित समय पर पूर्ण नही कर सकीं। फार्म भरने की तिथि 15.03.2024 से 05.04.2024 तक है। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bpswomenuniversity.ac.in पर उपलब्ध है।

**कुलसचिव**

संवाद-1239/11/60/2024/26015/C/88/7 दि. 15.03.24



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 143 दिनांक 13.03.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - आदित्यनाथ
पिता/पति का नाम - पुत्र हंसनाथ
पता- गांव बिसनपुरा जिला सिवान बिहार हाल किराएदार सुनारिया चौक रोहतक।
उम्र- 08 वर्ष
कद- 3 फुट
हुलिया- रंग सांवला, पतला फुर्तिला शरीर।
पहनावा- पीली शर्ट व सफेद पैन्ट व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 13.03.24 को आदित्यनाथ पुत्र हंसनाथ निवासी गांव बिसनपुरा जिला सिवान बिहार हाल किराएदार सुनारिया चौक रोहतक थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक पुराना सुगर मील ग्राऊड रोहतक से लापता होने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9416166940

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 166 दिनांक 11.03.2024 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - जानकी देवी
पिता/पति का नाम पत्नी रामबीर
पता - गली न. 6,7 सूर्या कालोनी जिला रोहतक।
उम्र 19 वर्ष
कद-5 फुट 5 इंच
हुलिया- रंग गेहुआं, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट फुर्तिला शरीर, ।
पहनावा- जामनी रंग का सूट, सलवार व पैरों में जूती पहने हुए है।

दिनांक 12.03.24 को जानकी देवी पत्नी रामबीर सिंह निवासी गली न. 6,7 सूर्या कालोनी नजदीक सिंह पुरा रोड थाना शहर जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक - 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9991786723

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 97 दिनांक 11.03.2024 धारा 346 IPC थाना कलानौर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - पूजा
पिता/पति का नाम - पत्नी अनील कुमार
पता - गांव गुढाण जिला रोहतक ।
उम्र- 30 वर्ष
कद- 5 फुट 4 इंच
हुलिया- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर।
पहनावा - सुट सलवार पहने हुए है।

दिनांक 09.03.24 को पूजा पत्नी अनील कुमार निवासी गांव गुढाण थाना कलानौर जिला रोहतक अपने बच्चो वर्षा (9साल), बच्चों गौतम (7 साल) को अपने साथ लेकर बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9817055611

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 59 दिनांक 13.03.2024 धारा 346 IPC थाना पी.जी.आई.एम.एस. जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - पिंकी
पिता/पति का नाम पुत्री सुबे सिंह
पता - गांव सुनारिया कला जिला रोहतक।
उम्र - 28 वर्ष
कद- 5 फुट 2 इंच
हुलिया- रंग गेहुआं, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला फुर्तिला शरीर, ।
पहनावा - पीले रंग का सूट सलवार व पैरों में सैण्डल पहने हुए है।

दिनांक 13.03.24 को पिंकी पुत्री सुबे सिंह निवासी गांव सुनारिया कला जिला रोहतक अपनी सहेली के साथ स्वास्थिक हस्पताल मेडिकल मोड पर आई थी जो बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक - 7082999121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक- 9467818424

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 166 दिनांक 11.03.2024 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - शाखा
पिता/पति का नाम - पुत्र सतनाम
पता- जे.पी. कालोनी जिला रोहतक।
उम्र 19 वर्ष
कद-5 फुट 7 इंच
हुलिया- रंग गेहुआं, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, दाहिने हाथ पर शाखा गुदा हुआ।
पहनावा - सफेद रंग की शर्ट व नीले रंग की पैंट व पैरों में जूते पहने हुए है।

दिनांक 11.03.24 को शाखा पुत्र सतनाम निवासी जे.पी. कालोनी थाना शहर जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9728979199

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 89 दिनांक 12.03.24 धारा 302,201 IPC थाना सांपला जिला रोहतक।**



**अदमशिनाखत नाश की पहचान बारे**
नाम - नाम पता नामालूम
पिता/पति का नाम- नामालूम
पता- नाम पता नामालूम
उम्र करीब 50-55 साल
कद- लगभग 5 फुट 8 इंच
हुलिया- रंग सांवला, हष्ट पुष्ट फुर्तिला शरीर, सिर के बाल काले व ढाडी मुछ के बाल सफेद है और सिर में चोट के निशान है।
पहनावा - सफेद कुर्ता- पजामा व नीचे नीले रंग का कच्छा पहने हुए है।

दिनांक 12.03.24 को नहर भालोट माईनर की पुलिया के नीचे एक नाम पता नामालूम नाश करीब 50-55 साल, जिसके हाथ पैर बंधे हुए व गले में शाल व रस्सी बंधी हुई व सिर पर काफी चोटो के निशान खुन से लेश होकर मिली है। जिसको पोस्ट मार्टम के बाद 72 घण्टो तक पी.जी.आई.एम.एम. रोहतक के मोर्चरी हाऊस में रखवाया गया है। जिस पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक नाम पता बारे कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है। या गुमशुदगी का अभियोग अंकित हुआ है। तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9416166940

पीआरडीएच-1084/11/2233/2024/25942/88/7 दि. 15.03.24

### सीएम ने सिद्धार्थनगर में 1885 करोड़ रुपए की 551 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया

# यूपी में 'डबल इंजन' की सरकार के लगातार प्रयासों से पिछड़ेपन का दंश मिट गयाः योगी

एजेंसी ▶▶ सिद्धार्थनगर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सिद्धार्थनगर में 1885 करोड़ की, गोरखपुर में 1,878 करोड़ की तथा सीएम योगी ने बलरामपुर व श्रावस्ती के लिए दो हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने 'डबल इंजन' सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए इसका श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी को दिया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 'डबल इंजन' की सरकार के लगातार प्रयासों से सिद्धार्थनगर जनपद के पिछड़ेपन का दंश मिट गया है तथा अब तक आकांक्षात्मक जनपद की श्रेणी में आने वाला यह जिला अब विकसित जनपद के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा देश पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जुड़ चुका है और यह संकल्पना 'विकसित उत्तर प्रदेश' से ही साकार होगी लेकिन विकसित उत्तर प्रदेश के लिए भाजपा का होना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर सीएम ने स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत टैबलेट व स्मार्टफोन तथा सीएम आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को चाबी वितरण के साथ ही विद्युत सखी को सम्मानित भी किया गया।

**खास बातें**

- विकसित भारत की संकल्पना विकसित यूपी से ही साकार होगी
- 5 लाख रुपए का निशुल्क बीमा दिया
- युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन बांटे
- विद्युत सखी को सम्मानित किया



**गरीबों को आवास मिल रहा**

सीएम ने माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज के शिलान्यास सहित 1885 करोड़ की 551 विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। सीएम ने सिद्धार्थनगर में शिक्षा और स्वास्थ्य की अच्छी सुविधा सुलभ होने का दावा करते हुए कहा कि गरीबों को आवास मिल रहा है, 5 लाख रुपये तक का निशुल्क स्वास्थ्य बीमा मिला है और 5 वर्ष तक मुफ्त राशन की व्यवस्था हुई है। उन्होंने 'डबल इंजन' सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए इसका श्रेय पीएम मोदी की नीतियों को दिया।

**बलरामपुर-श्रावस्ती को 2 हजार करोड़**

सीएम योगी ने बलरामपुर व श्रावस्ती के लिए दो हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने बलरामपुर की 461 व श्रावस्ती की 31 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। योगी ने कहा कि राजनीति का अपराधीकरण नहीं होने दिया जाएगा।

**गोरखपुर में 1,878 करोड़ की योजनाएं**



सीएम योगी ने गोरखपुर में राप्ती नगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के शिलान्यास सहित 1,878 करोड़ की 76 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। उन्होंने एमएमएमयूटी में करीब 4 हजार छात्रों को टैबलेट और स्मार्ट फोन बांटे। इस मौके पर उन्होंने एमएमएमयूटी के औषधि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के भवन का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने 24 करोड़ की लागत से फार्मेसी भवन का स्वयं निर्माण करवा कर इस संकल्प को पूरा किया है।

### नीतीश कुमार सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार

# 21 मंत्रियों ने शपथ ली, भाजपा से 12, जेडीयू से 9 मंत्री, सीएम समेत अब हो गए 30 मंत्री

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार में नीतीश सरकार का कैबिनेट विस्तार हो गया। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर 21 मंत्रियों को शपथ दिलाई। भाजपा के 12 और जेडीयू कोटे से 9 मंत्री बने। भाजपा ने अपने कोटे ने 6 नए मंत्री बनाए हैं, जबकि जेडीयू से सभी पुराने चेहरे शामिल किए गए हैं। केवल संजय झा (राज्यसभा गए) की जगह महेश्वर हजारी को मंत्री बनाया गया है। अब सरकार में सीएम समेत कुल 30 मंत्री हो गए हैं। इनमें से भाजपा 15, जेडीयू के 13, हम पार्टी और निर्दलीय कोटे से एक-एक मंत्री बनाए गए हैं। यह 2020 में जब एनडीए सरकार बनी थी, तब भी यही फॉर्मूला था। इस बार सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस मंत्रिमंडल विस्तार में 14 फीसदी से ज्यादा संख्या वाले यादव जाति से एक भी मंत्री नहीं बनाया गया है। वहीं सिर्फ एक मुस्लिम को जगह मिली है। अगर पूरी कैबिनेट को देखे तो सिर्फ जदयू की तरफ से पहले विस्तार में बिजेंद्र यादव मंत्री बने थे। भाजपा की रेणु देवी और जदयू की लेशी सिंह और शीला मंडल को मिलाकर इस मंत्रिमंडल में महिलाओं की संख्या तीन हो गई।

**जातीय समीकरण को ध्यान रखा**

लोकसभा चुनाव से पहले हुए इस कैबिनेट विस्तार में सभी वर्गों को साधने की कोशिश की गई है। भाजपा ने अपने कोर वोट बैंक सवर्ण कोटे से 6 मंत्री बनाए हैं। वहीं नीतीश कुमार के कोर वोट बैंक पिछड़ा और अति पिछड़ा से कुल 8 मंत्री बनाए गए हैं। इनमें अति पिछड़ा से 4 और पिछड़ा से 4 मंत्री हैं। दलितों को ध्यान में रखते हुए इस कोटे से 6 मंत्री बनाए गए हैं। वहीं, एक मात्र मुस्लिम को जगह मिली है।

**21 में से सिर्फ 6 नए चेहरे**

यह एनडीए सरकार का दूसरा कैबिनेट विस्तार था। 21 मंत्रियों में से सिर्फ 6 नए मंत्री बने हैं। सभी भाजपा से हैं। इनमें संतोष सिंह, दिलीप जायसवाल, हरी सहनी, सुरेन्द्र मेहता, कृष्णनंदन पासवान, केदार प्रसाद गुप्ता शामिल हैं।

**विधान पार्षदों की तादाद इस बार ज्यादा**

सीएम नीतीश कुमार और भाजपा के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बिहार विधान परिषद् के सदस्य हैं। विधानसभा कोटे से एमएलसी मंगल पांडेय, हरी सहनी, मनोनीत एमएलसी जनक राम, रोहतास-कैमूर स्थानीय प्राधिकार से एमएलसी संतोष कुमार सिंह और पूर्णिया-अररिया-किशनगंज स्थानीय प्राधिकार के एमएलसी डॉ. दिलीप जायसवाल अब मंत्रिमंडल के सदस्य हैं। यह सभी भाजपा से हैं। जदयू की ओर से सीएम नीतीश कुमार तो थे ही, अब एमलएसी डॉ. अशोक चौधरी भी मंत्रिमंडल में हैं। इनके अलावा पहले से मंत्रिमंडल में हम-सेक्युलर के संतोष कुमार सुमन भी एमएलसी हैं।

## पेज एक का शेष

**मध्य प्रदेश की ...**

द्वारा भारत की अस्थायी सूची में मध्यप्रदेश की छह धरोहरों को सम्मिलित किया गया है। मध्यप्रदेश की अद्भुत एवं सांस्कृतिक धरोहर अब विश्व धरोहर के रूप में होगी प्रतिष्ठित होंगी। इस गौरव के क्षण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

**अब इन गंतव्यों को ...**

को लेकर जागरूकता बढ़ेगी, पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और साथ ही एक वैश्विक पहचान मिलेगी।

इन धरोहरों को मिलेगी दुनियाभर में पहचानः **1. ग्वालियर किला**

-ग्वालियर में अपनी अभेद्य सुरक्षा के लिए जाना जाने ग्वालियर किला एक पहाड़ी पर स्थित है। किले की सबसे पहली नींव छठी शताब्दी ईस्वी में राजपूत योद्धा सूरज सेन द्वारा रखी गई थी। विभिन्न शासकों द्वारा आक्रमण और शासन करने के बाद, तोमरों ने 1398 में किले पर कब्जा किया। तोमरों में सबसे प्रसिद्ध मान सिंह थे।

**2.धमनार ऐतिहासिक समूह**

-धमनार गुफाएं मंदसौर जिले के धमनार गांव में स्थित हैं। चट्टानों को काटकर बनाई गई इस जगह पर 51 गुफाएं, स्तूप, चैत्य, मार्ग और सघन आवास हैं और इसे 7वीं शताब्दी ईस्वी में बनाया गया था। इस स्थल में बैठे हुए और निर्वाण मुद्रा में गौतम बुद्ध की विशाल प्रतिमा शामिल है।

**3. भोजेश्वर महादेव मंदिर भोजपुर**

-भोपाल से लगभग 28 किमी दूर स्थित, भोजेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। एक ही पत्थर से उकेरा गया, गर्भगृह में विशाल लिंग लगभग 6 मीटर की परिधि के साथ 2.35 मीटर लंबा है। यह 6 मीटर वर्ग में तीन-स्तरीय बलुआ पत्थर के मंच पर स्थापित है। इसकी अद्भुत वास्तुकला की वजह से इसे पूर्व का सोमनाथ की उपाधि दी गई। भोजपुर गांव में एक पहाड़ी पर राजा भोज ने 1010 से 1053 ईस्वी के बीच निर्माण का आदेश दिया था। हालांकि, मंदिर कभी भी अपने पूर्ण निर्माण तक नहीं पहुंच पाया।

**4. रॉक आर्ट साइट ऑफ द चंबल वेली**

-चंबल बेसिन और मध्य भारत में विभिन्न ऐतिहासिक काल और सभ्यताओं से उत्पन्न रॉक कला स्थलों की दुनिया की सबसे बड़ी सघनता है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में फैले ये स्थल प्राचीन मानव निवास और सांस्कृतिक विकास की अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। चंबल बेसिन में रॉक कला स्थल कलात्मक शैलियों और सांस्कृतिक प्रभावों का मिश्रण प्रदर्शित करते हैं, जो क्षेत्र के गतिशील इतिहास को दर्शाते हैं।

**5. कुंडी भंडारा, बुरहानपुर**

-अपनी तरह की अनोखी जल आपूर्ति प्रणाली खूनी या कुंडी भंडारा बुरहानपुर में स्थित है, जो 407 साल पहले तैयार की गई थी और भी संचालित है और लोगों के लिए उपयोगी है। इसका निर्माण 1615 में बुरहानपुर के शासक रहे अब्दुर्रहीम खानखाना ने करवाया था।

**6. गोंड स्मारक, मंडला, रामनगर**

-मंडला जिले का रामनगर गोंड राजाओं का गढ़ हुआ करता था। सन 1667 में गोंड राजा हृदय शाह ने नर्मदा नदी के किनारे मोती महल का निर्माण करवाया था। सीमित संसाधन और तकनीक के बावजूद पांच मंजिला महल राजा की इच्छाशक्ति की गवाही देता है। समय के साथ दो मंजिलें जमीन में दब गई हैं लेकिन तीन मंजिलें आज भी देखी जा सकती हैं।

**इलेक्टोरल बॉन्ड...**

आयोग को वापस कर दिया जाएगा। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि एसबीआई की तरफ से कौन पेश हुआ है? एसबीआई ने बॉन्ड नंबर जारी नहीं किए हैं। स्टेट बैंक को इनका खुलासा करना चाहिए। स्टेट बैंक को सारी जानकारी प्रकाशित करनी होगी। **हमने आपको मैचिंग करने के लिए कहा ही नहीं थाः** सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आप (एसबीआई) कह रहे हैं कि दानदाताओं और राजनीतिक पार्टियों की जानकारी सील कवर के साथ एसबीआई की मुंबई स्थित मुख्य शाखा में है। मैचिंग प्रक्रिया में समय लगेगा, लेकिन हमने आपको मैचिंग करने के लिए कहा ही नहीं था और हमने सिर्फ स्पष्ट डिस्क्लोजर मांगा था।

**अमिताभ की...**

उन्हें एक इवेंट में जाने के बाद थोड़ी तकलीफ हुई, जिसके बाद उन्हें शुक्रवार की सुबह अस्पताल ले जाने का फैसला किया गया। अस्पताल पहुंचने के बाद ही उन्हें भर्ती कर लिया गया और एंजियोप्लास्टी की गई। ठग्स ऑफ हिंदोस्तान के सेट पर ही अमिताभ को चोट लगी थी। केबीसी 14 की शूटिंग के दौरान उनके पैर की नस कट गई थी। वो दो बार कोविड पॉजिटिव हुए थे। दिवाली 2022 से पहले भी अमिताभ बच्चन घायल हुए। दिवाली से ठीक पहले अपने पैर की नस कटने की जानकारी सामने आई थी। एक लापरवाही वहीं भी हुई थी और बिग बी को हेपेटाइटिस बी से संक्रमित व्यक्ति का खून चढ़ा था। एक्टर का 75 प्रतिशत लिवर काम करना भी बंद कर चुका है।

**खरगे ने मप्र...**

10 लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। इन उम्मीदवारों में भिंड से फूल सिंह बरैया, छिंदवाड़ा से नकुल नाथ, सतना से सिद्धार्थ कुशवाहा, टीकमगढ़ से पंकज अहिरवार, बैतूल से रामू टेकाम, खरगोन से पोरलाल खरते, धार से राधेश्याम मुवेल, देवास से राजेन्द्र मालवीय, मंडला से ओमकार सिंह मरकाम और सीधी से कमलेश्वर पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है।

**भाजपा ने सभी सीटों पर उतारे प्रत्याशीः** इधर भाजपा ने प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। इन प्रत्याशियों में विदिशा से पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, ग्वालियर से भारत सिंह कुशवाह, मुरैना से शिवमंगल सिंह तोमर, भिंड से संध्या राय, गुना शिवपुरी से ज्योतिरादित्य सिंधिया, छिंदवाड़ा से विवेक बंटी साहू, इंदौर से शंकर लालवानी, मंदसौर से सुधीर गुप्ता, होशंगाबाद से दर्शन सिंह चौधरी, खजुराहो से बीडी शर्मा, सतना से गणेश सिंह, रीवा से जनार्दन मिश्रा, दमोह से राहुल लोधी, टीकमगढ़ से वीरेंद्र खटीक, सागर से लता वानखेड़े, वहीं बैतूल से दुर्गादास उइके, खंडवा से ज्ञानेश्वर पाटिल, खरगोन से गजेंद्र पटेल, रतलाम से अनिता नागर सिंह चौहान, देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी, राजगढ़ से रोडमल नागर, मंडला से फग्गन सिंह कुलस्ते, जबलपुर से आशीष दुबे, शहडोल से हिमाद्री सिंह, सीधी से राजेश मिश्रा, उज्जैन से अनिल फिरोजिया, धार से सावित्री ठाकुर और बालाघाट से भारती पारधी को उम्मीदवार बनाया है।

**रेलवेकर्मी और 8 साल ...**

पर रहते थे। शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे आर्या ने मोबाइल से वॉइस मैसेज भेजा। इसमें कहा- 'दादा मुकुल आया था। पापा और भैया की हत्या कर दी है।' मैसेज सुनकर वे घबरा गए। उन्होंने जबलपुर में ही गढ़ा क्षेत्र में रहने वाले परिवार वालों को बताया। यहां से परिवार वाले तुरंत मौके पर पहुंचे। यहां घर के बाहर दरवाजे पर ताला लगा था। आरपीएफ और सिविल लाइन थाना पुलिस को भी सूचना दी। सीढ़ियों से खिड़की से घर में झांक कर देखा, तो अंदर कमरे में राजकुमार लहूलुहान हालत में पड़े थे। वहीं, बेटी आर्या लापता थी। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। रेलवे क्वार्टर का मामला होने से आरपीएफ भी पहुंच गई। पुलिस जब घर में अंदर घुसी, तो कमरे में राजकुमार का शव पड़ा था। तलाशी के दौरान फ्रिज के अंदर बेटे तनिष्क का शव मिला। दोनों के शरीर में धारदार हथियार के निशान हैं। बताया गया है कि सितंबर 2023 में मुकुल के खिलाफ छेड़खानी की शिकायत की गई थी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कुछ दिन पहले ही वह जमानत पर बाहर आया है।

**इच्छुक कंपनियों को ...**

रुपए होगा, वहीं अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है। वह 3 साल की समय सीमा का पालन करता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार, 15 मार्च को एक अधिसूचना जारी कर भारत में आयातित इलेक्ट्रिक कारों पर टैक्स बेनिफिट्स उठाने के लिए दिशा-निर्देशों और पात्रता को स्पष्ट किया। हालांकि, यह नीति ईवी निर्माताओं को एक वर्ष में अधिकतम 8,000 इलेक्ट्रिक कारों को भारत लाने की अनुमति देती है। पात्रता मानदंड के तहत, ईवी निर्माता को कार बनाने के लिए स्थानीय बाजारों से 35 प्रतिशत कंपोनेंट्स का इस्तेमाल करना चाहिए। यह भी कहा गया है कि इन निर्माताओं को पांच वर्षों के भीतर घरेलू मूल्य वर्धन (डीवीए) का 50 प्रतिशत तक पहुंचना होगा।





# आमिर खान ने अनाउंस किया सीक्वल फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान बीते दिन इंस्टाग्राम पर लाइव आए। अभिनेता ने लाइव आकर अपने फैंस को एक सरप्राइज दिया। आमिर ने अपनी फ्लॉप फिल्म 'अंदाज अपना अपना' के सीक्वल की अनाउंसमेंट की। बता दें, साल 1994 में रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई थी। हालांकि, बाद में लोगों ने इस फिल्म को खूब पसंद किया। आईएमडीबी पर इस फिल्म को 8 रेटिंग मिली है। अभिनेता ने कहा, 'फिल्म निर्माता राजकुमार संतोषी अंदाज अपना अपना-2 की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि उन्होंने इसके बारे में सोचना शुरू किया क्योंकि मुझे लगता है कि यह हम सभी के लिए और दर्शकों के देखने के लिए एक बेहतरीन फिल्म होगी।

लाइफ Style



# सारा अली

## अंदाज, आउटफिट... कॉपी करने से होती थी चिढ़

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सारा अली खान आज के वक्त की मोस्ट पॉपुलर एक्ट्रेस में से हैं। पपराजी के बीच उनकी काफी डिमांड रहती है। चाहे उनका जिम लुक हो या एयरपोर्ट लुक, सब हिट है। बॉलीवुड में जहां दूसरी अभिनेत्रियों को अक्सर वेस्टर्न आउटफिट में देखा जाता है वहीं सारा इंडियन ड्रेस में स्पॉट होती हैं। उनका नमस्ते बोलने का एक अलग अंदाज है।

सारा ने कहा कि जब वह दूसरी अभिनेत्रियों को उनकी कॉपी करती हुई देखती हैं तो उन्हें चिढ़ मचती थी। सारा के विनम्र स्वभाव के फैन्स कायल हो जाते हैं। इन दिनों वह अपनी फिल्म 'मर्डर मुबारक' के प्रमोशन में बिजी हैं। इसी दौरान एक इंटरव्यू में बताया कि दूसरी अभिनेत्रियां भी उनकी कॉपी करने लगती हैं और फैन्स उन्हें तुरंत पकड़ लेते हैं। वायरल हो रहे एक वीडियो में सारा ने कहा, 'मुझे बहुत परेशानी होती थी जब मैं देखती थी कि मेरी नकल की जा रही है। जैसे नमस्ते करना, यह कोई एक्ट करना नहीं है बल्कि मैं वाकई लोगों का इसी तरह अभिवादन करती हूं और अब यह पॉपुलर हो गया तो हर लड़की यह करती दिख रही थी।'

सारा ने आगे कहा, एयरपोर्ट पर इंडियन आउटफिट पहनना, गीले बालों के साथ जाना... यह सब मुझे इरिटेट करता था जब अन्य लड़कियां ऐसा करती थीं लेकिन मुझे एहसास हुआ कि मेरे दर्शक जानते हैं कि यह मैं हूं। अब मुझे परेशानी नहीं होती। लोग ही लिखने लगते हैं, 'सारा को कॉपी कर रही है।' अब मुझे यह मनोरंजनक लगता है। अब मुझे ऐसा लग रहा है कि अच्छा ठीक है बहन, कर ले। फिल्म 'मर्डर मुबारक' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई।

## हॉलीवुड मसाला




# क्रिस्टी ली को हुआ स्किन कैंसर

**लसॅस एंजिलिस।** अमेरिकन एक्ट्रेस और मॉडल क्रिस्टी ली ब्रिंकले को स्किन कैंसर हुआ है, और इस न्यूज से उनके फैंस को बड़ा झटका लगा है। हालांकि, अच्छी बात यह रही कि क्रिस्टी ली को जल्द ही खुद को कैंसर होने का पता चल गया, जिसके बाद डॉक्टरों ने उनका कैंसर निकाल दिया है। क्रिस्टी ली ब्रिंकले ने हाल ही अस्पताल से अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें उन्होंने चेहरे का कैंसर से प्रभावित हिस्सा दिखाया। उनके माथे पर एक तरफ स्किन का हिस्सा रिमूव करने के बाद डॉक्टरों ने पट्टी लगा रखी थी।




# हॉलीवुड सिंगर एड शीरन ने किया सिग्नेचर पोज

**लॉस एंजिलिस।** हाल ही में हॉलीवुड सिंगर एड शीरन इंडिया आए तो वो भी एसआरके से मिले बिना नहीं रह पाए। यहां तक कि उन्होंने शाहरुख के साथ उनका सिग्नेचर स्टेप भी किया, जिसका वीडियो इंटरनेट पर छाया हुआ है। अमेरिकन सिंगर और सॉन्ग राइटर एड शीरन भारत में कॉन्सर्ट करेंगे। ये इंडिया में उनका तीसरा कॉन्सर्ट है, जोकि 16 मार्च को मुंबई के महालक्ष्मी रेस कोर्स ग्राउंड्स में आयोजित होगा। इससे पहले वो मुंबई में काफी इंजॉय कर रहे हैं। फराह खान ने सोशल मीडिया पर 'परफेक्ट', 'शेप ऑफ यू' जैसे सुपरहिट गानों के सिंगर एड शीरन के साथ फोटोज शेयर की हैं। एक वीडियो में एड शीरन, शाहरुख खान के साथ नजर आ रहे हैं। दोनों एसआरके का सिग्नेचर पोज देते हैं और इसके बाद शाहरुख उन्हें प्यार से गले लगा लेते हैं।



# अमिताभ बच्चन अस्पताल से लौटे घर


**मुंबई।** अमिताभ बच्चन को एंजियोप्लास्टी के बाद हॉस्पिटल से छुट्टी मिल गई है और वह बिल्कुल ठीक हैं। बताया गया है कि उनकी ये एंजियोप्लास्टी हार्ट की नहीं बल्कि पैर में क्लॉट की हुई है। बिग बी के फैन्स के जैसे ही उनके हॉस्पिटलाइज होने की खबर मिली, वे उनके स्वस्थ होने की प्रार्थना करने लगे। बता दें कि शुक्रवार को सुबह ये खबर आई कि एक्टर को हॉस्पिटलाइज किया गया है, जहां उनकी एंजियोप्लास्टी होनी है। एक्टपैर को कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जो फैन्स इस बात को लेकर घबराए हुए थे कि उनके हार्ट की एंजियोप्लास्टी हुई है, उन्हें बता दें कि ऐसा नहीं है। दरअसल उनके पैर में बने क्लॉट की वजह से पैर की एंजियोप्लास्टी की गई है। बिग बी के स्वास्थ्य के बारे में एक सूत्र ने बताया, 'उन्हें शुक्रवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



# कार्तिक ने खरीदी करोड़ों की लग्जरी कार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग में व्यस्त हैं। अब हाल ही में अभिनेता ने अपने फैंस के साथ एक खुशखबरी साझा की है। दरअसल, अभिनेता ने नई शानदार लग्जरी कार खरीदी है। अभिनेता ने हाल ही में एक रेंज रोवर एसवी खरीदी है, जिसकी कीमत छह करोड़ रुपये है। गुरुवार को कार्तिक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें वे पूजा करते और अपनी नई कार का स्वागत करते नजर आए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें वह अपनी शानदार कार के डिक्की में खुशी से बैठे नजर आ रहे हैं। कार्तिक के साथ उनकी पालतू पेट कटोरी भी थीं। इस दौरान वे आरामदायक शर्ट, सफेद पतलून और कोल्हापुरी चप्पल पहने कैजुअल लुक में नजर आए।

## टीवी मसाला



दंगल फैमिली अवार्ड

# जैकलीन और रश्मि का होगा डांस, हीना-वरुण करेंगे मेजबानी

**मुंबई।** दंगल फैमिली अवार्ड 2024 की चमचमाती शाम में चैनल की उपलब्धियां, शानदार कंटेंट के प्रति चैनल की प्रतिबद्धता, एकता और चैनल के सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद देने के लिए एक उत्सव मनाया जाएगा, जिसकी बदौलत ही आज दंगल टीवी देशभर में परिवारों की पहली पसंद बना है। दंगल फैमिली अवार्ड की शाम अविस्मरणीय अनुभवों और मनोरंजन से भरपूर होगी। इस कार्यक्रम में न सिर्फ सफलता का जश्न मनाया जाएगा बल्कि, चैनल से जुड़े सभी लोगों के परिश्रम को भी पहचान और प्रशंसा मिलेगी। इसमें शामिल है दर्शक, प्रतिभावान एक्टर, लेखक और इससे जुड़े सभी प्रोडक्शन हाउस।

### जैकलीन, मीका देंगे प्रस्तुति

शाश्वत सुंदरी हिना खान और एक दिलकश व्यक्तित्व के स्वामी वरुण शर्मा दंगल फैमिली अवार्ड 2024 की मेजबानी करेंगे। कार्यक्रम में फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कुछ बड़े नाम जैसे की जैकलीन फर्नांडीज, मीका सिंह, रश्मि देसाई, अपनी शानदार और आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे और साथ ही मेंटालिस्ट सुहानी शाह अपनी मन पढ़ने की अपनी कला का खूबसूरत प्रदर्शन भी करेंगे।

### रविकिशन, मनोज तिवारी होंगे शामिल

इसके अलावा दंगल फैमिली अवार्ड में सुभाष घई, रवि किशन, मनोज तिवारी, राकेश चौरसिया, रितु शिवपुरी, अनीता हसनंदानी रेडी, उर्वशी ढोलकिया, शमा सिकंदर, रवि दुबे, रोहित वर्मा, स्नेहा वाघ, रिधिमा पंडित, दीपशिखा नागपाल, अयूब खान, पारुल चौहान, अपार मेहता, मानव गोयल, मौली गांगुली, तरुण खन्ना, इंद्र कृष्णन, नीलू बाघेला आदि शामिल होंगे।

### 17 को होगा ऑन एयर

दंगल फैमिली अवार्ड 2024 की शाम एक यादगार अनुभव देने का वादा करने के साथ ही परिवार, रिश्तों और प्यार को साथ लाकर दंगल टीवी के सफलता का जश्न मनाने और दंगल टीवी की आत्मा को परिभाषित करने के लिए तैयार है। परिवार, सफलता और मनोरंजन के इस अनोखे और अद्भुत समागम, दंगल टीवी अवॉर्ड्स 2024 को आप देख सकते हैं 17 मार्च को 7 बजे से ।

# साल की पहली सुपरहिट फिल्म बनेगी 'शैतान'

**मुंबई।** अजय देवगन और आर माधवन की 'शैतान' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद से कहीं बेहतर कमाई कर रही है। सही मायने में हॉरर फिल्म होने के कारण इस फिल्म से बहुत उम्मीदें नहीं थीं। लेकिन ट्रेलर को मिले जबरदस्त रेस्पॉन्स के बाद जिस तरह इसने दर्शकों को रिझाया है, वह तारीफ के काबिल है। वर्ल्डवाइड 6 दिनों में यह फिल्म 100 करोड़ से अधकि की कमाई कर चुकी है। पहले ऐसा लग रहा था कि अपने पहले हफ्ते में 'शैतान' भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 75 करोड़ रुपये तक की कमाई करेगी। लेकिन अब आंकड़े 80 करोड़ तक पहुंचने वाले हैं। विकास बहल के डायरेक्शन में बनी 'शैतान' का बजट 60 करोड़ रुपये है। जिस रफ्तार से कमाई हो रही है, यह अपने दूसरे वीकेंड में देश में भी 100 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी। ऐसा होते ही 'शैतान' साल 2024 में बॉलीवुड की पहली सुपरहिट फिल्म बन जाएगी।



# योद्धा का पहले दिन शानदार कलेक्शन



**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पाटनी की फिल्म 'योद्धा' ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। पुष्कर ओझा और सागर अंब्रे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को क्रिटिक्स से मिले-जुले रिव्यू मिल रहे हैं। वहीं दर्शक सिद्धार्थ मल्होत्रा के एक्शन की खूब तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियोज वायरल हो रहे हैं। इन वीडियोज में सिद्धार्थ की एंट्री पर दर्शकों की तालियां की गूंज सुनाई दे रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'योद्धा' पहले दिन 6.4 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर सकती है। स्पष्ट कर दें, ये शुरुआती आंकड़ा है। बॉक्स ऑफिस कलेक्शन का फाइनल आंकड़ा कल सुबह तक सामने आएगा। यदि फिल्म पहले दिन 6.2 करोड़ रुपये से ज्याद का कलेक्शन कर लेती है तो ये साल 2024 की ओपनिंग डे पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चौथी फिल्म बन जाएगी।



# फिर बड़ी स्क्रीन पर लौटेंगी 'मधुबाला'

### बायोपिक का ऐलान

**मुंबई।** मधुबाला की जिंदगी को बड़े पर्दे पर उतारने की कमान फिल्ममेकर जसमीत के रीन ने संभाल ली हैं। ये वहीं निर्देशक हैं जिन्होंने आलिया भट्ट की फिल्म 'डार्लिंग्स' को डायरेक्ट किया था। इस बात का आधिकारिक तौर पर ऐलान सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोड्यूसर्स ने किया है। इस खबर के आते ही फैंस काफी खुश है और इस फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मधुबाला की इस मचअवेटेड बायोपिक को उनकी बहन मधुर बृज भूषण, अरविंद कुमार मालवीय के साथ मिलकर को-प्रोड्यूस कर रही हैं। इस बायोपिक का निर्माण मधुबाला वेंचर्स के तहत किया जाएगा। इस फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए सोनी पिक्स फिल्म ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो के साथ पोस्ट किया है।



### एक्टिंग और खूबसूरती में मधुबाला लाजवाब

मधुबाला ने हिंदी सिनेमाजगत में अपने काम से ऐसी छाप छोड़ी कि आज भी लोग उनकी तारीफ करते हैं। मधुबाला जितनी प्रोफेशन लाइफ बेहतरीन थी उनकी निजी लाइफ उतनी ही दर्द भरी। एक्ट्रेस की जिंदगी में एक वक्त ऐसा आया कि उन्हें दिल की बीमारी के अलावा की बीमारियों ने जकड़ लिया था। इसके बाद उनका निधन 1969 में महज 36 साल की उम्र में हो गया। फिल्मों की बात करें 'मुगल-ए-आजम', 'मिस्टर और मिसेज 55', 'काला पानी', 'चलती का नाम गाड़ी', 'महल', 'मधुबाला', 'अमर' और 'तराना' शामिल है।

### कौन निभाएगा लीड रोल?

फिल्म का ऐलान करते हुए लिखा- 'हमें आपको ये बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हम लोग वेटरन एक्ट्रेस मधुबाला पर बायोपिक बना रहे हैं। आप भी इस बेहतरीन एक्ट्रेस के शानदार सफर को देखने के लिए तैयार हो जाइए।' हालांकि इस फिल्म मधुबाला का रोल कौन सी एक्ट्रेस निभाएंगी ये अभी तक रिवील नहीं हुआ है।



# 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' नहीं है पहली फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट 15 मार्च को अपना 31वां जन्मदिन मना रही हैं। बर्थडे से एक दिन पहले ही पैपराजी ने उन्हें ढेर सारी बधाई दे दी। आलिया भट्ट भले ही बॉलीवुड के मशहूर फिल्ममेकर महेश भट्ट और एक्ट्रेस सोनी राजदान की बेटी, पूजा भट्ट की बहन हैं, लेकिन उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान खुद के दम पर बनाई है। आलिया भट्ट ने बतौर एक्ट्रेस 2012 में आई फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' में काम किया था। लेकिन एक्टिंग की दुनिया में वह बहुत पहले ही कदम रख चुकी थीं। जी हां! ये बतौर एक्टर आलिया की डेब्यू फिल्म नहीं थी, वह छह साल की उम्र में ही इंडस्ट्री में कदम रख चुकी थीं। उन्होंने प्रीति जिंटा की फिल्म 'संघर्ष' में काम किया था। ये फिल्म साल 1999 में आई थी और इसमें आलिया ने प्रीति जिंटा के बचपन का रोल निभाया था। भले ही आलिया एक महान फिल्ममेकर की बेटी हैं, लेकिन उन्हें ब्रेक उनके पिता ने नहीं दिया। 'संघर्ष' को तनुजा चंद्रा ने डायरेक्ट किया था और 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' करण जौहर की फिल्म थी। इसके बाद वह 'हाईवे', 'टू स्टेट्स', 'डियर जिंदगी', 'राजी', 'कलंक', 'डार्लिंग्स', 'गंगुबाई काठियावाड़ी', 'आरआरआर', 'ब्रह्मास्त्र', 'रॉकी और रानी' जैसी कई बॉलीवुड फिल्में की हैं। हर फिल्म में आलिया ने अलग किरदार निभाया है।

## खबर संक्षेप

### करहिया मंडी को हाईटेक मंडी बनाया जाएगा:शुक्ल



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री जेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा की करहिया आदर्श मंडी को हाईटेक बनाया जाएगा। उन्होंने रीवा में करहिया मंडी परिसर में आईडीबीआई बैंक की नई शाखा का शुभारंभ किया। शुक्ल ने कहा कि मंडी में ट्रक व अन्य वाहनों के पार्किंग, शेड के साथ ही हम्मालों के लिये रेस्ट हाउस भी बनाया जाएगा।

### पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी को केंद्र से मिला ए ग्रेड

**भोपाल।** विद्युत मंत्रालय भारत सरकार ने देश भर के 55 बिजली वितरण कंपनियों, सेवा प्रदाता संस्थाओं की ऑल इंडिया रेटिंग सूची जारी की है। केंद्रीय विद्युत मंत्री आरके सिंह द्वारा जारी सूची में मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को सूची में ए ग्रेड दिया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर कंपनी प्रबंधन, कर्मचारी एवं अधिकारियों को बधाई दी है।

प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना
चित्रकूट विप्रा को कैबिनेट की मंजूरी

# मुख्यमंत्री ने कहा- नहीं बंद की कोई योजना, बताईं सौ दिन की उपलब्धियां

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार के प्रथम तीन माह वित्तीय दृष्टि से उपलब्धि पूर्ण रहे हैं। तमाम अटकलों के बावजूद हमने कोई भी योजना बंद नहीं की। सीएम डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री कृषक मित्र योजना और चित्रकूट विकास प्राधिकरण के गठन को मंजूरी दे दी गई। बैठक में उज्जैन रेल्वे स्टेशन से महाकाल तक सहित सागर और जबलपुर के रोप वे को मंजूरी दी गई। बैठक में केन-बेतवा लिंक परियोजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण में कराए जाने वाले कार्यों के लिए लागत राशि 24 हजार 293 करोड़ 24 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र के छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पन्ना, दमोह, सागर, दतिया एवं बेतवा बेसिन के विदिशा, शिवपुरी, रायसेन जिले के सूखा प्रभावित 6,57,364 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई एवं लगभग 44 लाख आबादी को पेयजल सुविधा मिलेगी।

### केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए 24 हजार 293 करोड़ रुपए हुए मंजूर



### प्राधिकरण के लिए 20 करोड़, रोप वे का एमओयू

चित्रकूट विकास प्राधिकरण के लिए मंत्रिमंडल ने प 20 करोड़ रूपए की अनुदान राशि स्वीकृत की। प्रथम चरण में 4 स्थानों पर क्रमशः रेल्वे स्टेशन से महाकाल मंदिर, उज्जैन रोपवे, टिकिटोरिया माता मंदिर (सागर) फनीकुलर, एम्पायर स्टेडियम से गुरुद्वारा जबलपुर एवं सिविक सेंटर से बलदेवबाग के लिये भविष्य में साध्य पायी जाने वाली शेष रोपवे के लिये विकल्प चयन के लिये लोनिवि को अधिकृत किया जाने का अनुमोदन किया गया।

### यह है मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना

प्रधानमंत्री कृषक मित्र योजना को मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना को विस्तारित कर लागू किया जा रहा है। योजना का क्रियान्वयन मप्र ऊर्जा विकास निगम द्वारा केन्द्र शासन की कुसुम 'बी' में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। कृषक, कृषकों के समूहों को सोलर कृषि पम्प कनेक्शन प्रदान करने मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना अंतर्गत सोलर कृषि पम्प कनेक्शन भी दिया जा रहा है। बैठक में विवि पेंशनर्स को राज्य शासन के पेंशनर्स की भांति 7वें वेतनमान के अनुरूप पेंशन की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई।

### आध्यात्मिक अभ्युदय का कार्य कर रही सरकार

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माया नारोलिया ने



केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए 24 हजार 293 करोड़ की मंजूरी और धार्मिक स्थलों तक रोपवे की स्वीकृति प्रदान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

### शराब तस्करी के सिंडीकेट का खुलासा, 6 गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने शराब तस्करी के एक सिंडीकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक महिला समेत छह तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 113 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ सात मोबाइल जब्त किया हैं। पकड़े गए तस्कर बस में शराब से भरा कार्टून रखकर कोलकाता से ओड़िशा के रास्ते रायपुर में शराब खपाने ला रहे थे। इनमें तीन तस्कर ओड़िशा और तीन रायपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली थी कि ओड़िशा से रायपुर की ओर आने वाली बस ग्रांड स्लीपर में अवैध रूप से शराब परिवहन किया जा रहा है। पुलिस टीम ने मंदिर हसौद टोल नाका के पहले चेकिंग पाइंट लगाकर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान स्लीपर बस को आता देखकर रूकवाया गया। बस में अलग-अलग कार्टूनों में पैक कर करीब 113 बोतल अंग्रेजी शराब मिली। बस चालक ओड़िशा के जयंतसिंहपुर जिले के बनवालीपुर पोष्ट मोहिजीनपुर निवासी प्रेमाचंद परीडा (65), ओड़िशा के पुरी जिले के आइटोटा थाना उमरपाडा निवासी कंडेक्टर कैलाश चंद्र नायक (62) शराब से संबंधित वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि शराब की बोतलों से भरा कार्टून बनवालीपुर, ओडिशा के खुरदाराज जिले के खुरदा थाना बुलोगढ निवासी प्रशांत कुमार बरार (33) ने रायपुर की एक पार्टी को देने के लिए रखवाया था।

# क्रांतिसूर्य टंट्या भील और तात्या टोपे विवि शुरू, पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को खरगोन में टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना का डिजिटल लॉन्च भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 557 करोड़ रुपए लागत की सिंचाई योजनाओं का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि निमाड़ के विद्यार्थियों को अब इंदौर और उज्जैन नहीं जाना होगा। क्रांतिसूर्य टंट्या भील विवि खरगोन में अन्य विषयों के साथ ही आने वाले समय में कृषि विज्ञान की शिक्षा भी प्रदान की जाएगी। विवि परिसर तक आने जाने के लिए बस की व्यवस्था भी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निमाड़ की धरती वीरों की धरती है। यहां बाजीराव पेशवा ने प्राण त्यागे थे। वर्ष 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वीर टंट्या भील ने अंग्रेजों से




### यह बदलते दौर का मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में पीएम की कार्य संस्कृति के अनुकूल कार्य हो रहा है। यह बदलते दौर का मध्यप्रदेश है। खरगोन में विवि प्रारंभ करने की घोषणा को आज पूरा किया गया है। निमाड़ के खरगोन सहित बड़वानी, अलीराजपुर, खंडवा और बुरहानपुर जिले के63 हजार विद्यार्थी भी नए विवि से लाभान्वित होंगे। इसी तरह गुना में प्रारंभ तात्या टोपे विवि गुना सहित अशोक नगर और शिवपुरी जिलों के करीब 61 हजार छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी होगा।

कुरुक्षेत्र में गुरु रविदास स्मारक का भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

# 5.39 एकड़ भूमि पर 25 करोड़ से बनेगा स्मारक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में उमरी रोड़ कुरुक्षेत्र में 5.39 एकड़ भूमि पर बनने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास स्मारक का भूमि पूजन के साथ शिलान्यास किया। इस स्मारक का निर्माण कार्य लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से संपन्न किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संत शिरोमणि गुरु रविदास स्मारक के भूमि पूजन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश में गुरु रविदास जी के विशाल भव्य मंदिर का शिलान्यास किया था। इस भव्य स्वरूप को बनते हुए देखकर उनके मन में इसी प्रकार हरियाणा प्रदेश में भी गुरु रविदास के स्मारक के निर्माण का विचार आया ताकि संतों की प्रेरणा नई पीढ़ी को मिलती रहे। इसके लिए मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने कुरुक्षेत्र में 5 एकड़ भूमि में गुरु रविदास जके भवन निर्माण की घोषणा की थी और आज इसके निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा इसका निर्माण करवाया जाएगा। गुरू रविदास को नमन करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने प्रदेश के गरीबों, युवाओं, नारी शक्ति और किसान उत्थान की दिशा में पहल करते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि अब मुख्यमंत्री नायब सिंह इन योजनाओं को लगातार आगे बढाने का कार्य करेगें।

**प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में)**
परिसमापक का पता - 106, पहली मंजिल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकला, अंधेरी पूर्व, मुंबई - 400093, संपर्क +91 8693053567, ईमेल: liquidator.pratibha@gmail.com

**ई-नीलामी - आईबीसी, 2016 के तहत आस्तियों की बिक्री**

नीलामी की तिथि और समय: 10 अप्रैल 2024 (बुधवार) दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

परिसमापन प्रक्रिया विनियमों के विनियमन 33 के साथ पठित आईबीसी 2016 की धारा 35 (एफ) के तहत परिसमापन एस्टेट का हिस्सा बनने वाली कम्पनी प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में) के स्वामित्व वाली संपत्तियों की बिक्री। ई-नीलामी "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", "जो है वहां है" और "बिना रिकोर्स" के आधार पर आयोजित की जाएगी।
बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी सेवा प्रदाता नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड, वेबसाइट https://www.pda.nesl.co.in के माध्यम से की जाएगी।

राशि रु. में

| क्र. सं. | आस्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य | जमा धरोहर राशि | वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| | **विकल्प ए: चालू संस्था के रूप में कॉर्पोरेट देनदार की बिक्री नीलामी की तिथि और समय: 10 अप्रैल 2024 (बुधवार) दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे तक** | | | |
| 1. | चालू संस्था के रूप में कॉर्पोरेट देनदार की बिक्री (परित्याग की गई संपत्ति, चल रही और आगामी कानूनी/मध्यस्थता मामला) | 60,00,00,000 | 6,00,00,000 | 50,00,000 |
| | **विकल्प बी: आस्तियों की बिक्री नीलामी की तिथि और समय: 10 अप्रैल 2024 (बुधवार) दोपहर 02:00 बजे से 3:00 बजे तक** | | | |
| 1 | फ्लैट नं. 101, प्लॉट नं. 574, उषा कमल, टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे, चेंबूर नाका, चेंबूर, मुंबई 400071 | 2,05,00,000 | 20,50,000 | 2,00,000 |
| 2 | प्लांट एवं मशीनरी (सुरंग बोरिंग) मशीन 3 नं. और अन्य) | 28,35,00,000 | 2,83,50,000 | 25,00,000 |
| 3 | बीएमडब्ल्यू (सफेद)-एमएच 43 वी 0004 (मुंबई) | 26,35,000 | 2,63,500 | 50,000 |
| 4 | बीएमडब्ल्यू-एमएच 04 जीसी 8999 (मुंबई) | 12,75,000 | 1,27,500 | 50,000 |
| 5 | जगुआर- एमएच 04 जीयू 0010 (मुंबई) | 21,25,000 | 2,12,500 | 50,000 |
| 6 | बीएमडब्ल्यू (काला) - एमएच 04 ईएच 0009 (मुंबई) | 26,35,000 | 2,63,500 | 50,000 |
| 7 | मर्सिडीज बेंज जीएलएस 350डी 4 मैटिक-एमएच 04 एचयू 1899 (मुंबई) | 39,10,000 | 3,91,000 | 50,000 |
| 8 | अन्य वाहन मुंबई में स्थित हैं | 32,20,000 | 3,22,000 | 50,000 |
| 9 | दिल्ली में स्थित वाहन | 21,00,000 | 2,10,000 | 50,000 |

नीलामी प्रक्रिया हेतु टिप्पणी:
- प्रत्येक विकल्प/लॉट के लिए ईएमडी प्रस्तुत करने पर दोनों विकल्पों में बोली लगाने की अनुमति दी जाएगी।
- यदि विकल्प ए के तहत उच्चतम बोलीदाता उपरोक्त बिंदु में उल्लिखित बोली मूल्य प्रदान करता है, तो विकल्प ए के तहत एच 1 बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा और विकल्प बी के तहत ई-नीलामी रद्द कर दी जाएगी। अन्यथा विकल्प बी के तहत संबंधित लॉट में उच्चतम बोलीदाताओं को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा।

बोली दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि : 30 मार्च 2024 (शनिवार)
निरीक्षण की अंतिम तिथि : 6 अप्रैल 2024 (शनिवार)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 8 अप्रैल 2024 (सोमवार) शाम 5:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 10 अप्रैल 2024 (बुधवार) दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक

टिप्पणी : विस्तृत नियम एवं शर्तें, ई-नीलामी बोली दस्तावेज, घोषणा और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के अन्य विवरण https://pda.nesl.co.in और प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वेबसाइट https://www.pratibhagroup.com पर उपलब्ध हैं।
किसी भी स्पष्टीकरण के मामले में, कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता से liquidator.pratibha@gmail.com पर संपर्क करें।

हस्ता/-
एविल मेनेजेस
प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के परिसमापक के रूप में
असाइनमेंट के लिए प्राधिकरण वैधता 27 नवंबर 2024 तक
पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P00017/2016-17/10041
रजि. पता: 106, पहली मंजिल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकला, अंधेरी पूर्व, मुंबई - 400093
ईमेल: liquidator.pratibha@gmail.com

दिनांक: 16.03.2024
स्थान: मुम्बई

हरियाणा सरकार



"दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का मार्ग दिखाया था। यानि जो समाज की आखिरी पंक्ति में हैं, उनका उदय। 21वीं सदी का भारत इसी विचार से प्रेरणा लेते हुए अंत्योदय के लिए काम कर रहा है।"
- नरेन्द्र मोदी

**अंत्योदय आहार योजना के तहत भोजन कैंटीन**

मात्र ₹10 में भोजन सुविधा

हरियाणा में 127 विभिन्न स्थानों पर श्रमिकों के लिए उपलब्ध

समय - दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक

प्रतिदिन लगभग 27,000 श्रमिकों का भोजन उपलब्ध



इस योजना से 600 सामुदायिक समूह के सदस्यों को आजीविका में सुधार का अवसर भी मिल रहा है

**अम्बाला**
- बस स्टैंड, अम्बाला कैंट
- बलदेव नगर, नारायणगढ़ चौक
- प्लॉट नं. 2/37/1, शक्ति नगर, मानव चौक के पास
- प्लॉट नंबर 11-12, इंडस्ट्रियल एरिया, अम्बाला कैंट

**भिवानी**
- दुकान नंबर 1, अनाज मंडी, तोशाम
- कैंट रोड, दादरी गेट
- महम रोड, गौशाला के सामने

**फरीदाबाद**
- बाटा चौक NH-2
- अजरौंदा चौक
- लेबर चौक, सेक्टर 14-17 डिवाइडिंग रोड
- संजय कॉलोनी, राजेंद्र चौक
- लेबर कोर्ट कॉम्प्लेक्स, ओजोन केंद्र के सामने, सेक्टर-12
- भारत पेट्रोलियम पंप के सामने, सेक्टर-69, मेन रोड आई.एम.टी.
- श्रम कल्याण कार्यालय, डबुआ कॉलोनी
- बाबा दीप सिंह चौक/प्याली चौक
- तिकोना पार्क के पास, के.एल. मेहता रोड
- 2/3 डिवाइडिंग रोड के सामने (3 नंबर पुलिया चौक), शहीद भगत सिंह मार्ग
- 3 नंबर ESIC मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पास
- बाटा लेबर चौक के पास (नीलम बाटा रोड)
- बड़खल लेबर चौक के पास
- सेक्टर 68-69 डिवाइडिंग रोड के पास, मुख्य आई.एम.टी. रोड
- नंबर चुंगी के पास, डबुआ पाली रोड

**फतेहाबाद**
- लाजपत नगर, जी.टी. रोड, डी.सी.बी. बैंक के सामने

**गुरुग्राम**
- मेजर लक्ष्मी चंद रोड, पासपोर्ट कार्यालय के पास, सेक्टर-18
- भवानी एन्क्लेव बसई चौक के पास
- 742, उद्योग विहार चरण -V, उद्योग विहार, सेक्टर-19
- लेबर चौक, तिकोन पार्क, सोहना
- सोहना धानी मोड़, जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के पास
- सिविल अस्पताल मुख्य द्वार, सोहना
- पहली मंजिल इंडियन बैंक, विशाल मेगा मार्ट के निकट, सोहना
- सिकंदरपुर लेबर चौक
- प्लॉट नंबर 184, उद्योग विहार, चरण-1
- प्लॉट नंबर 209, उद्योग विहार, चरण-1 के पास, एम.डी.एच. फैक्ट्री के पास
- इफको चौक, वेस्टिन होटल के पास
- सुधीर जेनसेट, सेक्टर-34 गुरुग्राम के सामने
- ऑप-एलिगेंट स्पाइनर्स बेरमपुर रोड
- मेदावास चौक, सेक्टर-65 एम्मार सोसायटी के पास
- उलावास चौक
- निकट पुलिस स्टेशन, बादशाहपुर चौक
- लेबर चौक, भूतेश्वर मंदिर के पास
- राजीव चौक, वाहन पार्किंग क्षेत्र में
- ESI अस्पताल के सामने, सेक्टर-9ए
- लेबर चौक, सेक्टर-5
- लेबर चौक, सेक्टर-4, 5, 7 सर्कल, आई.एम.टी.

**मानेसर**
- खांडसा रोड, बीकानेर स्वीट्स के पास
- प्लॉट नंबर 754 के सामने, पेस सिटी-II, सेक्टर-37
- बसई चौक, द्वारका एक्सप्रेस-वे के अंतर्गत
- लेबर चौक, गढ़ी
- शनि मंदिर के निकट, दौलताबाद चुंगी के पास, दौलताबाद
- ग्राम कांकरोला, न्यू बास रोड
- जे.एन.एस. इंस्ट्रूमेंट लिमिटेड के पास, प्लॉट नंबर 4, टी-प्वाइंट, सेक्टर-3, आई.एम.टी. मानेसर
- बिलासपुर चौक, एन.एच.-8, मारुति शोरूम के पास, ग्राम बिलासपुर
- ESI अस्पताल के सामने, सेक्टर-3, आई.एम.टी. मानेसर
- मेन बास चौक, सेक्टर-7 के पास, आई.एम.टी. मानेसर

**हिसार**
- पड़ाव चौक, लेबर शेड
- दुकान नंबर 21, देवीलाल मार्किट, जींद चौक, हांसी
- दुकान नंबर 36, अग्रणी बाजार, आजाद नगर
- पुरानी अनाज मंडी, उकलाना
- ताज कॉलोनी, हांसी रोड, बरवाला

**जींद**
- लघु सचिवालय
- एस.डी.एम., जिला कार्यालय, सफीदों
- बी.डी.ओ. कार्यालय उझाना, तहसील नरवाना

**कैथल**
- पुरानी अनाज मंडी, रेलवे स्टेशन
- BOCW कार्यालय
- भगवान परशुराम सरकारी मेडिकल कॉलेज, मुंदरी गांव के पास

**करनाल**
- गांव अलीपुर खालसा, कोहंड रोड, घरौंडा
- पुरानी सब्जी मंडी रोड, मुगल नहर
- औद्योगिक क्षेत्र, एच.एस.आई.आई.डी.सी., सेक्टर-3
- गली नंबर 9, उत्तम नगर, फूसगढ़

**कुरुक्षेत्र**
- शाहाबाद बस स्टैंड के पास
- पिपली अनाज मंडी, 157-ए
- सेक्टर-2, औद्योगिक क्षेत्र

**नूंह**
- नूंह मुख्य चौक, अनाज मंडी के सामने,
- मुख्य गुड़गांव - अलवर रोड, नूंह
- रोज़का मेव औद्योगिक क्षेत्र, नूंह

**महेन्द्रगढ़**
- नारनौल पुरानी अनाज मंडी का भवन, पुराना मार्किट कमेटी कार्यालय, नारनौल
- महेन्द्रगढ़ लोक निर्माण विभाग कर्मचारी निवास भवन, यादव धर्मशाला और लेबर चौक के पास

**झज्जर**
- दहकोरा औद्योगिक क्षेत्र, कृष्णा धर्म कांटा के पास, दहकोरा - सांपला रोड, बहादुरगढ़
- सोमानी फैक्ट्री के पास, कसार रोड, सेक्टर-16, बहादुरगढ़
- पहली मंजिल, इंडियन बैंक बिल्डिंग के ऊपर, दिल्ली रोहतक रोड, पंडित श्री राम शर्मा मेट्रो स्टेशन के पास, बहादुरगढ़
- कैंटीन बिल्डिंग, सेक्टर-7, रिलायंस मार्ट, गांव दादरी तोए
- सेक्टर-8, रिलायंस मार्ट, गांव दादरी तोए

**मेवात**
- गोरखनाथ मंदिर चौक, जूमा बाजार, नूहं
- गेट नंबर-1, बस स्टैंड, नूहं
- शहीद हसन खान मेवाती गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल

**पलवल**
- प्रकाश, विहार, एपेक्स हॉस्पिटल के पास
- पृथला चौक, पृथला
- पलवल बस स्टैंड
- आगरा चौक
- होडल, तुला राम कॉलोनी, बस स्टैंड के पास

**पंचकूला**
- सेक्टर- 16-17 लेबर चौक
- तिरलोकपुर चौक, गांव रायपुररानी
- एच.एस.आई.आई.डी.सी. औद्योगिक क्षेत्र, अलीपुर चौक, बरवाला,
- हरियाणा रोडवेज़ वर्कशॉप, औद्योगिक क्षेत्र चरण-2

**पानीपत**
- वर्मा चौक कुट्टनी रोड
- विद्या नन्द कॉलोनी, जैन स्वीट वाली गली, सनोली रोड
- जट्टल रोड सैन कॉलोनी, लाल झंडे फैक्ट्री वाली गली
- कृष्णा गार्डन, सेक्टर-25
- बरसात रोड, नूरवाला चौक
- फ्लाईओवर जट्टल रोड, पानीपत के नीचे 99 मरला चौक
- फ्लोरा चौक, सेक्टर-29
- समालखा, फ्लाईओवर के नीचे, पुराना बस स्टैंड
- बिड़ला पेंट रिफाइनरी रोड
- एच.एस.आई.आई.डी.सी. क्षेत्र

**रेवाड़ी**
- धारूहेड़ा मोबाइल फूड वैन, धारूहेड़ा बस स्टैंड के पास
- श्री होशियार सिंह की बिल्डिंग, जिला अदालत के शहीदी स्मारक के सामने, बावल रोड
- धारूहेड़ा बिल्डिंग श्री जितेंद्र बास रोड, पावर हाउस के सामने, धारूहेड़ा
- टी-प्वाइंट, निप्पॉन पेंट्स के पास
- एच.एस.आई.आई.डी.सी. सेक्टर-3, बावल
- बावल बनीपुर चौक, स्थानीय बस स्टॉप शैड के पास, बस स्टैंड के सामने,
- टी प्वाइंट ओम नगर लेबर कॉलोनी
- एच.एस.आई.आई.डी.सी. औद्योगिक क्षेत्र, धारूहेड़ा
- मोबाइल फूड वैन कापड़ीवास चौक, सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास
- बूथ नंबर 7 और 8, ओल्ड आई.डी.सी., हिसार रोड
- एस.डी.एम. ब्लॉक, सांपला
- औद्योगिक क्षेत्र, सांपला-बेरी रोड, इस्माइलाबाद

**सिरसा**
- डॉ. इंद्रजीत वाली गली, सुरखाब चौक के पास

**सोनीपत**
- सब्जी मंडी के पास, कामी रोड
- ई.एस.आई. डिस्पेंसरी, एच.एस.आई.आई.डी.सी., मुरथल
- धतूरी-मलिकपुर रोड, गांव धतूरी
- एच.एस.आई.आई.डी.सी., राई
- अमन धर्म कांटा के पास, पियाउ मनियारी रोड, औद्योगिक क्षेत्र, कुंडली
- बोल बम धर्म कांटा के पास, गांव अकबरपुर बरोटा
- राम नगर संफेरा औद्योगिक क्षेत्र
- बरही औद्योगिक क्षेत्र मुख्य सर्किल प्वाइंट के पास बरही, गन्नौर
- लिवासपुर औद्योगिक क्षेत्र, बहालगढ़

**यमुनानगर**
- गांव कामीमाजरा, गैलेक्सी प्लाइवुड के पास
- औद्योगिक क्षेत्र, अग्निशमन कार्यालय के पास, जगाधरी, यमुनानगर
- ESI अस्पताल, जगाधरी
- गणेश धर्म कांटा के पास, खजूरी रोड

QR कोड स्कैन करके कैंटीन की सटीक लोकेशन पर पहुंचें

श्रम विभाग, हरियाणा
Haryana Building and Other Construction Workers Welfare Board

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# चुनावी 'चंदे' के लिए पारदर्शी नियम जरूरी

चुनावी बॉन्ड पर पारदर्शिता बहुत जरूरी है, जैसा सर्वोच्च न्यायालय कह रहा है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को अपने सभी रिकार्ड पारदर्शिता के साथ सार्वजनिक करने के लिए चुनाव आयोग को देना चाहिए। चुनावी बॉन्ड लाने का सरकार का मकसद ही यही था कि चुनावी चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आए। लेकिन बैंकों में जिस तरह चुनावी बॉन्ड बिका, उसमें अनेक स्तर पर अस्पष्टता बनी रही। किस पार्टी को किसने कितना चंदा दिया है, इसकी स्पष्टता एसबीआई द्वारा सुप्रीम कोर्ट को दिए आंकड़े में नहीं है, जिसके चलते ही शीर्ष कोर्ट एसबीआई के प्रति सख्त हुआ है। जनता को अगर पता ही न हो कि कौन किसे कितना चंदा दे रहा है, तो फिर पारदर्शिता कैसे आएगी। हालांकि इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए चुनावी चंदा देने वालों की लिस्ट चुनाव आयोग ने सार्वजनिक कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को एसबीआई से इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा डेटा चुनाव आयोग को देने का आदेश दिया था। इस मुद्दे पर चल रही राजनीति के बीच सरकार ने माना है कि चुनावी चंदे में पारदर्शिता के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड परफेक्ट सिस्टम नहीं है, पर पिछले सिस्टम से बेहतर जरूर है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सवाल भी उठाया कि क्या इलेक्टोरल बॉन्ड से पहले का सिस्टम फूलप्रूफ था? इसको लेकर नया कानून आएगा या नहीं, इस पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है, लेकिन सरकार ने कहा है कि इस सिस्टम को और पारदर्शी बनाने के लिए प्रयास जारी रहेगा। इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) को नोटिस जारी किया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि 11 मार्च के फैसले में स्पष्ट कहा गया था कि बॉन्ड की पूरी डिटेल खरीदी की तारीख, खरीदार का नाम, कैटेगरी समेत दी जाए, लेकिन एसबीआई ने यूनीक अल्फा न्यूमेरिक नंबर्स का खुलासा नहीं किया है। कोर्ट ने रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि चुनाव आयोग से मिले डेटा को 16 मार्च की शाम 5 बजे तक स्कैन और डिजिटलाइज किया जाए। प्रोसेस पूरी होने के बाद ओरिजनल कॉपी आयोग को लौटा दी जाए। एक कॉपी कोर्ट में रखी जाए और फिर इस डेटा को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 17 मार्च तक अपलोड किया जाए। चुनाव आयोग का कहना है कि उसने सुप्रीम कोर्ट को दो किश्तों में दस्तावेज दिए हैं, जिसमें अप्रैल 2019 से नवंबर 2023 तक का डेटा था। पहली किश्त में 106 सीलबंद लिफाफे और दूसरी किश्त में 523 सीलबंद लिफाफे वाले बक्से थे। इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने से जुड़े केस में एसबीआई की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 11 मार्च को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने एसबीआई से 12 मार्च तक डिटेल देने और चुनाव आयोग को 15 मार्च तक वेबसाइट पर इसे प्रकाशित करने को कहा था। इसके अलावा 30 जून तक का समय देने की एसबीआई की याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी थी। अभी यह मामला कोर्ट में है। 16 फरवरी के अपने फैसले में उच्चतम न्यायालय ने इलेक्टोरल बॉन्ड की मौजूदा व्यवस्था को असंवैधानिक करार देते हुए इसकी बिक्री पर रोक लगा दी थी। इसी के साथ इसका डेटा सार्वजनिक करने के भी आदेश दिए थे। तब से यह मुद्दा राजनीतिक बना हुआ है। विपक्ष लगातार सरकार को निशाने पर ले रहा है। बहरहाल, हमें सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले का इंतजार करना चाहिए और चुनावी चंदे की पारदर्शी प्रक्रिया बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। पॉलिटिकल फंडिंग देश में हमेशा विवाद का विषय हमेशा रहा है, इस पर सवाल भी उठते रहे हैं, आज जरूरत फुलप्रूफ प्लान लागू करने की है।



# नवलनी को क्या जवाब देंगे पुतिन

**रूसी चुनाव**
**शंभु भद्रा**

> रूस में राष्ट्रपति चुनाव जारी है। मतदान 15 मार्च से 17 मार्च तक चलेगा। माना जा रहा है कि मौजूदा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आसानी से जीत जाएंगे। जीत गए तो वर्ष 2030 तक वे रूस के राष्ट्रपति बने रहेंगे। बड़ा सवाल है कि राष्ट्रपति पुतिन विपक्ष विहीन जीत से रूसी लोकतंत्र को क्या मुंह दिखाएंगे? सामने कोई प्रतिद्वंद्वी ही ना हो तो उस जीत का क्या मजा है? पुतिन अपने वैचारिक विरोधी नेता एलेक्सी नवलनी को क्या जवाब देंगे, जब उनकी आत्मा सवाल पूछेगी कि आपकी जेल में मेरी असामयिक मौत कैसे हो गई? पुतिन नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया से आंख मिलाकर कह पाएंगे कि वे अपनी ही जेल में कैद नवलनी की रक्षा नहीं कर सके?

लोकतंत्र तभी बेहतर प्रदर्शन करता है, जब उसमें पक्ष व विपक्ष दोनों मजबूत होते हैं। रूस में राष्ट्रपति चुनाव जारी है। मतदान 15 मार्च से 17 मार्च तक चलेगा। माना जा रहा है कि मौजूदा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आसानी से जीत जाएंगे। जीत गए तो वर्ष 2030 तक वे रूस के राष्ट्रपति बने रहेंगे। बड़ा सवाल है कि राष्ट्रपति पुतिन विपक्ष विहीन जीत से रूसी लोकतंत्र को क्या मुंह दिखाएंगे? सामने कोई प्रतिद्वंद्वी ही ना हो तो उस जीत का क्या मजा है? पुतिन अपने वैचारिक विरोधी नेता एलेक्सी नवलनी को क्या जवाब देंगे, जब उनकी आत्मा सवाल पूछेगी कि आपके राष्ट्रपति रहते हुए आपकी जेल में मेरी असामयिक मौत कैसे हो गई? खुद को मजबूत नेता मानने वाले पुतिन नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया से आंख मिलाकर कह पाएंगे कि वे अपनी ही जेल में कैद नवलनी की रक्षा नहीं कर सके? खुद को सर्वशक्तिमान रूसी नेता के तौर पर प्रचारित करने वाले पुतिन क्या अपनी आवाम से कहेंगे कि वे दरअसल अंदर से एक बेहद डरे हुए नेता हैं, जिन्हें स्वयं पर अपनी जीत का भरोसा नहीं है और शायद इसलिए वे हर वो हथकंडे अपना रहे हैं, जो एक ताकतवर नेता की जमीर के अनुरूप नहीं हैं? बस एक जीत के लिए इतना तिकड़म, सत्ता में बने रहने के लिए इतने उल्लंघन? राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया के दौरान विपक्षी नेताओं की राह रोक देना, रूसी संविधान में राष्ट्रपति के कार्यकाल को चार वर्ष से बढ़ाकर छह वर्ष कर देना, दो बार ही राष्ट्रपति बनने के नियम को अपने लिए बदल देना, आखिर क्यों? रूसी संविधान की भावना पर यह कुठाराघात क्यों? 1993 का संविधान रूस को गणतंत्रीय सरकार के साथ एक लोकतांत्रिक, संघीय, कानून-आधारित राज्य घोषित करता है। क्या रूस इस राह पर है? एक राष्ट्र नेता के तौर पर पुतिन रूसी आवाम को क्या मिसाल दे रहे हैं, आने वाली रूसी पीढ़ी के लिए पुतिन क्या आदर्श छोड़कर जाएंगे? फ्योदोर दोस्तोयेव्स्की व मैक्सिम गोर्की जैसे महान मानवतावादी लेखकों के रूस की राजनीतिक नैतिकता आज 'येनकेन प्रकारेण' सत्ता पाने व बने रहने के उपक्रम पर ठहर गई है? क्या महान रूसी क्रांति के जनक व्लादिमीर लेनिन ने 'पुतिन के रूस' की कल्पना की होगी? क्या एक महान सोवियत राष्ट्र के वारिस रूस दुनिया को राजनीतिक नैतिकता और प्रेरक व आदर्श लोकतंत्र का संदेश दे रहा है? इन सभी सवालों के जवाब न में हैं। यह चुनाव इन सभी सवालों के साये में हो रहा है, यह चुनाव यूक्रेन से युद्ध के साये में भी हो रहा है। युद्ध कभी भी शांति का मार्ग नहीं रहा है, न ही युद्ध किसी नेता को महान नेताओं की कतार में खड़ा करता है। महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला, आंग सान सू की विश्व के सामने उदाहरण हैं।

भारतीय मिथक में 'ययाति' के प्रतीक को चरितार्थ कर रहे पुतिन की अनेक खूबियां भी हैं। अमेरिकी व यूरोपीय मनमानियों के सामने दृढ़ता से खड़े हैं। शीत युद्ध की समाप्ति, रूसी साम्यवाद की विफलता व यूएसएसआर के विघटन के बाद कमजोर पड़े रूस की महाशक्ति वाली ख्याति लौटाने में पुतिन ने काफी हद तक सफलता पाई है। अब बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था में रूस एक



शक्ति केंद्र के रूप में स्थापित है। पहले वर्ष 2000 से 2008 तक दो कार्यकाल तक राष्ट्रपति रहने के बाद पुतिन 2012 से लगातार रूस के राष्ट्रपति हैं। वर्ष 2011 से पहले रूसी राष्ट्रपति का कार्यकाल चार वर्ष का था, इस वर्ष कानून बनाकर कार्यकाल छह वर्ष कर दिया। संविधान में संशोधन कर 'दो बार ही' कार्यकाल की बाध्यता को भी समाप्त कर दिया गया। पुतिन 2024 में पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति बनेंगे। यह चुनाव जोसेफ स्टालिन के बाद सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले क्रेमलिन प्रमुख को सत्ता में एक और छह साल का कार्यकाल देगा।


यूक्रेन से युद्ध के साये में हो रहे इस चुनाव में 87 वर्षीय पुतिन की साख भी दांव पर है। युद्ध के बाद अमेरिकी व यूरोपीय प्रतिबंध के चलते लड़खड़ायी रूसी अर्थव्यवस्था को जिस कुशलता से पुतिन ने संभाला है, तीन वर्ष से जंग लड़ते हुए महंगाई (2.38 प्रतिशत), बेरोजगारी (3.3 प्रतिशत), कमजोर होती रूसी मुद्रा रूबल व राजकोषीय घाटा से पार पाया है, घरेलू आपूर्ति सिस्टम व कृषि क्षेत्र को सुधारा है, अमेरिकी कूटनीति का सामना करते हुए रूसी अस्मिता को मजबूत किया है, नाटो की धौंस से बिना डरे एक निडर नेता की छवि बनाई है, रूसी चुनाव में उन्हें इन खूबियों का फायदा अवश्य मिलेगा, लेकिन इस चुनाव से एक माह पहले फरवरी में जिस तरह रूस में लोकप्रिय विपक्षी नेता नवलनी की जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है, उससे पुतिन की साख पर आंच भी आई है। नवलनी ने अपने आखिरी सार्वजनिक संदेशों में रूसी आवाम से अपील की थी कि वे 17 मार्च को भारी मतदान करके पुतिन के खिलाफ विरोध जताएं। नवलनी रूस में अब एक विचार बन चुके हैं। पुतिन पर अपने राजनीतिक विरोधियों के प्रति क्रूर बर्ताव के आरोप लगते रहे हैं। मतदान वहां भी हो रहा जिसे रूस अपना नया क्षेत्र कहता है। यूक्रेन के कुछ हिस्से अब रूसी सेनाओं के नियंत्रण में हैं, जिन्हें रूसी कानून के तहत रखा गया है। इस चुनाव में करीब 13 करोड़ लोगों (घरेलू व विदेश में बसे रूसी नागरिक) को मताधिकार प्राप्त है, जिसमें से 7 से 8 आठ करोड़ लोग मतदान करते हैं। 2018 में 67.5 फीसदी वोटिंग हुई थी। यह रूस में 8वां राष्ट्रपति चुनाव है। यदि किसी भी उम्मीदवार को आधे से अधिक वोट नहीं मिलते हैं, तो दूसरा दौर 7 अप्रैल 2024 को होगा, जिसमें दो सर्वाधिक वोट पाने वाले नेताओं के बीच मुकाबला होगा। चुनाव परिणाम 7 मई को घोषित होगा। वैसे अग्रिम मतदान से संकेत मिलता है कि पुतिन 75 प्रतिशत वोट अर्जित करेंगे और उनके तीन मुख्य विरोधियों में से प्रत्येक को 5 फीसदी या उससे कम वोट मिलेंगे।

गत नवंबर में, राज्य ड्यूमा के पूर्व सदस्य बोरिस नादेज़दीन अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करने वाले पहले व्यक्ति बने। उनके बाद दिसंबर में स्वतंत्र उम्मीदवार पुतिन आए, जो 2020 के संवैधानिक संशोधनों के चलते फिर से चुनाव लड़ने के लिए पात्र हैं। 2020 में संशोधनों ने औपचारिक रूप से पुतिन के अपने राष्ट्रपति पद की संख्या को 2024 से शून्य कर दिया, तो वे अब 2036 तक राष्ट्रपति पद के लिए योग्य रहेंगे। चुनाव प्रक्रिया के प्रारंभिक चरण को पार करने के बावजूद, 8 फरवरी 2024 को, कथित अनियमितताओं का हवाला देकर नादेज़दीन को रोक दिया गया। जैसा कि 2018 के राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी नेता, एलेक्सी नवलनी को रोक दिया गया था। अभी केवल चार उम्मीदवार निर्दलीय व्लादिमीर पुतिन, कम्युनिस्ट निकोलाई खारितोनोव, राष्ट्रवादी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता लियोनिद स्लटस्की और न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव मैदान में हैं। घरेलू जनमत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि पुतिन की अनुमोदन रेटिंग 85 फीसदी है, जो यूक्रेन पर आक्रमण से पहले की तुलना में अधिक है। पुतिन की जीत यूक्रेन से युद्ध के फैसले पर भी जनता की मुहर होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



चंडीगढ़ का रॉक गार्डन दुनिया के सबसे ज्यादा फेमस गार्डंस में शुमार है। देश के मशहूर रॉक आर्टिस्ट नेकचंद ने वेस्ट मैटीरियल से करीब 40 एकड़ में इस गार्डन को तैयार किया था। नेकचंद ने 1957 में यह नेक पहल की। 18 साल के अथक प्रयास के बाद इस विश्वप्रसिद्ध रॉक गार्डन को तैयार कर सके।

## सत्य में ऐसी शक्ति जो आपको सौ झूठ से बचाए



संकलित
**दर्शन**

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते। गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं।

## किसी व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

## राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस

**योगेश कुमार गोयल**




# बीमारियों को रोकने का प्रभावी माध्यम टीकाकरण

भारत में लोगों को टीकाकरण का महत्व बताने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 16 मार्च को 'राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस' मनाया जाता है। दरअसल टीकाकरण कई गंभीर संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए बेहद जरूरी होता है। यह दिवस मनाने का उद्देश्य गंभीर बीमारियों से लड़ने के लिए टीकाकरण के महत्व को लेकर लोगों को जागरूक करना है, साथ ही यह प्रत्येक बच्चे के टीकाकरण को सुनिश्चित करने के लिए डॉक्टरों और फ्रंटलाइन हैल्थ केयर वर्कर्स की कड़ी मेहनत को सराहने का भी अवसर है। यह अवसर टीकाकरण की आवश्यकता को दर्शाते हुए लोगों को स्वस्थ रहने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। टीकाकरण दिवस एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य देखभाल श्रमिकों, साथ ही अन्य हितधारकों और उनके काम की योग्य मान्यता को प्रोत्साहित करना है। वैक्सीन कई खतरनाक और गंभीर बीमारियों को रोकने का एक प्रभावी माध्यम है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि टीकाकरण की मदद से प्रतिवर्ष 2-3 मिलियन लोगों की जान बचाई जाती है। प्रतिवर्ष 16 मार्च को ही राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि यह दिन पोलियो बीमारी के खिलाफ भारत की जीत का प्रतीक है। देश में पहली ओरल पोलियो वैक्सीन खुराक देने की शुरुआत 16 मार्च 1995 को हुई थी। उसी के साथ भारत सरकार ने पोलियो को जड़ से खत्म करने का अभियान 'पल्स पोलियो' शुरू किया था। पोलियो के खिलाफ व्यापक रूप से चलाए गए उस अभियान के परिणामस्वरूप ही भारत 2014 में पोलियो मुक्त देश बना था। भारत में पोलियो का आखिरी मामला 2011 में पश्चिम बंगाल में दर्ज किया गया था और 2014 में डब्ल्यूएचओ द्वारा भारत को पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित कर दिया गया था। पोलियो और चेचक जैसी महामारी का रूप ले चुकी बीमारियों से निजात दिलाने के लिए तो देश में समय-समय पर टीकाकरण अभियान चलाए ही जाते रहे लेकिन देश का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान 2020 में कोविड महामारी के बाद चलाया गया और उस दौरान टीकाकरण का महत्व सर्वोपरि हो गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत ने वर्ष 2017 से 2020 के बीच 32.4 करोड़ बच्चों का एमआर (खसरा-रूबेला) टीकाकरण किया था। बहरहाल, टीकाकरण किसी बीमारी के खिलाफ शरीर में प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित करने का एक ऐसा सुरक्षित तरीका है, जो शरीर को खतरों से लड़ने का तरीका सिखाकर प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है। टीकों में मृत अथवा जीवित अवस्था में सूक्ष्मजीव तथा वायरस शामिल होते हैं। टीके शरीर की प्रतिरक्षा को उत्तेजित करते हैं और इसी के परिणामस्वरूप बीमारियों की रोकथाम होती है। कुछ बीमारियों के लिए तो टीकाकरण आजीवन सुरक्षा प्रदान करता है जबकि कुछ के लिए इसका प्रभाव कुछ वर्षों बाद कम हो जाता है और फिर बूस्टर खुराक की आवश्यकता होती है। चूंकि विगत कुछ दशकों में टीबी, टेटनस तथा कुछ अन्य घातक बीमारियों से लड़ने के लिए देश में टीकों ने हथियार बनकर लाखों लोगों की जान बचाई है, इसीलिए टीकाकरण के महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दहेज की कुप्रथा का अंत कैसे होगा

दहेज का मतलब होता है बेटी को शादी के समय अपनी खुशी से कोई उपहार देना। भारत में यह प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। लेकिन आधुनिक और भौतिकवाद के समय में आज कुछ लालची लोगों ने इसे कुप्रथा बना दिया है। हमारे देश में दहेज कुप्रथा अभी भी पैर पसारे हुए है। प्रदेश में भी इस कुप्रथा का चलन कोई कम नहीं है। यहां भी दहेज लेने-देने की रूढ़िवादी परंपरा गरीबों के लिए अभिशाप बनी हुई है। दहेज के बहुत से रूप हैं, सोना, चांदी, गाड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, और भी न जाने क्या कुछ। शादी के समय वधू पक्ष की तरफ से वर पक्ष के रिश्तेदारों को कपड़े, कंबल आदि सामान देने की रूढ़िवादी रीत चली हुई है। **- बंसत पटेल**, बलौदा बाजार

## ट्रेंड

### खर्च काफी कम हो गया



पीएम राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत देशभर में गरीब मरीजों को मुफ्त डायलिसिस सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस पहल से जरूरतमंद मरीजों की जेब से होने वाला खर्च काफी कम हो गया है।
**-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री**

### 50 फीसदी पैसा बीजेपी को



भारतीय स्टेट बैंक की ओर से जारी आंकड़ों से पता चलता है कि चुनावी बॉन्ड से जुटाए गए कुल पैसे में से बीजेपी को 50 फीसदी जबकि प्रमुख विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को केवल 11 प्रतिशत धन मिला।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### परेशानी में धकेल रही बीजेपी



इन पाकिस्तानियों की हिम्मत? पहले हमारे देश में घुसपैठ की, हमारे देश का क़ानून तोड़ा। इन्हें जेल में होना चाहिए था। हमारे देश में प्रदर्शन कर रहे? सीएए आने के बाद ये लोगों को परेशान करेंगे। बीजेपी इन्हें अपना वोट बैंक बनाने के स्वार्थ में देश को परेशानी में धकेल रही है।
**-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली**

### टूजी से भी बड़ा घोटाला



इलेक्टोरल बॉन्ड का जो ख़ुलासा हुआ है वह टूजी घोटाले से भी बड़ा घोटाला उजागर करता है। जैसे टूजी और कोयला घोटाले के मामलों में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की गई थी वैसे ही इसमें भी होनी चाहिए।
**-प्रशांत भूषण, वरिष्ठ अधिवक्ता**

## करंट अफेयर

# इमरान खान की पार्टी का एसआईसी में विलय संभव



जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के एक शीर्ष नेता ने कहा है कि निर्वाचन आयोग उनकी पार्टी के हालिया सांगठनिक चुनावों को अगर स्वीकार कर लेता है और उसका प्रतिष्ठित चुनाव चिह्न लौटा देता है तो उनकी पार्टी सुन्नी इत्तेहाद परिषद (एसआईसी) में विलय कर लेगी। एक मीडिया रिपोर्ट में शुक्रवार को यह जानकारी देगी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नेता असद कैसर ने 'डॉनन्यूजटीवी' के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि अगर पार्टी को हालिया संगठनात्मक चुनावों के बाद उसका क्रिकेट का बल्ला चुनाव चिह्न वापस मिल जाता है तो दोनों पार्टियां विलय कर लेंगी और 'पीटीआई के रूप में रहेंगी'। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का एक राजनीतिक गठबंधन है। इसमें खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हो गए, जिन्होंने आठ फरवरी के चुनाव में जीत हासिल की। यह पूछे जाने पर कि क्या एसआईसी में शामिल होने वाले पीटीआई समर्थित उम्मीदवार इसमें बने रहेंगे, कैसर ने कहा, 'हां, हम बने रहेंगे लेकिन हम इसमें विलय भी करेंगे।'

## ऑफ बीट

# मृत प्रियजन के एआई संस्करण हुए संभव



हम सभी को किसी को खोने पर शोक का अनुभव होता है। हालाँकि, कल्पना कीजिए कि आपको अपने प्रियजन को अलविदा कहने की ज़रूरत नहीं पड़े। आप उन्हें फिर से जीता जागता बना सकते हैं, उनसे बातचीत कर सकते हैं और यह भी पता लगा सकते हैं कि वह कैसा महसूस कर रहे हैं। किम कर्दाशियां के चालीसवें जन्मदिन पर, उनके तत्कालीन पति कान्ये वेस्ट ने उन्हें उनके मृत पिता रॉबर्ट कर्दाशियां का होलोग्राम उपहार में दिया था। ऐसा कहा जा रहा है कि किम कर्दाशियां ने अपने जन्मदिन की पार्टी में अपने पिता की आभासी उपस्थिति पर अविश्वास और खुशी जाहिर की। एक लंबे समय से मृत, बहुत याद आने वाले प्रियजन को देखने में सक्षम होने, फिर से चलने और बात करते देखकर उनके जाने का दुख झेल रहे परिजन को आराम मिल सकता है। आख़िरकार, किसी मृत प्रियजन को पुनर्जीवित करना चमत्कारी लग सकता है – और संभवतः थोड़ा डरावना भी – लेकिन इसका हमारे स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है? क्या एआई के जरिए फिर प्रकट होने वाले प्रियजन शोक प्रक्रिया में सहायक हैं या बाधक? एक मनोचिकित्सक के रूप में यह शोध करते हुए कि चिकित्सीय हस्तक्षेपों को बढ़ाने के लिए एआई तकनीक का उपयोग कैसे किया जा सकता है, मैं घोस्टबॉट्स के आगमन से उत्सुक हूं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

महिलाओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा

# अब आप ही दलितों और आदिवासियों के हितों की रक्षा कीजिए

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास पहुंच गईं संदेशखाली की पीड़ित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बंगाल के संदेशखाली के पीड़ितों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शुक्रवार को मुलाकात की। इन लोगों में 5 पीड़ित महिलाएं भी शामिल थीं। इन लोगों ने टीएमसी के पूर्व नेता शाहजहां शेख से पीड़ित होने की जानकारी दी और बताया कि कैसे राज्य सरकार और बंगाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने में देरी की। महिलाओं समेत पीड़ितों ने मांग की कि आप दलितों और आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए दखल दीजिए। सेंटर ऑफ एससी-एसटी सपोर्ट एंड रिसर्च के डायरेक्टर डॉ. पार्थ बिस्वास ने कहा कि पीड़ितों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा है।

### अपने साथ उत्पीड़न की चिंताओं से अवगत कराया

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ितों की बात को सुना। संदेशखाली के कुल 11 पीड़ितों में से 6 पुरुषों और 5 महिलाओं ने राष्ट्रपति से मिलकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया। पीड़ितों ने राष्ट्रपति से कहा कि बंगाल में आदिवासी और दलितों के साथ उत्पीड़न हो रहा है। ज्ञापन के जरिए पीड़ितों ने अपील की कि हम संदेशखाली के मामले में आपसे तत्काल दखल की अपील करते हैं, जहां कमजोर वर्ग के लोगों के साथ ज्यादती हुई है। सभी पीड़ित लोग दलित एवं आदिवासी वर्ग से ताल्लुक रखते हैं।



### हम अपनी पीड़ा को बयां नहीं कर सकते

पीड़ितों ने कहा कि हम सभी परिवारों को जो पीड़ा झेलनी पड़ रही है, वह बयां नहीं की जा सकती। इलाके में हम लोगों का रह पाना मुश्किल हो गया है। पीड़ितों ने कहा कि आप देश में न्याय और समानता की रक्षक हैं। हम मानते हैं कि आपके मार्गदर्शन से इस मामले में हमारे साथ न्याय हो सकेगा। आप देश के पीड़ित और कमजोर वर्ग के लिए न्याय की उम्मीद की तरह हैं। हमारे समुदाय को बंगाल में गहरी पीड़ा झेलनी पड़ रही है।

**सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल**

### चुनाव आयुक्त नियुक्ति पर 21 को होगी सुनवाई



चुनाव आयुक्त नियुक्ति अधिनियम 2023 के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 21 मार्च को सुनवाई करेगा। नियुक्ति के पैनल से मुख्य न्यायाधीश को हटाने के खिलाफ यह याचिका दायर की गई है। इसमें मांग की गई है कि पैनल में मुख्य न्यायाधीश को फिर से शामिल किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को नए कानून के तहत दो नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित याचिका भी दायर करने की अनुमति दे दी है। अब सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को 21 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है।


आईयूएमएल ने दायर की याचिका

### सीएए पर 19 को विचार करने को तैयार शीर्ष कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सीएए के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने सीएए कानून पर रोक की मांग को लेकर याचिका दायर की थी। अब सुप्रीम कोर्ट 19 मार्च को आईयूएमएल की याचिका पर सुनवाई करेगा। आईयूएमएल ने याचिका में कहा है कि सीएए कानून असंवैधानिक और मुसलमानों के खिलाफ भेदभावपूर्ण है।

**खबर संक्षेप**

### मणिपुर में लगे भूकंप के 3.9 तीव्रता के झटके




**इंफाल।** मणिपुर में भूकंप के झटके लगे हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर के उखरुल के पास ये झटके लगे और रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 मैग्नीट्यूड रही। भूकंप सुबह करीब 6 बजकर 56 मिनट पर आया था। मणिपुर के उखरुल में ये भूकंप आया, लेकिन कम तीव्रता होने के चलते कोई जान माल के नुकसान की खबर नहीं है।

### तेलंगाना में बीआरएस बसपा मिलकर लड़ेंगे



**हैदराबाद।** पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली बीआरएस के साथ गठबंधन के तहत तेलंगाना की कुल 17 सीटों में से हैदराबाद और नगरकुर्नूल (एससी) लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। शुक्रवार को बीआरएस की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि केसीआर ने बसपा को दो सीटें आवंटित की हैं। जिसमें से हैदराबाद और नगरकुर्नूल (एससी) सीटे हैं।

## पथानामथिट्टा की रैली में पीएम ने कांग्रेस, एलडीएफ और यूडीएफ पर साधा निशाना

केरल में पीएम मोदी ने फिर दोहराया: अब की बार 400 पार का नारा

# कांग्रेस, वामपंथियों ने केरल में की 'लूट' अब संस्कृति को कुचलने की दे रहे 'छूट'



एजेंसी ▸▸ पथानामथिट्टा

लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी ने केरल में एक बार फिर से 'अबकी बार 400 पार' का नारा दोहराया। पीएम ने पथानामथिट्टा की रैली में कहा कि केरल की राजनीति को ताजगी की जरूरत है। लोग अब भाजपा के इस नारे को दोहरा रहे हैं। रैली में मंच से पीएम ने कांग्रेस और वामपंथी दलों एलडीएफ और यूडीएफ को निशाना साधा।

केरल का हमेशा से आध्यात्मिकता से जुड़ाव रहा है। लेकिन, राज्य में लूट के बाद अब यहां की संस्कृति को भी कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। पीएम शुक्रवार को केरल के पथानामथिट्टा में एक सार्वजनिक जनसभा में शामिल हुए। रैली में पीएम ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन को लेकर बड़े दावे किए।

### केरल की राजनीति को ताजगी की जरूरत




### वामपंथी आपस में लड़ रहे, दिल्ली में गले लगा रहे

पीएम ने कहा कि जिन राजनीतिक दलों का लक्ष्य केवल सत्ता हासिल करना है, वे कभी भी लोगों के कल्याण के लिए काम नहीं कर सकते। एलडीएफ और यूडीएफ यहां एक-दूसरे से लड़ने का नाटक करते हैं लेकिन दिल्ली में वे एक-दूसरे को गले लगाते हैं। यही हाल केरल का भी है।

### लूट पर लगाम के लिए आप आशीर्वाद दें

पीएम ने भाजपा के नारे को फिर दोहराया। लोकसभा चुनाव को लेकर मंच से उन्होंने कहा 'अबकी बार 400 पार'। पीएम ने दावा किया कि केरल के लोग भी यही कह रहे हैं। केरल में पीएम ने कहा कि केरल की संस्कृति आध्यात्मिकता से जुड़ी है, लेकिन यूडीएफ और एलडीएफ इसे कुचलने के लिए जाने जाते हैं। केरल की संस्कृति शांति को बढ़ावा देती है लेकिन यूडीएफ और एलडीएफ राजनीतिक हिंसा में विश्वास करते हैं। एलडीएफ सोना लूटने के लिए जाना जाता है, यही यूडीएफ की पहचान है।

**तमिलनाडु में विपक्षी गठबंधन 'इंडि' के घोटाले गिनाए**

### फेहरिस्त बहुत लंबी है, हमने स्कीम और इन्होंने स्कैम दिए

**कन्याकुमारी।** पीएम ने इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विपक्षी गठबंधन के घोटाले गिनवाए और कहा कि इसकी सूची बहुत लंबी है। आज कन्याकुमारी से देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है ये लहर बहुत दूर तक जाने वाली है। अब तमिलनाडु के लोग भी ऐसा ही करेंगे। मैं यहां बहुत बड़े परिवर्तन की आहट देख रहा हूं।यहां भाजपा का प्रदर्शन इस बार डीएमके और कांग्रेस के इंडी गठबंधन का सारा घमंड तोड़ कर रख देगा।

### इन्होंने 2जी, कॉमन वेल्थ गेम्स समेत कई घोटाले किए

पीएम ने कहा कि हमने ऑप्टिकल फाइबर और 5जी दिया, हमारे नाम पर डिजिटल इंडिया स्कीम है। इंडि गठबंधन के नाम पर लाखों करोड़ रुपए का 2जी का स्कैम है और डीएमके उस लूट की सबसे बड़ी हिस्सेदार थी। हमारे नाम पर उड़ान स्कीम है, इंडी गठबंधन के नाम हेलीकॉप्टर स्कैम है। हमारी खेलो इंडिया और टीओपीएस स्कीम्स से देश ने खेलों में ऊंचा मुकाम हासिल किया, लेकिन उनके नाम पर कॉमन वेल्थ गेम्स स्कैम का दाग है।

### इनका घोटाले का ही इतिहास रहा

पीएम मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि इंडि गठबंधन कभी भी तमिलनाडु को विकसित नहीं बना सकता। उन्होंने कहा कि इनका इतिहास घोटालों का है। इनका आधार लूटने के लिए सत्ता में आना है।

प्रशासन ने किया था इनकार

## मद्रास हाईकोर्ट ने दी पीएम के कोयंबटूर रोड शो को मंजूरी

**कोयंबटूर।** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में प्रस्तावित पीएम मोदी के रोड शो को मंजूरी दे दी है। इससे पहले स्थानीय प्रशासन ने पीएम मोदी के रोड शो को अनुमति देने से इनकार कर दिया था।दरअसल लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कोयंबटूर सिटी पुलिस को एक ज्ञापन सौंपकर 18 मार्च को पीएम मोदी के 3.6 किलोमीटर लंबे रोड शो की मेजबानी करने की अनुमति मांगी थी।



### प्रशासन ने इजाजत न देने के गिनाए कई कारण

तमिलनाडु के कोयंबटूर में 18 मार्च को पीएम मोदी का रोड शो होना है। राज्य सरकार की ओर से इसकी इजाजत नहीं दी गई है। जिला पुलिस अधिकारियों ने इसे लेकर सुरक्षा जोखिमों का हवाला दिया है। सरे कारण भी गिनाए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले पीएम दक्षिण भारत के दौरे पर हैं और यह रोड शो इसी का हिस्सा था। भाजपा की ओर से इस शहर में 3.6 किमी लंबे रोड शो की इजाजत मांगी गई थी। रोड शो की इजाजत न देने के पीछे प्रशासन की ओर से 4 कारण बताए गए हैं। इनमें सुरक्षा जोखिम, कोयंबटूर का सांप्रदायिक इतिहास, आम जनता को परेशानी और छात्रों को इससे होने वाली असुविधा प्रमुख हैं। पीएम मोदी के रोड शो का समापन बिंदु आरएस पुरम था, जो उन जगहों में से एक है जहां 1998 के सिलसिलेवार धमाके हुए थे। कोयंबटूर को सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील माना जाता है, जिसे देखते हुए किसी भी राजनीतिक दल या समूह को रोड शो की इजाजत नहीं मिली है।

मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे दबी हैं मूर्तियां

## भारतीय पुरातत्व विभाग सर्वेक्षण करके हकीकत को सामने लाए

### योगेश्वर श्रीकृष्ण जन्मस्थान ने दी याचिका

एजेंसी ▸▸ आगरा

आगरा के लघुवाद न्यायालय में विचाराधीन योगेश्वर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ट्रस्ट के श्रीकृष्ण विग्रह केस संख्या- 659/2023 'श्री भगवान श्रीकृष्ण लला विराजमान आदि बनाम उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड आदि' में जामा मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे दबे प्रभु श्रीकृष्ण के विग्रह के पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा वैज्ञानिक सर्वे के लिए अर्जी दाखिल की है। वादी व अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने सर्वेक्षण की मांग की है।



### कोर्ट से लगाई गुहार

सिंह ने 13 फरवरी को पुरातत्व विभाग के समक्ष एक आरटीआई फाइल की थी। अब आवश्यक है कि वैज्ञानिक सर्वे न्यायालय के आदेशानुसार किया जाए।

### जामा मस्जिद को बेगम ने बनवाया था

सिंह ने बताया कि जहांआरा शाहजहां की बड़ी बेटी थी उस समय जामा मस्जिद को बेगम साहिब की मस्जिद कहा जाता था। जामा मस्जिद परिसर में फारसी भाषा का एक शिलालेख है जिसमें लिखा है कि जामा मस्जिद को बेगम ने बनवाया था।

## इलेक्टोरल बॉन्ड की एसआईटी जांच हो: खरगे

**नई दिल्ली।** इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि एसआईटी की जांच होनी चाहिए। जब तक यह जांच पूरी हो, तब तक के लिए भाजपा के बैंक खाते के लेनदेन पर रोक लगा देनी चाहिए। भाजपा ने कई हजार करोड़ जुटाए हैं।

लोकसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस को लगा तगड़ा झटका

# भाजपा में शामिल हुए टीएमसी सांसद दिब्येंदु अधिकारी, अर्जुन सिंह भी लौटे

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

टीएमसी सांसद अर्जुन सिंह व दिब्येंदु अधिकारी शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए। लोकसभा चुनाव से ऐन पहले यह तृणमूल कांग्रेस के लिए तगड़ा झटका माना जा रहा है। दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में इस अवसर पर पार्टी महासचिव दुष्यंत गौतम तथा बंगाल भाजपा के सह प्रभारी अमित मालवीय भी मौजूद थे। दिब्येंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा के नेता सुवेंधु अधिकारी के भाई हैं। अर्जुन सिंह बैरकपुर से 2019 में भाजपा से ही सांसद बने थे, लेकिन फिर बाद में तृणमूल कांग्रेस में चले गए थे।



### संदेशखाली पूरे देश का मुद्दा

दिब्येंदु अधिकारी ने कहा कि यह मेरे लिए एक अच्छा दिन है, क्योंकि मैं आज भाजपा परिवार में शामिल हो रहा हूं। संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ जो हुआ है, वह अकेले बंगाल का नहीं बल्कि पूरे देश का मुद्दा है। भाजपा सबसे पहले पीड़ितों तक पहुंची। कोई अन्य राजनीतिक दल ऐसा नहीं कर सका।

### बंगाल में कई संदेशखाली

मीडिया से अर्जुन सिंह ने कहा कि मैं 2019 में भाजपा से सांसद बना। 2021 में चुनाव के बाद बहुत भयानक हिंसा हुई। उसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को बचाने के लिए मुझे भाजपा से दूरी बनानी पड़ी। उनकी हत्या की जा रही थी। मैंने देखा कि टीएमसी सरकार पुलिस और गुंडों की मदद से सिर्फ सत्ता में बने रहना चाहती है। इसका ताजा उदाहरण हमने संदेशखाली में देखा। सिर्फ एक संदेशखाली नहीं है, बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में लोग संदेशखाली की तरह ही रह रहे हैं।

### बंगाल में कानून का शासन नहीं

दिब्येंदु अधिकारी ने कहा कि लोगों को बंगाल की मुख्यमंत्री से बहुत उम्मीदें थीं, क्योंकि वह भी एक महिला हैं। बंगाल में महिलाओं को वह सम्मान नहीं है, जो मिलना चाहिए। वहां कानून का कोई शासन नहीं है। हमारा काम भाजपा कार्यकर्ता के रूप में काम करना है। पार्टी को आगे ले जाने और पीएम मोदी के लिए 400 से अधिक सीटें दिलाने के लिए जमीन पर काम करना होगा।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**अधिसूचना**

दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में सेवाओं की अत्यावश्यकता के कारण मासिक पारिश्रमिक के आधार पर सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी की पुनर्नियुक्ति।

01.04.2024 को या उससे पहले विभिन्न श्रेणियों (कुल 01 रिक्तियों) के लिए दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में मासिक पारिश्रमिक के आधार पर पुनर्नियुक्ति के लिए सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। दिनांक 01.04.2024 को पुनर्नियुक्ति के लिए अधिकतम ऊपरी आयु सीमा 64 1/2 वर्ष है। अधिकारी को हटाया गया/बर्खास्त किया गया/अनिवार्य सेवानिवृत्त अनुशासनात्मक कार्रवाई या लंबित सतर्कता मामलों के परिणामस्वरूप या समीक्षाधीन और सेवानिवृत्त अधिकारी को फिर से नियुक्त किया जा रहा है, सुरक्षा के तहत कवर किया गया संबंधित सेवानिवृत्ति योजना/सुरक्षा अधिकारी के लिए गारंटीकृत रोजगार के लिए उदार सक्रिय सेवानिवृत्ति योजना (LARSGESS) पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं।

अधिक जानकारी के लिए और आवेदन डाउनलोड करने के लिए हमारी वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in> हमारे बारे में> डिवीजन> दिल्ली> कार्मिक> दिल्ली डिवीजन पर सेवानिवृत रेलवे अधिकारी की फिर से नियुक्ति (कुल 01 एनओ रिक्तियों) और www.nr पर जाएं। indianrailways.gov.in> समाचार और भर्ती > भर्ती > अधिसूचना।

842/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**

**खानपुर कलां, सोनीपत, हरियाणा-131305**

हरियाणा की राज्य विधानसभा के एक अधिनियम द्वारा स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय और यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 2 (एफ) और 12 (बी) के तहत यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त

**रोजगार सूचना**

**(विज्ञा. सं. 201/2023 से 204ए/2023, 207/2023 से 210/2023, 213/2023 से 227/2023, 230/2023, 232/2023, 234 से 238/2023, 240 से 241/2023 और 243/2023 से 246/2023)**

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय स्वीकृत पदों के तहत विभिन्न नॉन-टीचिंग पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से सीधी भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। रिक्त नॉन-टीचिंग पदों की श्रेणी-वार संख्या सहित विज्ञा. सं., विस्तृत निर्देश, अपेक्षित योग्यताएं, वेतनमान और चयन हेतु तौर-तरीका विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bpsmv.ac.in पर दिए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु लिंक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर 22.03.2024 से 21.04.2024 तक उपलब्ध होगा।

**टिप्पणी :- विज्ञापन सं. 201/2023 से 246/2023 को वापस लिया हुआ माना जाए और आवेदक, जो उक्त विज्ञापनों के तहत पदों के लिए पहले ही आवेदन कर चुके हैं, को नये सिरे से आवेदन प्रपत्र भरने और पूर्ववर्ती आवेदन प्रपत्र संख्या जिसके तहत वे आवेदन शुल्क का भुगतान कर चुके थे, वर्णित करना आवश्यक है। जो उम्मीदवार भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक नहीं हैं, शुल्क के रिफंड हेतु आवेदन कर सकते हैं।**

संवाद विज्ञा. सं.-1239/11/59/2024/25989/सी/88/7 दि. 15.03.24 रजिस्ट्रार

**हरियाणा सरकार** — **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में क्षमता बढ़ाने के लिए लड़कों की भागीदारी के लिए मौजूदा खेल-कूद छात्रावास के ऊपर प्रथम और द्वितीय तल का निर्माण। | 13.03.2024 03.04.2024 | 18.64 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurothak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में फैकल्टी डॅवलपमेंट सेंटर में कैफेटेरिया के लिए फर्नीचर की आपूर्ति। | 13.03.2024 03.04.2024 | 26.52 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurothak.ac.in |
| 3 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू परिसर, रोहतक हेतु हाई-टेक बैटरी प्रचालित ई-वाहनों, 01 अदद चार सीटर लग्जरी इलैक्ट्रिक वाहन, 02 अदद दस सीटर इलैक्ट्रिक वाहन को किराये पर लेना। | 13.03.2024 03.04.2024 | 100 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurothak.ac.in |
| 4 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | खेल-कूद परिसर, एमडीयू रोहतक में आउटडोर सिंथेटिक 02 अदद बास्केटबॉल और 02 अदद लॉन टेनिस कोर्ट्स का निर्माण। | 13.03.2024 03.04.2024 | 154.30 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurothak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/80/25946/I/88/7 दि. 15.03.24

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षो के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉडयूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:-

| क्रम सं | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 20.03.2024 को 10:30 बजे | 12191 (F1, F2 & R1), 12330 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 12908 (F1), 12918 (F1), 12963 (F1), 14041 (R1), 14316 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 20958 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 2. | 21.03.2024 को 10:30 बजे | 12066 (F1), 12428 (F1), 12646 (F1), 14731 (F1 & R1), 15060 (F1 & R1), 20408 (F1), 20473 (F1 & R1), 20488 (F1), 22168 (F1 & F2), 22950 (F1), 22986 (F1) |
| 3. | 22.03.2024 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12148 (R1), 12444 (F1), 12481 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 22421 (F1, F2 & R1) |
| 4. | 26.03.2024 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाडी में - 12226/12225, 12236/12235, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12488/12487, 14033/14034, 22412/22411, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 तथा 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर गाडी संख्या 22418/22417 |
| 5. | 27.03.2024 को 10:30 बजे | 12284 (F1), 12424 (F1), 14014 (F1), 14303 (F1 & R1), 14305 (F1 & R1), 14331 (F1, F2 & R1), 14545 (Fl, F2 & R1), 22168 (R1), 22418 (F1), 22654 (F1) |
| 6. | 28.03.2024 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12029 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12382 (F1), 12425 (F1) 12432 (F1), 12455 (F1), 12562 (F1), 14041 (F1), 14553 (F2), 15035 (F2), 22454 (F1, F2 & R1) |
| 7. | 01.04.2024 को 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12013 (F1), 12015 (F1), 12031 (F1), 12034 (F1), 12448 (F1), 12459 (F1), 12916 (F1), 12986 (F1), 22414 (F1), 22472 (F1, F2 & R1), 22806 (F1) |
| 8. | 02.04.2024 को 10:30 बजे | 12045 (F1), 12265 (F), 12754 (F1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14681 (F1), 20938 (F1 & R1), 22401 (F1) |

**महत्वपूर्ण सूचना:** 1. ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section). पर जाने की सलाह दी जाती है।

2. **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।

3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओ/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमो और शर्तो के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधो के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है।

849/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पेनकिलर से लेकर एंटीबायोटिक तक... 1 अप्रैल से महंगी हो जाएंगी 800 दवाइयां

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बढ़ती महंगाई के बीच जनता को एक और झटका लगने वाला है। आने वाले 1 अप्रैल से जरूरी दवाओं के दाम बढ़ने वाले हैं। इसमें पेनकिलर्स से लेकर एंटीबायोटिक तक शामिल हैं।

- सरकार भी डब्ल्यूपीआई में बदलाव के अनुरूप बढ़ोतरी की अनुमति देने तैयार है

ऐसे में आम जनता जो पहले से ही महंगाई की मार झेल रही थी उसकी जेब पर बोझ और बढ़ जाएगा। एसेंशियल यानी जरूरी दवाओं की बात करें तो इसमें पेनकिलर्स, एंटीबायोटिक, दिल की 800 दवाएं शामिल हैं। एक अप्रैल से इन सब दवाओं के दाम बढ़ने वाले हैं। दरअसल, सरकार दवा कंपनियों को एनुअल होलसेल प्राइज इंडेक्स (डब्ल्यूपीआई) में बदलाव के अनुरूप बढ़ोतरी की अनुमति देने के लिए पूरी तरह तैयार है। जानकारी के मुताबिक, बढ़ती महंगाई को देखते हुए फार्मा इंडस्ट्री दवाओं की कीमत बढ़ाए जाने की मांग कर रही थी।

## बढ़ती महंगाई के कारण इंडस्ट्री दवाओं की कीमत बढ़ाने की मांग कर रही

### क्यों बढ़ेंगे दाम?

उद्योग के विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में, कुछ प्रमुख सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्रियों की कीमतें 15% से 130% के बीच बढ़ी हैं, जिसमें पेरासिटामोल की कीमत 130% और एक्सीसिएंट्स की कीमत 18-262% बढ़ी है। ग्लिसरीन और प्रोपलीन ग्लाइकोल, सिरप, सहित सॉल्वैंट्स क्रमशः 263% और 83% महंगे हो गए हैं। इंटरमीडिएट्स की कीमतें भी 11% से 175% के बीच बढ़ी हैं। पेनिसिलिन जी 175% महंगा हो गया है।



### इन दवाइयों के बढ़ेंगे रेट

आवश्यक दवाओं की लिस्ट में पेरासिटामोल जैसी दवाएं, एजिथ्रोमाइसिन जैसी एंटीबायोटिक्स, एनीमिया-विरोधी दवाएं, विटामिन और खनिज शामिल हैं। मध्यम से गंभीर रूप से बीमार कोविड-19 रोगियों के इलाज के लिए उपयोग की जाने वाली कुछ दवाएं और स्टेरॉयड भी लिस्ट में हैं। उद्योग कीमतों में पर्याप्त वृद्धि की मांग कर रहा है क्योंकि वह बढ़ती इनपुट लागत से जूझ रहा है।

*क्या होती है एशेंशियल दवाएं? : इस लिस्ट में उन दवाओं को शामिल किया जाता है। जो अधिकतर लोगों के काम में आती हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इन दवाओं की प्राइस सरकार के कंट्रोल में होता है। इन दवाओं की कंपनी एक साल में सिर्फ 10 प्रतिशत ही दाम बढ़ा सकती है। इस लिस्ट में एंटी कैंसर की दवाएं भी शामिल है।*

### कितनी बढ़ेंगी कीमतें?

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में वार्षिक परिवर्तन के अनुरूप, सरकार .0055% की वृद्धि की अनुमति देने के लिए तैयार। आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (एनएलईएम) के तहत दवाओं की कीमतें पिछले साल और 2022 में कीमतों में रिकॉर्ड 12% और 10% की भारी वार्षिक वृद्धि के बाद, फार्मा उद्योग के लिए यह मामूली वृद्धि होगी। समायोजित कीमतों में आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची में शामिल 800 से अधिक दवाएं शामिल होंगी।

## खबर संक्षेप

### सोना 50 रुपए टूटा, चांदी में 100 रुपए की तेजी



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 50 रुपये गिरकर 66,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि चांदी की कीमत 100 रुपये की तेजी के साथ 77,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रही, जो पिछले बंद भाव से 50 रुपये कम है।'



### महिला सशक्तिकरण:मुथूट फाइनेंस ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख वित्तीय समूहों में से एक और द मुथूट ग्रुप की प्रमुख कंपनी मुथूट फाइनेंस ने हाल ही में बहुत उत्साह के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। लैंगिक समानता और समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में, मुथूट समूह में 10,213 सदस्यीय मजबूत महिला कार्यबल है, जो 43,048 मुथूटियन के कुल कार्यबल का लगभग 24 प्रतिशत है इनमें से 1,200 से अधिक समर्पित और प्रतिभाशाली महिलाएं कई नेतृत्व पदों पर कार्यरत हैं। हम प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हैं, मुथूट समूह एक समावेशी कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है जो विविधता, समानता और समावेशन को महत्व देता है।

# तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े रहस्यमयी: सुब्रमण्यन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने शुक्रवार को कहा कि भारत के ताजा जीडीपी आंकड़े 'पूरी तरह रहस्यमयी' हैं और इन्हें समझ पाना मुश्किल है। हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। ये आंकड़े उम्मीद से बेहतर हैं और पिछले डेढ़ साल में सबसे अधिक हैं।

- पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा, इन्हें समझना मुश्किल

सुब्रमण्यम ने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में इस पर कहा, 'मैं आपको ईमानदारी से बताना चाहता हूं कि ताजा जीडीपी आंकड़ों को मैं समझ नहीं पा रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं पूरे सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि ये बिल्कुल रहस्यमयी हैं। वे मेल नहीं खाते हैं। मुझे नहीं पता कि उनका क्या मतलब है।'



### भारत आकर्षक बना तो एफडीआई क्यों नहीं बढ़ी

पूर्व सीईए ने कहा, 'तो ऐसे कई आंकड़ें हैं... जिन्हें मैं समझ नहीं पाता। मैं यह नहीं कह रहा कि ये गलत हैं। इसके बारे में फैसला दूसरों को करना है।' उन्होंने इस बात पर आश्चर्य जताया कि यदि भारत इतना आकर्षक स्थान बन गया है, तो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में तेजी से बढ़ोतरी क्यों नहीं हो रही है। सुब्रमण्यन ने कहा कि निजी निवेश, कॉरपोरेट निवेश वर्ष 2016 के स्तर से काफी नीचे है।

**वास्तविक मुद्रास्फीति तीन से पांच फीसदी :** राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए भी जीडीपी अनुमान को संशोधित कर क्रमशः 8.2 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत कर दिया है।

### निवेश में तेजी से गिरावट आई

सुब्रमण्यन ने कहा, 'इस बात की बहुत चर्चा है कि पिछली कुछ तिमाहियों और पिछले कुछ वर्षों में अर्थव्यवस्था निवेश के लिए एक बहुत अच्छी जगह बन गई है जबकि वास्तव में निवेश में तेजी से गिरावट आई है।' एक सवाल के जवाब में पूर्व सीईए ने कहा कि भारतीयों को इस धारणा से छुटकारा पाने की जरूरत है कि भारत एक बड़ा बाजार है।

## विनिर्माण इकाइयां लगाने वाली कंपनियों को मिलेगी शुल्क में रियायतें

# सरकार ने दी इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर का निवेश तय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने भारत को विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को मंजूरी दे दी जिसमें न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर (4,150 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ देश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को शुल्क में रियायतें दी जाएंगी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि ईवी नीति के जरिये भारत को ईवी के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने और टेस्ला समेत विभिन्न वैश्विक ईवी विनिर्माताओं से निवेश आकर्षित करने का प्रयास किया गया है।

- टेस्ला समेत वैश्विक इकाइयों को आकर्षित करने का प्रयास
- कम सीमा शुल्क पर कारों को आयात करने की अनुमति मिलेगी
- रियायत के लिए कंपनियों को न्यूनतम 4150 करोड़ रुपए निवेश करना होगा

### निवेश की कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी

इस नीति के तहत ई-वाहनों की विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को कम सीमा शुल्क पर सीमित संख्या में कारों को आयात करने की अनुमति दी जाएगी। इस रियायत के लिए कंपनी को न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर (4,150 करोड़ रुपये) का निवेश करना जरूरी होगा जबकि निवेश की कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी।

### नवीनतम तकनीक तक पहुंच बनेगी

मंत्रालय ने कहा, इस नीति से भारतीय उपभोक्ताओं को नवीनतम तकनीक तक पहुंच प्रदान की जा सकेगी। यह 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देगी और ईवी कंपनियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर ईवी परिवेश को मजबूत करेगी।



### पीएलआई योजना के तहत मिलेगा प्रोत्साहन

बयान के अनुसार, 'आयात के लिए स्वीकृत ईवी की कुल संख्या पर शुल्क में दी गई रियायत उस कंपनी की निवेश राशि या पीएलआई योजना के तहत प्रोत्साहन राशि 6,484 करोड़ रुपये में से जो भी कम हो, तक सीमित होगा।'

### वाणिज्यिक उत्पादन के लिए तीन साल का समय मिलेगा

बयान में कहा गया कि यह नीति प्रतिष्ठित वैश्विक ईवी निर्माताओं द्वारा ई-वाहन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए तैयार की गई है। नीति के अनुसार, एक कंपनी को 'भारत में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने और ई-वाहनों का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने के लिए तीन साल का समय मिलेगा, और अधिकतम पांच साल के भीतर 50 प्रतिशत घरेलू मूल्य संवर्धन हासिल करना होगा।'

### मानदंड हासिल करने बैंक गारंटी लागू की जाएगी

योजना दिशानिर्देशों के तहत परिभाषित डीवीए (घरेलू मूल्यवर्धन) और न्यूनतम निवेश मानदंड हासिल न करने की स्थिति में बैंक गारंटी लागू की जाएगी। कंपनी की तरफ से जताई गई निवेश प्रतिबद्धता को छोड़े गए सीमा शुल्क के बदले में बैंक गारंटी से समर्थित होना होगा।

### अधिकतम 40 हजार ईवी आयात की अनुमति मिलेगी

इसके मुताबिक, यदि निवेश 80 करोड़ डालर या उससे अधिक है, तो प्रति वर्ष अधिकतम 8,000 की दर से अधिकतम 40,000 ईवी के आयात की अनुमति होगी। वार्षिक आयात सीमा से बची रह गई इकाइयों को आगे बढ़ाया जा सकेगा।

### वायु प्रदूषण कम होगा

इससे उत्पादन की उच्च मात्रा, अर्थव्यवस्था के विस्तार, उत्पादन की कम लागत और आयात में कटौती, कच्चे तेल की आयात कम होगी, व्यापार घाटा कम होगा, विशेषकर शहरों में वायु प्रदूषण कम होगा और स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर हुआ 636.095 अरब डॉलर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ मार्च को समाप्त सप्ताह में 10.47 अरब डॉलर की तीव्र वृद्धि के साथ 636.095 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.55 अरब डॉलर बढ़कर 625.626 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया जिससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ था।

- समाप्त सप्ताह में 10.47 अरब डॉलर बढ़ा

## स्पाइसजेट हज के लिए दो विमान किराए पर लेगी

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट हज के लिए चौड़े आकार के दो ए340 विमानों को पट्टे पर लेगी। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि ये विमान श्रीनगर और गुवाहाटी से संचालित किए जाएंगे। हज संचालन का पहला चरण नौ मई को मदीना से शुरू होने वाला है। दोनों विमानों में 324-324 यात्री बैठ सकेंगे।

# शेयर बाजारों में बिकवाली का जोर, सेंसेक्स 454 अंक फिसला

- वैश्विक बाजारों का रूझान कमजोर रहा

एजेंसी ▸▸ मुंबई



कमजोर वैश्विक बाजार रुझानों और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को एक बार फिर बिकवाली का जोर रहा और दोनों मानक सूचकांक आधा प्रतिशत से अधिक गिर गए। तेल एवं गैस, वाहन और ऊर्जा खंड के शेयरों में गिरावट से बाजार कमजोर रहे। इसके अलावा छोटी एवं मझोली कंपनियों के शेयरों को लेकर पैदा हुई आशंकाओं ने भी निवेशकों की धारणा पर असर डाला। बीएसई में कमजोर शुरुआत के बाद 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 453.85 अंक गिरावट के साथ 72,643.43 अंक पर बंद हुआ।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़*
*सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 4.75 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरकर बंद हुए। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंडसइंड बैंक बढ़त के साथ बंद हुए।*

### भारतीय शेयर बाजार में एक निश्चित स्तर की समझदारी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने 'एक निश्चित स्तर की समझदारी' बनाए रखी है और बाजार को अपने हिसाब से खेलने की अनुमति दी जानी चाहिए। वित्त मंत्री का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है कि स्मालकैप और मिडकैप शेयरों में 'झाग' की गुंजाइश है और नियामक एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए इस पर विचार कर रहा है। इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में सीतारमण ने कहा, 'मैं बाजारों को अपने हिसाब से खेलने देती हूं... हमें इसे बाजार के विवेक पर छोड़ देना चाहिए क्योंकि हम सभी ने देखा है कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय बाजार ने समझदारी का एक निश्चित स्तर बनाए रखा है। यह वास्तव में इस तरह या उस तरह से बहुत हिंसक नहीं हुआ है। इसलिए, मैं बाजार पर बहुत भरोसा करता हूं।' इस सप्ताह की शुरुआत में पूंजी बाजार नियामक ने स्मालकैप और मिडकैप शेयरों के अधिक मूल्यांकन के बारे में चिंता जताई थी। स्मालकैप और मिडकैप संभावित बाजार में हेरफेर और बाजार में बुलबुले के जोखिम का संकेत दे रहे थे।

## यूपीआई लेनदेन जारी रखने को पेटीएम को पांच हैंडल मिले

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को यूपीआई लेनदेन जारी रखने के लिए चार बैंकों के साथ साझेदारी में पांच हैंडल मिले हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) पर यह जानकारी दी गई। कंपनी का मौजूदा हैंडल @पेटीएम उन पांच हैंडलों में से एक है, जिन्हें उपयोगकर्ता अपनी ओर से कोई बदलाव किए बिना उपयोग करना जारी रख सकते हैं। एनपीसीआई ने यस बैंक के साथ साझेदारी में पेटीएम के लिए @पेटीएम और एक बंद उपयोगकर्ता समूह यूपीआई हैंडल @पीटाइप्स को मंजूरी दे दी है। एनपीसीआई ने एचडीएफसी बैंक के साथ @पीटीएचडीएफसी और भारतीय स्टेट बैंक के साथ @पीटीएसबीआई को भी भागीदार के रूप में मंजूरी दे दी है।


उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मंडल पर स्विचिंग पोस्ट की मौजूदा इमारत का नवीनीकरण |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 1,01,48,755.73/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,00,800/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 27.03.2024 (10.30 बजे) से 10.04.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 10.04.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 20364203 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 15A-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक : 14.03.2024 832/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड और निगमों का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | बोर्ड और निगमों की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू, रोहतक में स्वीमिंग पूल की हाउसकीपिंग, वैद्युत और जन स्वास्थ्य रखरखाव सेवाओं समेत 50 मी. और 25 मी. लम्बाई के स्वीमिंग पूल्स (डाइविंग पूल को छोड़कर) का रखरखाव, चलाना और प्रचालन | 15.03.2024 08.04.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://mdu.ac.in/default.aspx | 9896091442 dirsports@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/26017/1/88/7 दि. 15.03.24



हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ज्योतिष

मात्र 5 घंटे में घर बैठे समाधान
21 सालो के तर्जुबेकार
लाखो-करोड़ो लोगो का कार्य करने वाले
तंत्र-मंत्र के सम्राट
मिया मूसा जी
Gold Medalist
प्यार एवं कारोबार में चोट खाये तुरन्त फोन करें।
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
प्रेम विवाह, ग्रहक्लेश, मनचाहा प्यार, किया कराया, कारोबार रुकावट, तलाक, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, शादी में रुकावट, लवमैरिज A to Z समाधान।
अगर किसी का पति, प्रेमी या बेटा-बेटी किसी के वश में हो तो अवश्य फोन करें।
9878685639


## राशिफल

**मेष:** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क:** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह:** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या:** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर:** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ:** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन:** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।


## शब्द पहेली - 5454



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5453 का हल



## सूडोकु नवताल - 5465

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5464 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# वनडे-टी20 में 'स्टॉप क्लॉक' नियम स्थायी, टी20 विश्व कप सेमी और फाइनल के लिए रिजर्व डे


एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अभी प्रयोग पर चल रहे 'स्टॉप क्लॉक' नियम को आगामी टी20 विश्व कप 2024 से सभी पूर्णकालिक सदस्यों के वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में हमेशा इस्तेमाल करेगा। आईसीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आईसीसी ने 'स्टॉप क्लॉक' नियम दिसंबर 2023 में शुरू किया था और अभी इसे इस्तेमाल किया जा रहा है जिसे एक जून 2024 से स्थायी कर दिया जाएगा।

आईसीसी ने अपनी सालाना बोर्ड बैठक के बाद एक बयान में कहा, 'स्टॉप क्लॉक' नियम जून 2024 से वेस्टइंडीज और अमेरिका में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के साथ सभी वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में स्थायी हो जाएगा। ट्रायल अप्रैल 2024 तक किया जाना था लेकिन इस ट्रायल के नतीजे साफ दिखाई दे रहे हैं जैसे मैच समय पर खत्म हो रहे हैं जिससे प्रत्येक वनडे मैच में करीबन 20 मिनट बच रहे हैं।'

आईसीसी ने अपनी सालाना बोर्ड बैठक के बाद दी जानकारी




### 60 सेकंड में शुरू करना होगा ओवर

*नियम के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को पिछला ओवर खत्म होने के 60 सेकंड के अंदर नया ओवर शुरू करना होगा। इसके लिए मैदान पर लगी एक 'इलेक्ट्रोनिक' घड़ी 60 से लेकर शून्य तक उल्टी गिनती करेगी और तीसरा अंपायर घड़ी शुरू करने का समय तय कर सकता है। क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के ऐसा नहीं करने पर उसे दो चेतावनी दी जाएगी और इसके बाद के उल्लघंन के लिए प्रत्येक घटना के लिए पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा।*

### नियम में कुछ अपवाद भी शामिल

आईसीसी ने हालांकि नियम में कुछ अपवाद भी शामिल किए और ऐसी स्थितियों में शुरू हुई घड़ी को रद्द कर दिया जाएगा जिसमें नया बल्लेबाज अगर ओवरों के बीच में आता है, आधिकारिक 'ड्रिंक्स ब्रेक' तथा किसी बल्लेबाज या क्षेत्ररक्षक के चोटिल होने की स्थिति में मैदान पर उपचार किया जाना शामिल है। इस नियम को तब भी लागू नहीं किया जाएगा अगर क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण समय खराब हुआ हो।

### रिजर्व डे घोषित

आईसीसी की बैठक में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल (27 जून) और फाइनल (29 जून) के लिए 'रिजर्व' (सुरक्षित) दिन को भी मंजूरी दी गई। लीग या सुपर आठ चरण के दौरान पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रही टीम को कम से कम पांच ओवर डालने जरूरी होंगे। पर 'नॉकआउट' मैच में पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में 10 ओवर डालने की जरूरत होगी।

### क्वालीफिकेशन प्रक्रिया को दी मंजूरी

वैश्विक संचालन संस्था ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफिकेशन प्रक्रिया को भी मंजूरी दी। टूर्नामेंट में 20 टीम हिस्सा लेंगे जिसमें से 12 स्वतः क्वालीफाई करेंगी। 2024 विश्व कप में शीर्ष आठ टीम भारत और श्रीलंका के साथ स्वतः क्वालीफाई करेंगी जबकि बचे हुए दो स्थान 30 जून 2024 तक आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अगली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग टीम को मिलेंगे। इसके बाद बचे आठ स्थान आईसीसी क्षेत्रीय क्वालीफायर के जरिए तय होंगे।

## खबर संक्षेप



### मुल्तान सुल्तांस ने पेशावर को हराया

**कराची।** मुल्तान सुल्तांस ने एकतरफा क्वालीफायर में पेशावर जाल्मी को सात विकेट से हराकर लगातार चौथे पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) फाइनल में प्रवेश किया। मुल्तान सुल्तांस ने 2021 में पीएसएल खिताब जीता था लेकिन पिछले दो चरण में उसे फाइनल में लाहौर कलंदर्स से हार मिली थी। मुल्तान सुल्तांस ने गुरुवार रात पेशावर जाल्मी को सात विकेट पर 146 रन ही बनाने दिए। फिर उसने सलामी बल्लेबाज यासिर खान (54 रन) और फॉर्म में चल रहे उस्मान खान (नाबाद 36 रन) की बदौलत 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 147 रन बनाकर जीत हासिल की।

### आईपीएल में नहीं खेलने से निराश नहीं : मुशीर

**मुंबई।** क्रिकेटरों के लिए भले ही इंडियन प्रीमियर लीग अनुबंध हासिल करना प्राथमिकता रखता हो लेकिन मुंबई के रणजी ट्राफी के युवा नायक मुशीर खान खुश हैं कि वह पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी में बिके नहीं क्योंकि इससे उन्हें टी20 प्रारूप को समझने के लिए कुछ और समय मिल जाएगा। मुशीर कहा, 'मेरा नाम आईपीएल में नहीं है। लेकिन मैं निराश नहीं हूं। मेरे पिता ने मुझे कहा कि टेस्ट क्रिकेट और टीम इंडिया के लिए खेलो। आईपीएल बाद में खेल लोगे, आज नहीं तो कल।'



### प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेंगे वेड

**होबार्ट।** आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने शुक्रवार को कहा कि वह आगामी शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। शेफील्ड फाइनल यहां 21 मार्च से तस्मानिया और वेस्टर्न आस्ट्रेलिया के बीच शुरू होगा जो वेड के 2012 से शुरू हुए करियर का लाल गेंद का अंतिम मैच होगा। इस मैच के बाद बायें हाथ के बल्लेबाज वेड इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए गुजरात टाइटन्स से जुड़ जाएंगे।



### चोट के कारण लुंगी आईपीएल से बाहर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से बाहर हो गए जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी जगह आस्ट्रेलियाई आल राउंडर जेक फ्रेसर मैकगुर्क को टीम में शामिल किया। मेलबर्न के 21 साल के सलामी बल्लेबाज और लेग स्पिनर मैकगुर्क ने पिछले महीने सिडनी में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना वनडे पदार्पण किया था।



### क्रिकेट : 22 मार्च से शुरु हो रहा लीग का 17वां सीजन

# आईपीएल में नहीं दिखेंगे स्टार खिलाड़ी तीन चोटिल, तीन ने टीम को दिया 'धोखा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2024 शुरू होने में अब बस कुछ दिनों का वक्त रह गया है। लीग का 17वां सीजन 22 मार्च से डिफेंडिंग चैंपियंस चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच चेपॉक में मुकाबले से शुरू होगा। हालांकि, लीग शुरू होने से पहले ही कुछ टीमों को बड़ा झटका लगा है। अब तक छह खिलाड़ी इस सीजन से बाहर हो चुके हैं। इनमें से तीन खिलाड़ी तो चोटिल होने की वजह से बाहर हुए, जबकि चार खिलाड़ियों ने निजी कारणों या एनओसी नहीं मिलने की वजह से नाम वापस ले लिया। इससे फ्रेंचाइजी नाराज हैं, क्योंकि उन्होंने टीम कॉम्बिनेशन को ध्यान में रखते हुए उन खिलाड़ियों को ऑक्शन में खरीदा था, लेकिन अब उन्हें धोखा मिला है। आइए देखते हैं उन खिलाड़ियों की लिस्ट जो आईपीएल 2024 से बाहर हो चुके हैं और उनके रिप्लेसमेंट में किस खिलाड़ी को टीम ने शामिल किया है।







#### गुजरात टाइटंस
**मोहम्मद शमी**

2023 सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले शमी को 2023 वनडे विश्व कप के दौरान टखने में चोट लगी थी। इस की वजह वह आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। शमी की हाल ही में लंदन में सर्जरी हुई थी। गुजरात टाइटंस ने अभी तक उनके रिप्लेसमेंट का एलान नहीं किया है।

#### राजस्थान रॉयल्स
**प्रसिद्ध कृष्णा**

भारत का यह तेज गेंदबाज फरवरी में क्वाड्रिसेप्स टेंडन की सर्जरी के बाद लगातार दूसरे आईपीएल सत्र से बाहर हो गया है। उन्हें रणजी ट्रॉफी के दौरान चोट लगी थी। अभी तक उनके रिप्लेसमेंट का एलान नहीं किया गया है।

#### लखनऊ सुपर जाएंट्स
**मार्क वुड**

ईसीबी ने टी20 विश्व कप और इंग्लैंड के घरेलू सीजन से पहले वर्कलोड का ध्यान रखते हुए वुड को आईपीएल से बाहर हो जाने को कहा। उनकी जगह वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ को टीम में शामिल किया गया है।

#### चेन्नई सुपर किंग्स
**डेवोन कॉन्वे**

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ने हाल ही में अंगूठे की चोट के लिए सर्जरी कराई थी और उनके आठ सप्ताह तक एक्शन से बाहर रहने की उम्मीद है। सीएसके ने किसी रिप्लेसमेंट के नाम का एलान नहीं किया है।

#### दिल्ली कैपिटल्स
**हैरी ब्रूक**

इंग्लैंड के बल्लेबाज ने आईपीएल 2024 से नाम वापस ले लिया है। वह फरवरी से एक्शन से दूर हैं। हाल ही में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से भी उन्होंने नाम वापस ले लिया था। उनकी दादी का निधन हो गया था और वह अपने परिवार के साथ रहना चाहते हैं। कैपिटल्स ने अभी तक किसी रिप्लेसमेंट के नाम का एलान नहीं किया है।

#### कोलकाता नाइट राइडर्स
**जेसन रॉय**

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज ने व्यक्तिगत कारणों से आईपीएल 2024 से नाम वापस ले लिया। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट, जो मौजूदा समय में टी20 रैंकिंग में विश्व नंबर दो बल्लेबाज हैं, उन्हें केकेआर टीम ने शामिल किया है।

### स्पिन तिकड़ी ने मुंबई इंडियंस से छीनी जीत

# आरसीबी पहली बार डब्ल्यूपीएल फाइनल में

- इंडियंस को बेहद रोमांचक एलिमिनेटर में पांच रन से हराकर पहली बार महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में प्रवेश किया

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

युवा आफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल और अनुभवी लेग स्पिनर आशा शोभना ने आखिरी ओवरों में जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए बाजी पलट दी और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस को बेहद रोमांचक एलिमिनेटर में पांच रन से हराकर पहली बार महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सत्र के फाइनल में आरसीबी का सामना रविवार को पिछली उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स से होगा। मुंबई इंडियंस को जीत के लिये 136 रन का आसान लक्ष्य मिला था लेकिन टीम छह विकेट पर 130 रन ही बना सकी। इक्कीस वर्ष की श्रेयांका ने 18वें ओवर में मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर (33) को आउट किया जो निर्णायक मोड़ साबित हुआ। आरसीबी की विकेटकीपर रिचा घोष ने हरमनप्रीत को स्टम्प आउट करने में चूक की लेकिन श्रेयांका ने अगली गेंद पर उन्हें लांगआन सीमारेखा पर कैच आउट कराया। इस समय मुंबई को दो ओवर में 16 रन चाहिये थे। आस्ट्रेलिया की सोफी मोलिनू ने बेहतरीन 19वां ओवर डाला जिसमें चार ही रन बने। अब मुंबई को आखिरी ओवर में 12 रन चाहिये थे। लेग स्पिनर शोभना ने इसमें छह ही रन दिये। इससे पहले आरसीबी के लिये एलिसे पैरी ने 66 रन बनाये लेकिन बाकी बल्लेबाज नहीं चल सके और टीम छह विकेट पर 135 रन ही बना सकी। पैरी ने 50 गेंद में 66 रन बनाये लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिल सका। मुंबई के गेंदबाजों ने पावरप्ले के चार ओवरों के भीतर आरसीबी के तीन विकेट 24 रन पर गिरा दिये थे। मुंबई के लिये हेली मैथ्यूज ने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने सोफी डेवाइन को सबसे पहले पवेलियन भेजा। कप्तान स्मृति मंधाना (10) को नेट स्किवेर ब्रंट ने आउट किया जबकि दिशा कसात (0) ने बायें हाथ की स्पिनर साइका इशाक की गेंद पर पूजा वस्त्राकर को कैच थमाया। इशाक ने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिये। मैथ्यूज ने दूसरा विकेट रिचा घोष के रूप में लिया जिन्होंने एक छक्का लगाया लेकिन टिककर खेल नहीं सकी। पैरी ने कुछ अच्छे चौके और इशाक को स्ट्रेट में छक्का लगाया। इसके अलावा शबनम इस्माइल को शॉर्ट थर्डमैन पर चौका जड़ा। वह दूसरे छोर से विकेटों का गिरना देखती रही। आखिर में जॉर्जिया वेयरहैम ने 10 गेंद में नाबाद 18 रन बनाये। इशाक को आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर वह टीम को 130 रन के पार ले गई।

# दीपिका के पांच गोल, हरियाणा ने असम को 15-0 से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| पुणे

दीपिका के हैट्रिक समेत पांच गोल की मदद से हॉकी हरियाणा ने सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में असम को 15-0 से हराया। दीपिका (दूसरा, 40वां, 42वां, 49वां और 56वां मिनट) ने पहले मैच में हरियाणा की जीत की सूत्रधार की भूमिका निभाई। उन्होंने दो गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए जबकि तीन फील्ड गोल दागे।


शर्मिला देवी (दूसरा और 35वां मिनट), महिमा चौधरी (15वां और 47वां), उदिता (32वां और 36वां मिनट) ने दो दो गोल कि जबकि नेहा गोयल (आठवां), नवनीत कौर



(26वां), एकता कौशिक (44वां) और ज्योति (50वां) ने एक एक गोल किया। इस जीत से हॉकी हरियाणा तीन अंक लेकर पूल में शीर्ष पर है। पुडुच्चेरी हॉकी पूल में तीसरी टीम है।

# स्टार खिलाड़ी अवार्ड समारोह में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** महान खिलाड़ी जैसे माइकल जॉनसन, मार्टिना नवरातिलोवा, रूड गुलिट और नादिया कोमनेसी 22 अप्रैल को मैड्रिड में होने वाले लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स पुरस्कार समारोह में शिरकत करेंगे। इस पुरस्कार कार्यक्रम में कम से कम 15 ओलंपिक और पैरालंपिक एथलीट हिस्सा लेंगे। उनके साथ बड़े खेलों के विश्व चैम्पियन भी उपस्थिति होंगे जिसमें विश्व कप विजेता और विश्व रिकॉर्डधारी खिलाड़ी शामिल होंगे। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के सदस्य पुरस्कार के विजेताओं का चयन करेंगे।



# सात्विक-चिराग की जोड़ी आल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी गुरुवार रात यहां आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरुष युगल प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गयी।

भारतीय जोड़ी को प्री क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागास मौलाना की जोड़ी से 16-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशियाई जोड़ी यहां 2022 में चैंपियन रही थी। शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन खिताब जीता था लेकिन यहां तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के दबाव से नहीं निपट सकी और एक घंटे से ज्यादा समय तक चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी महिला युगल के राउंड 16 से बाहर हो गई। उन्हें चीन की झांग शु जियान और जेंग यु से 21-11, 11-21, 11-21 से पराजय झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन पर 24-22, 11-21, 21-14 की जीत से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में जुरेल ने विकेट के पीछे दिखाई चतुराई

# धोनी से तुलना पर बोले ध्रुव, 'एमएसडी' सिर्फ एक ही हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की तुलना भले ही महेंद्र सिंह धोनी से की जा रही हो लेकिन उन्होंने शुक्रवार को कहा कि कोई भी पूर्व भारतीय कप्तान की बराबरी नहीं कर सकता और वह अपना ध्यान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी जगह बनाने पर लगाएंगे।

हाल में इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई ही श्रृंखला में टेस्ट पदार्पण करने वाले जुरेल ने विकेट के पीछे चतुराई दिखाई, बल्ले से भी दमदार प्रदर्शन किया तथा कप्तान रोहित शर्मा को डीआरएस संबंधित फैसले लेने में मदद की। जुरेल के इस प्रदर्शन को देखकर महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने उनकी तुलना धोनी से कर दी लेकिन 23 साल के इस खिलाड़ी को ऐसा नहीं लगता। उन्होंने कहा, 'मेरी तुलना धोनी सर से करने के लिए शुक्रिया गावस्कर सर। लेकिन मैं व्यक्तिगत रूप से कहना चाहूंगा कि धोनी सर ने जो किया है, वैसा कोई भी नहीं कर सकता।

धोनी सिर्फ एक ही है। हमेशा थे और हमेशा रहेंगे। मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं। जो भी मैं करूं, मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं। लेकिन धोनी सर एक महान क्रिकेटर हैं और वह हमेशा ही महान क्रिकेटर रहेंगे।'



### माही भाई से सीखने को बेकरार हूं : शार्दुल

**मुंबई।** भारत के आल राउंडर शार्दुल ठाकुर हाल में मुंबई के साथ रणजी ट्राफी खिताब जीतने के बाद आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद लगाए हैं क्योंकि पिछला चरण उनके लिए इतना अच्छा नहीं रहा था। शार्दुल 2018 से 2021 तक सीएसके टीम का हिस्सा रहे थे जिसके बाद 2022 में वह दिल्ली कैपिटल्स और 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेले थे। इस सत्र में वह फिर सीएसके में वापसी करेंगे जिसके लिए उन्हें चार करोड़ रुपए में खरीदा गया।



# ऋषभ अच्छी बल्लेबाजी कर रहा इससे टीम का मनोबल भी बढ़ा

एजेंसी ▶▶| विशाखापट्टनम

दिल्ली कैपिटल्स टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र से पहले अभ्यास सत्र के बाद कहा कि ऋषभ पंत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है जिससे टीम का मनोबल भी बढ़ रहा है। दिसंबर 2022 में अपने घर रूड़की जाते समय भयावह कार दुर्घटना के बाद पंत 14 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।

अब उन्हें बतौर बल्लेबाज और विकेटकीपर खेलने के लिये बीसीसीआई से मंजूरी मिल गई है। पोंटिंग ने कहा, 'हमें पिछले साल उसकी कमी खली। पूरे टूर्नामेंट को उसकी कमी खली। ऋषभ टीम में इतनी ऊर्जा लेकर आता है। उसके चेहरे पर मुस्कान है और वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है जिससे पूरी टीम का मनोबल बढ़ा है।' उन्होंने स्वीकार किया कि आईपीएल में दिल्ली के पहले मैच में भले ही आठ दिन बाकी रह गए हैं लेकिन टीम ने अभी लय नहीं पकड़ी है। उन्होंने कहा, 'हमने अभी शुरुआत ही की है। हम तुरंत ही सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं आ जाएंगे। अभी पहले मैच के बारे में नहीं सोच रहे हैं।'



# जोधपुर में तैनात पहला अपाचे लड़ाकू स्क्वाड्रन



जोधपुर। भारतीय सेना की ताकत में इजाफा होने वाला है। आर्मी एविएशन कोर ने 25 नए एएलएच हेलिकॉप्टरों के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया। शुक्रवार को आर्मी एविएशन कोर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अजय सूरी और उपकरण निर्माता के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में जोधपुर में अपना पहला अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर स्क्वाड्रन स्थापित किया गया। यह स्क्वाड्रन पश्चिमी रेगिस्तानी क्षेत्र में अपनी लड़ाकू क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा। बता दें कि बोइंग के 6 अपाचे राजस्थान में तैनात होने वाले हैं।



- हेलिकॉप्टर एंटी टैंक एजीएम 114 हेलफायर और स्टिंगर मिसाइलों से लैस
- बोइंग ने 2020 में अपाचे हेलिकॉप्टर एएच-64ई भारत को सौंपा था
- स्क्वाड्रन के पहले हेलिकॉप्टर मई में अमेरिका से आएंगे
- भारतीय सेना की बढ़ी ताकत, 25 ध्रुव हेलिकॉप्टर खरीद को मंजूरी

**दुश्मनों की उड़ेगी नींद**

बोइंग ने 2020 में भारत वायुसेना को अपाचे हेलिकॉप्टर एएच-64ई को डिलीवरी की थी। यह दुनिया का सबसे उन्नत लड़ाकू विमान है। यह एक नाइट विजन एयरक्राफ्ट है। इसमें अत्याधुनिक मिसाइलें तैनात हैं। यह एक मिनट के भीतर 138 लक्ष्यों को भेद सकती है। अपाचे हेलिकॉप्टर 280 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। हेलिकॉप्टर एंटी टैंक एजीएम 114 हेलफायर और स्टिंगर मिसाइलों से लैस होगा। हेलफायर मिसाइलें बख्तरबंद वाहनों, टैंक्स और भारी गाड़ियों को पल भर में तबाह कर सकती हैं।

# भारत को जल्द मिलेगा प्रीडेटर ड्रोन

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत हो रहे हैं। बाइडेन प्रशासन ने रक्षा मंत्रालय को जनरल एटॉमिक्स से 31 एमक्यू9बी प्रीडेटर ड्रोन के अधिग्रहण के लिए 11 मार्च को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय को करीब 4 अरब डॉलर का अंतिम स्वीकृति पत्र भेजा है। ये प्रीडेटर ड्रोन भारत की सैन्य ताकत में इजाफा करेंगे। जिससे भारत अपनी सीमाओं की पहले से ज्यादा निगरानी कर पाएगा और अपने समुद्री इलाकों पर भी पैनी नजर रखेगा। बता दें कि सशस्त्र बलों के बीच समझौते के मुताबिक, भारतीय नौसेना को 16 एमक्यू 9बी ड्रोन मिलेंगे। जबकि भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना को 8-8 ड्रोन दिए जाएंगे।



- अमेरिका से मिला प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिए पत्र
- 11 मार्च को भेजा गया एलओयू

## अमेरिका की चिंताओं पर भारत के विदेश मंत्री जयशंकर का दो टूक जवाब

# सीएए हमारा आंतरिक मसला, हम आपके लेक्चर की परवाह नहीं करते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*नागरिकता संशोधन कानून को लेकर अमेरिका की ओर से चिंता जताए जाने पर भारत ने ऐतराज जताया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि यह भारत का आंतरिक मामला है। उसे इसमें दखल नहीं देना चाहिए।*

नागरिकता संशोधन कानून को लेकर अमेरिका की ओर से चिंता जताए जाने पर भारत ने ऐतराज जताया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि यह भारत का आंतरिक मामला है। इसमें अमेरिका की टिप्पणी अवांछित और गैरजरूरी है।

इसके अलावा उसके पास नागरिकता संशोधन कानून को लेकर गलत जानकारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ऐक्ट के नोटिफिकेशन पर अमेरिका की चिंताओं पर हम सख्त ऐतराज जताते हैं। यह हमारा आंतरिक मसला है और अमेरिका को इस पर टिप्पणी करने से बचना चाहिए।

1. भारत की बहुलतावादी संस्कृति के बारे में उनके पास सीमित जानकारी
2. भारत का संविधान सभी लोगों को देता है धार्मिकता से रहने की आजादी
3. अमेरिका की प्रतिक्रिया गलत जानकारी पर आधारित, हकीकत से दूर
4. देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए यह जरूरी चीज है, क्योंकि विदेशी घुसपैठ बढ़ रही



### अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने की थी यह टिप्पणी

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने टिप्पणी की थी कि हम सीएए पर नजर बनाए हुए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था कि भारत में 11 मार्च को नागरिकता संशोधन कानून का नोटिफिकेशन जारी हुआ है। हम इस बात पर करीबी नजर बनाए हैं कि कैसे इस ऐक्ट को लागू किया जाता है। हम यह देख रहे हैं कि कैसे इसके तहत सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है और उन्हें समानता प्रदान की जाती है। देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए यह जरूरी चीज है। वहीं अब भारत ने कहा कि हम उन लोगों के लेक्चर की कोई परवाह नहीं करते, जिन्हें भारत की बहुलतावादी संस्कृति के बारे में सीमित जानकारी है।

### ये नागरिकता देने का कानून है, कोई छीनने का नहीं

विदेश मंत्रालय ने कहा कि सीएए देश का आतंरिक मामला है और इसे भारत की परंपरा और मानव अधिकारों को ध्यान में रखकर ही लागू किया गया है। इस कानून के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदू, सिख, बौध, पारसी, इसाई समुदाय को सुरक्षित स्थान देने की है। ये नागरिकता देने का कानून है, कोई छीनने का नहीं। इस कदम को वोट बैंक की राजनीति से नहीं देखा जाना चाहिए। बता दें कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 (सीएए) 11 दिसंबर, 2019 को संसद में पारित किया गया था। इसमें मुसलमानों को शामिल नहीं किया गया है और यही विवाद की वजह भी है।

### इससे मानवाधिकारों की रक्षा होगी और गरिमा भी बढ़ेगी

विदेश मंत्रालय ने अमेरिका को दो टूक जवाब देते हुए कई तथ्यों का भी जिक्र किया। मंत्रालय ने कहा कि इस ऐक्ट से अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में धर्म के आधार पर उत्पीड़न झेलने वाले अल्पसंख्यक हिंदू, सिख, जैन , बौद्ध, ईसाई और पारसी लोगों को शरण दी जाएगी। इससे उन लोगों को नागरिकता मिलेगी, जो दिसंबर 2014 से पहले भारत आए थे। यह कानून नागरिकता देने के लिए आया है, लेकिन के लिए नहीं है। इसका ध्यान रखना चाहिए। यह कानून उन लोगों को एक देश की नागरिकता देता है, जो फिलहाल किसी देश के नहीं हैं। इससे उनके मानवाधिकारों की रक्षा होगी और गरिमा भी बढ़ेगी।

### अल्पसंख्यक के साथ उत्पीड़न का कोई आधार ही नहीं

जायसवाल ने कहा कि भारत का संविधान सभी वर्गों को धर्म की आजादी देता है। यहां किसी अल्पसंख्यक के साथ उत्पीड़न का कोई आधार ही नहीं है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के लिए यदि कोई कानून बना है तो उस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। इस मामले में उन लोगों का लेक्चर ठीक नहीं है, जिन्हें भारत की संस्कृति और विभाजन के बाद या पहले के इतिहास के बारे में जानकारी नहीं है। इस मामले में भारत के साझीदारों और समर्थकों को हमारा साथ देना चाहिए। इस कानून की भावना को समझना चाहिए।

## शाह ने किया सीसीएमएस का उद्घाटन

# आतंकवाद-संगठित अपराध पर लगाम लगाएगा सीसीएमएस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा डिजाइन की गई एक अद्वितीय डिजिटल आपराधिक मामला प्रबंधन प्रणाली (सीसीएमएस) का उद्घाटन किया। गृह मंत्री शाह ने जम्मू और कोच्चि में एनआईए के 2 नए शाखा कार्यालयों और रायपुर में एक आवासीय परिसर का भी उद्घाटन किया।

शाह ने एक मोबाइल एप 'संकलन' भी लॉन्च किया, जो राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा नए आपराधिक कानूनों का एक संग्रह है। इससे एनआईए कर्मियों को आतंकवाद और संगठित अपराध मामलों में बेहतर कॉर्डिनेटर करने में सक्षम बनाएगी, जिससे न्याय वितरण में सुधार होगा। रायपुर के अलावा जम्मू और कोच्चि में दो नए कार्यालय परिसर एजेंसी की पहुंच और उपस्थिति को मजबूत करेंगे।



### आपराधिक कानूनों को करेगा नेविगेट

तीन परिवर्तनकारी नए आपराधिक कानूनों को नेविगेट करने के लिए, एनसीआरबी ने पुराने और नए कानूनों के बीच एक सेतु के रूप में डिजाइन किए गए 'संकलन' ऐप को तैयार किया है। यह ऐप एक कॉम्प्रिहेन्सिव गाइड के रूप में कार्य करेगा। विविध प्रकार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संकलन ऐप को ऑफ़लाइन मोड में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी उपलब्धता सुदूर इलाकों में भी सुनिश्चित की गई है।

महिलाओं की मुश्किल
जटिल समस्याओं
का स्थायी समाधान
7710644444

## ब्रिटेन में अब कट्टरपंथियों की खैर नहीं यूएपीए जैसा कानून लाया



**लंदन।** ऋषि सुनक की सरकार ने बड़ा ऐलान करते हुए चरमपंथ पर नकेल कसने यूएपीए जैसा कठोर कानून बनाने का इरादा किया है। ब्रिटेन में चरमपंथ को अब हिंसा, घृणा या असहिष्णुता पर आधारित एक विचारधारा के प्रचार या इसे बढ़ावा देने के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसका उद्देश्य दूसरों के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता को नकारना या ब्रिटेन की उदार संसदीय लोकतंत्र और लोकतांत्रिक अधिकारों की प्रणाली को कमजोर करना, पलटना या प्रतिस्थापित करना हो। ब्रिटेन द्वारा जारी की गई कट्टरपंथ की यह परिभाषा कुछ हद तक भारत के गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम यानी यूएपीए कानून के जैसी ही।

ब्रिटेन की सुनक की सरकार ने अपराध को रोकने किया बड़ा ऐलान

## भूटान के प्रधानमंत्री तोबगे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

# भारत-भूटान के बीच सभी स्तरों पर आपसी विश्वास का अनूठा संबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भूटान के पीएम का भारत में स्वागत करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस तथ्य की सराहना कि उन्होंने पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के रूप में भारत को चुना है।

उन्होंने कहा कि भारत और भूटान के बीच सभी स्तरों पर आपसी विश्वास, सद्भावना और समझ पर आधारित घनिष्ठ और अनूठा संबंध हैं। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म की साझा आध्यात्मिक विरासत दोनों देशों को जोड़ती है। भारत भूटान के साथ ऊर्जा, विकास साझेदारी, लोगों के बीच संबंध, व्यापार और निवेश संबंधों जैसे क्षेत्रों में फैली साझेदारी को बहुत महत्व देता है।



### भूटान एक विश्वसनीय मित्र और साझीदार

राष्ट्रपति ने कहा कि भूटान एक विश्वसनीय मित्र और साझीदार के रूप में भारत पर भरोसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि भूटान के लोगों की सामाजिक-आर्थिक खुशहाली और समृद्धि को बढ़ाने की दिशा में विकास संबंधी सहयोग के क्षेत्र में भूटान के साथ साझेदारी करके भारत को गर्व है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि भारत की विकास साझेदारी भूटान की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं, खासकर युवाओं की आकांक्षाओं से प्रेरित रहेगी।

### तोबगे के निमंत्रण पर मोदी जाएंगे भूटान

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे से भेंट की। दोनों नेताओं ने बुनियादी ढांचे के विकास, संपर्क, ऊर्जा, जलविद्युत सहयोग, लोगों के बीच आदान-प्रदान और विकास सहयोग सहित द्विपक्षीय साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने भारत-भूटान की विशिष्ट और अद्वितीय मित्रता को और मजबूत बनाने की अपनी*



*प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की। भूटान के प्रधानमंत्री ने भूटान की विकासात्मक प्राथमिकताओं में एक विश्वसनीय, महत्वपूर्ण और भरोसेमंद भागीदार के रूप में भारत की असाधारण भूमिका की सराहना की। भूटान नरेश की ओर से प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने प्रधानमंत्री मोदी को अगले सप्ताह भूटान आने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है।*

Dr. Juneja's पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
Divisa
कब्ज़ जैसे गंभीर रोग का आसान उपाय
16 खास जड़ी-बूटियों से बना पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स
super effective
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
NO. 1 BRAND
- कब्ज, गैस, एसिडिटी के लिए सर्वोत्तम आयुर्वेदिक औषधि
- स्वाद में अच्छा और मुंह में चिपकता भी नहीं
- पहली रात से असर दिखाए
- इसकी आदत भी नहीं पड़ती



पेट सफा... तो हर रोग दफा
www.petsaffa.com
24x7 Helpline: 91197 88888
Available at all medical & general stores

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109